जबलपुर रविवार 30 अगस्त 2026 > शक संवत 1948, भाद्रपद कृष्ण पक्ष, द्वितीया
वर्ष 32 अंक 62 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96
www.swatantramat.com
स्वतंत्र मत



अब हर रोज दर्पण ⏩ 3

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

मौसम
अधिकतम तापमान 29.2°C
न्यूनतम तापमान 23.4°C
सूर्योदय - 5.52 | सूर्यास्त - 6.30



विश्व हिन्दू परिषद की नवीन कार्यकारिणी घोषित ... ⏩ 5



डॉ. शिवराजकुमार का 'ओरिजिनल.. ⏩ 7



पीडीएस दुकानों की अनियमितता पर कार्रवाई जारी.. ⏩ 9

# छपने से पहले विवाद में सोनिया की आत्मकथा

## कांग्रेस ने बीजेपी पर पब्लिशर पर दबाव बनाने का लगाया आरोप

नई दिल्ली


कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की आने वाली किताब बिलॉन्गिग ए जर्नी ऑफ लव को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। इस विवाद की शुरुआत पब्लिशर पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के किताब को भारत में पब्लिश नहीं करने के इनकार के बाद हुई। इसके बाद कांग्रेस ने बीजेपी पर पब्लिशर पर दबाव बनाने का आरोप लगाया, जिस पर बीजेपी ने कांग्रेस पर तीखा पलटवार किया है।

### किताब छापने से पब्लिशर का इनकार

यह पूरा विवाद तब सामने आया जब पेंगुइन की अमेरिकी शाखा अल्फ्रेड ए नॉफ ने घोषणा की कि सोनिया गांधी ने यह किताब 10 नवंबर को दुनिया भर में रिलीज होगी। हालांकि, पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने बयान जारी कर कहा कि वह भारत में इसे छापने के लिए उत्सुक था, लेकिन किताबों में दिए गए तथ्यों की जांच करना प्रकाशक का अधिकार और जिम्मेदारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पब्लिशर किताब के कुछ हिस्सों में बदलाव या संपादन चाहता था, जिससे सोनिया गांधी ने साफ इनकार कर दिया। इसके बाद पेंगुइन इंडिया ने इसे भारत में छापने से मना कर दिया।

### किताब के इन हिस्सों पर फंसा पेच

एक रिपोर्ट के अनुसार, पब्लिशर और सोनिया गांधी के बीच मुख्य रूप से तीन विषयों को लेकर सहमित नहीं बन पाई। सोनिया गांधी की किताब में भारतीय क्षेत्र में चीन की कथित घुसपैठ और सीमा के मौजूदा हालात का प्रमुखता से जिक्र किया गया है।




किताब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली, नेतृत्व और केंद्र सरकार की कई अहम नीतियों पर सोनिया गांधी के सवाल शामिल हैं। वहीं किताब में राष्ट्रीय मामलों और भारत के सामाजिक ताने-बाने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के असर को लेकर सोनिया गांधी के निजी विचार लिखे गए हैं। जब पब्लिशर ने इन हिस्सों में बदलाव का सुझाव दिया, तो सोनिया गांधी ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि यह उनके अपने अनुभव और नजरिए हैं, जिनमें कोई समझौता नहीं हो सकता।

### अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला

लोकसभा में कांग्रेस के उप-नेता गौरव गोगोई ने पेंगुइन इंडिया के बयान को कमजोर बताया और कहा कि पब्लिशर बीजेपी सरकार के दबाव में हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि पेंगुइन को एग्जाम वॉरियर्स और आरएसएस पर किताबें छापने में कोई दिक्कत नहीं होती, लेकिन बीजेपी सरकार इस बात से डर गई है कि लोग सच्चाई पढ़ लेंगे। वहीं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सावल उठाया कि जब यही किताब पूरी दुनिया में पेंगुइन की अंतरराष्ट्रीय शाखा द्वारा अपने मूल रूप से छापी जा रही है, तो भारत में इसे छापने से क्यों रोका जा रहा है।

### बीजेपी ने किया पलटवार

बीजेपी ने कांग्रेस के सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता डर का झूठा माहौल बना रहे हैं। बीजेपी प्रवक्ता सीआर केसवन ने कहा कि यह समझना जरूरी है कि किताब के किन हिस्सों की फैक्ट-चेकिंग की जरूरत थी और कांग्रेस सच्चाई से क्यों भाग रही है। वहीं, बीजेपी नेता अजय आलोक ने कहा कि पब्लिशर का काम विश्वसनीयता बनाए रखना और तथ्यों की पुष्टि करना है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, यह शर्म की बात है कि किताब लिखते समय भी तथ्य और आंकड़े नहीं दिए जा रहे हैं। इसीलिए प्रकाशन इसे छापने से पीछे हट रहे हैं।

### महाकालेश्वर मंदिर में श्रावण माह में 1.57 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**उज्जैन (वार्ता)।** मध्यप्रदेश की प्राचीन नगरी उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रावण माह के दौरान एक करोड़ 57 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल के दर्शन किए। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, श्रावण माह में श्री महाकालेश्वर मंदिर में एक करोड़ 13 लाख 25 हजार 210 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। वहीं, विभिन्न सवारियों तथा वर्ष में केवल एक दिन नाग पंचमी के अवसर पर खुलने वाले श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर में लगभग 43 लाख 75 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस प्रकार श्रावण माह में दोनों मंदिरों में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की कुल संख्या एक करोड़ 57 लाख 210 रही। मंदिर प्रबंधन द्वारा श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सात्विक भोजन उपलब्ध कराया गया। वहीं, बाबा महाकाल को जल अर्पित करने के लिए श्रावण माह में पांच लाख से अधिक कावड़ यात्री उज्जैन पहुंचे।

### आईजीएल ने सीएनजी के दाम 3.89 रुपये बढ़ाये

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** दिल्ली और आसपास के शहरों में सीएनजी की आपूर्ति करने वाली सिटी गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने शनिवार से इसके दाम 3.89 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ा दिये हैं। आईजीएल की वेबसाइट के अनुसार, आज से दिल्ली में सीएनजी 86.98 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। पहले इसकी कीमत 83.09 रुपये थी। इससे पहले आखिरी बार सीएनजी की कीमत इस साल 26 मई को दो रुपये बढ़ाई गयी थी। मई में चार बार में सीएनजी की कीमत छह रुपये बढ़ी थी। दिल्ली से सटे नोएडा और गाजियाबाद में एक किलोग्राम सीएनजी आज से 95.59 रुपये का हो गया है। गुरुग्राम में इसकी कीमत अब 92.01 रुपये हो गयी है। अब मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में सीएनजी 95.47 रुपये प्रति किग्रा, रेवाड़ी में 91.59 रुपये, करनाल में 91.32 रुपये, कैथल में 32.32 रुपये तथा कानपुर, हमीरपुर और फतेहपुर में 98.31 रुपये प्रति किग्रा के भाव मिलेगी।

# जमीन पर बैठे मुख्यमंत्री सुना बैगा परिवारों का दर्द

## नक्सल प्रभावित रहे 100 गांवों के समग्र विकास के लिए 225 करोड़ की घोषणा

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

कभी नक्सल गतिविधियों के कारण सुर्खियों में रहने वाला बालाघाट का बोंदारी गांव शनिवार को एक अलग तस्वीर का गवाह बना। गांव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहुंचे तो माहौल में उत्सुकता के साथ उम्मीद भी थी। मुख्यमंत्री ने औपचारिक मंच की दूरी छोड़कर ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठकर उनसे बातचीत की। बैगा परिवारों ने अपने घर, रोजगार, बच्चों की पढ़ाई, इलाज और रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी समस्याएं उनके सामने रखीं। मुख्यमंत्री ने भी उनकी बातें ध्यान से सुनीं और अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बालाघाट जिले के 100 गांवों के समग्र विकास के लिए 225 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। बोंदारी के युवाओं के लिए मुख्यमंत्री का संदेश साफ था कि उन्हें रोजगार की तलाश में गांव छोड़ने के लिए मजबूर न होना पड़े। एमएसएमई, ग्रामोद्योग और स्थानीय उद्योगों के माध्यम से क्षेत्र में ही रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने की बात कही गई।



### पहली बार गांव की चौपाल पर पहुंचे मुख्यमंत्री

बोंदारी और कोरका ऐसे गांव हैं, जो लंबे समय तक नक्सल गतिविधियों के प्रभाव में रहे हैं। इतिहास में पहली बार किसी मुख्यमंत्री के इन गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से सीधे संवाद करने को स्थानीय लोग बड़ी घटना के रूप में देख रहे हैं। मुख्यमंत्री के सामने ग्रामीणों ने केवल बड़ी योजनाओं की बात नहीं की, बल्कि घर, पानी, इलाज, शिक्षा और रोजगार जैसी अपनी छोटी-बड़ी जरूरतें भी रखीं। जिले के बैगा बहुल और बीमारी प्रभावित क्षेत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बिरसा विकासखंड के बोंदारी और कोरका गांवों में ग्रामीणों से मुलाकात कर स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, आवास और बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली।

### नक्सल की पहचान से विकास की पहचान तक

मुख्यमंत्री ने कहा कि बालाघाट अब नक्सलवाद के प्रभाव से बाहर निकलकर विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहा है। सरकार का लक्ष्य अब 'सुरक्षित बालाघाट' को 'समृद्ध बालाघाट' बनाना है। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। यह बदलाव उन परिवारों के लिए खास मायने रखता है, जिन्होंने वर्षों तक असुरक्षा और पिछड़ेपन के बीच जीवन बिताया है। अब उनकी उम्मीद है कि गांव में विकास पहुंचेगा तो बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी और युवाओं को अपने ही क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

### बैगा समाज के लिए सम्मान और अवसर का भरोसा

मुख्यमंत्री ने बैगा समाज के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेयजल, सड़क, बिजली और सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं का लाभ बैगा परिवारों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। बैगा समाज की पारंपरिक कला, संस्कृति, ज्ञान और स्थानीय उत्पादों को भी आजीविका से जोड़ने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बैगा बच्चों का भविष्य बेहतर हो, युवाओं को रोजगार मिले और महिलाओं की आय बढ़ेकृइसके लिए सरकार संवेदनशीलता के साथ काम करेगी।

### बच्चों की मौत के आंकड़ों पर सियासत....

बैगा अंचल में पिछले ढाई महीने से बीमारी का प्रकोप बना हुआ है। बच्चों की मौत को लेकर सरकार और विपक्ष के आंकड़ों में अंतर है। कांग्रेस करीब 25 बच्चों की मौत का दावा कर रही है, जबकि स्वास्थ्य विभाग ने अब तक 10 मौतों की पुष्टि की है। बीमारी के बीच बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं और कई बच्चे उपचाररत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र लंबे समय तक नक्सल प्रभावित रहा, जिसके कारण विकास और मूलभूत सुविधाओं की पहुंच प्रभावित हुई। अब सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और अधोसंरचना के क्षेत्र में प्राथमिकता से काम करेगी।

## छात्र हिंसा के बजाय संवैधानिक माध्यमों से लाएं बदलाव : राजनाथ

**नई दिल्ली (वार्ता)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने छात्रों से बाबा साहेब अंबेडकर के शिक्षित करो, आंदोलन करो और संगठित हो के मंत्र का उल्लेख करते हुए हिंसा के बजाय संवैधानिक तथा लोकतांत्रिक माध्यमों से अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने तथा सामाजिक और आर्थिक बदलाव को आगे बढ़ाने का आह्वान किया है। श्री सिंह ने शनिवार को लखनऊ स्थित बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कहा कि जब लोकतांत्रिक रास्ते उपलब्ध हों, तब अंबेडकर ने हिंसा, अराजकता और असंवैधानिक तरीकों के खिलाफ चेतावनी दी थी और इन्हें अराजकता का व्याकरण बताया था। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों के आधार पर युवा मस्तिष्क को तैयार करना चाहिए, जबकि शिक्षा में ज्ञान, व्यावहारिक कौशल, समस्या-समाधान की क्षमता, मूल्यों और सामाजिक संवेदनशीलता का समावेश होना चाहिए। युवाओं से रोजगार सृजक, समस्या-समाधानकर्ता और बदलाव के उत्प्रेरक बनने का आह्वान करते हुए श्री सिंह ने तेजी से हो रहे तकनीकी बदलावों के बीच निरंतर सीखने और समय के अनुरूप ढलने पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में टीम इंडिया के हिस्से के रूप में काम करने का आग्रह किया और कहा कि दृढ़ संकल्प, लचीलापन और कड़ी मेहनत चुनौतियों को अवसरों में बदल सकती है। रक्षा मंत्री ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में पिछले एक दशक में सरकार के प्रयासों को रेखांकित किया, जिनमें सेमीकंडक्टर विनिर्माण, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, स्टार्ट-अप और विनिर्माण क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रगति का भी उल्लेख किया, जिसमें मानव अंतरिक्ष उड़ान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की योजनाएं तथा निजी अंतरिक्ष स्टार्ट-अप की बढ़ती भूमिका शामिल है। शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र का जिक्र करते हुए श्री सिंह ने कहा कि अनुसंधान एवं विकास पर खर्च दोगुना हुआ है, 34 वर्षों के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति लायी गई है और भारत वैश्विक नवाचार सूचकांक में ऊपर आया है तथा दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र बन गया है। उन्होंने भारत की संस्कृति, सभ्यता और विरासत को संरक्षित करने के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि विकसित भारत तथा आत्मनिर्भर भारत की यात्रा को केवल आर्थिक विकास से नहीं मापा जा सकता। उन्होंने कहा कि अपनी सभ्यता, संस्कृति और क्षमता में भारत का बढ़ता विश्वास मेक इन इंडिया की सफलता के पीछे है।



## ताशकंद पहुंचे पीएम मोदी

**ताशकंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद पहुंचे। एयरपोर्ट पर उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों नेताओं की मुलाकात को भारत और उज्बेकिस्तान के बीच बढ़ते रणनीतिक संबंधों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। बैठक में दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश, रक्षा, ऊर्जा, डिजिटल कनेक्टिविटी, शिक्षा और लोगों के बीच संपर्क जैसे प्रमुख मुद्दों पर बातचीत होगी। दोनों नेता मौजूदा सहयोग की प्रगति की समीक्षा करने के साथ भविष्य की प्राथमिकताओं पर भी चर्चा करेंगे।



## नेपाल बाढ़ में अब तक 676 मौतें, 2,426 लोग लापता

**काठमांडू (वार्ता)।** नेपाल के भोटेकोशी में बुधवार को आयी विनाशकारी बाढ़ और उसके बाद निचले इलाकों में भारी तबाही से मरने वालों की संख्या बढ़कर 676 हो गयी है, जबकि 2,426 लोग अब भी लापता हैं। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) नवीनतम जानकारी के अनुसार, अब तक 4,451 लोगों को बचाया गया है और 101 घायलों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है। लापता लोगों में नेपाल पुलिस के 27 जवान भी शामिल हैं। बचाव, खोज और राहत कार्यों के लिए कुल 15,224 सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस ने 676 शव बरामद किये । प्रभावित जिलों में खोज एवं बचाव अभियान लगातार जारी है। पुलिस स्थानीय लोगों और अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय कर लापता लोगों का पता लगाने तथा बाढ़ में फंसे लोगों को सहायता पहुंचाने में जुटी है। प्रशासन बाढ़ के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों में रह रहे परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहा है।



## एमपी-यूपी सीमा पर भारी बारिश से बिगड़े हालात

**चित्रकूट/सतना।** मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। नदी-नाले उफान पर हैं और कई गांवों एवं कस्बों का संपर्क मुख्य मार्गों से प्रभावित हुआ है। चित्रकूट में स्थिति सबसे गंभीर बनी हुई है, जहां मंदाकिनी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के बाद रामघाट और आसपास के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी पहुंच गया। प्रशासन ने राहत और बचाव दलों को अलर्ट कर दिया है। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी ने विकराल रूप ले लिया है। जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण रामघाट क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बन गए। नदी करीब 30 फीट उफान पर होने की जानकारी सामने आई है। पानी तेजी से निचले इलाकों में पहुंचने से घाट और आसपास के क्षेत्र प्रभावित हुए। रामघाट का करीब 300 मीटर लंबा पुल भी तेज बहाव की चपेट में आने से बहने की सूचना है।



## खड़गे के शुद्धिकरण मामले में दोषियों पर एससी-एसटी कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज हो : राहुल

नई दिल्ली (वार्ता)

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उत्तराखंड में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यक्रम के बाद किये गए शुद्धिकरण मामले में दोषियों के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत जल्द से जल्द प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे का उत्तराखंड के हल्द्वानी में अपमान हुआ है और उन्हें हर हाल में न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके नेता का घोर अपमान हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष को तब ही न्याय मिलेगा जब उनके मंच का शुद्धिकरण करने वाले अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होगी और उन्हें सजा दी जाएगी। श्री गांधी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय इन्दिरा भवन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में दो विचारधाराओं के बीच लड़ाई चल रही है। इसमें एक संविधान की विचारधारा है और दूसरी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की विचारधारा है। उन्होंने कहा कि संविधान ने अस्पृश्यता को अपराध घोषित किया गया है लेकिन आज भी दलितों के साथ भेदभाव और अत्याचार की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों में दलित बच्चों से शौचालय साफ कराया जाता है, कुएं से पानी लेने से रोका जाता है और चाय की दुकानों पर उनके लिए अलग कप रखे जाते हैं। शादी विवाह जैसे खुशी के अवसर पर आज भी दलितों को घोड़ी पर बैठकर बारात में जाने पर उन्हें हेलमेट पहनकर जाना पड़ता है, क्योंकि उन पर हमले होते हैं। श्री गांधी ने कहा कि कोई दलित व्यक्ति जितना सफल होता है, उस पर उतना ही जोरदार हमला होता है। चाहे वह कारोबार, क्रिकेट या किसी अन्य क्षेत्र में सफल हो, उसके खिलाफ हमले किए जाते हैं।



### 20 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई

यह केवल श्री खड़गे का अपमान नहीं, बल्कि देश के हर दलित व्यक्ति का अपमान है। किसी दलित व्यक्ति के कार्यक्रम में जाने के बाद शुद्धिकरण करना छुआछूत का दूसरा नाम है और संविधान के मुताबिक यह अपराध है। उन्होंने कहा कि इस घटना को करीब 20 दिन हो गए हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। श्री गांधी ने कहा, हमारी मांग है कि जिन लोगों ने उत्तराखंड में शुद्धिकरण किया है, उनके खिलाफ जल्द से जल्द एफआईआर दर्ज की जाए। प्रधानमंत्री कहते हैं कि वह दलितों का सम्मान करते हैं, इसलिए उन्हें अपनी पार्टी और सरकार से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए।

### सरकार ले एक्शन, नहीं तो होगा रिएक्शन

उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग की है कि उत्तराखंड में शुद्धिकरण करने वालों के खिलाफ एससी-एसटी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया जाए। यह मामला भाजपा और आरएसएस की मानसिकता को दर्शाता है और सरकार का दायित्व है कि श्री खड़गे को न्याय मिले। कांग्रेस नेता ने कहा हमारी मांग है कि इस मामले में सरकार तत्काल कोई एक्शन ले और यदि नहीं लेती है तो इस पर रिएक्शन स्वाभाविक है।

# बहनों ने कलाई में बांधी प्यार और स्नेह की डोर, भाईयों ने लिया सुरक्षा का संकल्प





## हर्षोल्लास के साथ जिले में मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

भाई बहनो के अटूट पर्व रक्षाबंधन को जिले में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। उल्लेखनीय है कि यह पर्व श्रावण मास पूर्णिमा तिथि के दिन मनाया जाता है। इस दिन बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा का सूत बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की वही भाइयों ने बहनों को उनकी सुरक्षा का भरोसा दिलाकर रक्षा का वचन दिया। बहनों ने अपने घरों में भाइयों की कलाई में राखी बांधकर पूजन अर्चन आरती ऊतारकर मिठाई खिलाकर उनकी लंबी आयु की कामना की।

### दिनभर चला बारिश का दौर

रक्षाबंधन पर्व के दिन सुबह से लेकर रात तक बारिश का दौर चलता रहा। इस मौके पर दूर-दूर से बहने रिमझिम बारिश की फुहार के बीच अपने भाइयों के घरों में पहुंची । सभी घरों में खुशी का माहौल देखने को मिला वहीं छोटे बच्चों की खुशी का नजारा देखते ही बन रहा था।

## कजलियों से सजे आंगन, भगवान को अर्पित कर लिया आशीर्वाद

सिहोरा (स्वतंत्र मत)।



रक्षाबंधन के दूसरे दिन शनिवार को प्रकृति, खुशहाली और नई फसल से जुड़ा सदियों पुराना कजलियों का पर्व सिहोरा सहित ग्रामीण अंचल में उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में महिलाएं कजलियों की पूजा और उन्हें लेकर नदी-तालाब तक पहुंचने की तैयारियों में जुटी रहीं। परंपरा के अनुसार श्रावण मास की अष्टमी या नवमी तिथि पर बांस की टोकरी में मिट्टी या राख की परत बिछाकर जौ या गेहूं के दाने बोए जाते हैं। कुछ दिनों बाद इनमें निकले हरे-भरे अंकुरों को कजलियां कहा जाता है। पर्व पर महिलाएं इन्हें सिर पर रखकर नदी, तालाब या पोखर तक ले जाती हैं और पानी से मिट्टी अलग करती हैं। भगवान को अर्पित कर लिया आशीर्वाद कजलियां लेकर लोग अपने इष्टदेव और मंदिरों में पहुंचे और भगवान के चरणों में इन्हें अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद मोहल्ले, पड़ोस और गांव में एक-दूसरे को कजलियां भेंट कर मेल-मिलाप किया गया। बड़े-बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लेने की परंपरा भी निभाई गई। बुजुर्गों के अनुसार कजलियां नई फसल की उन्नति, हरियाली और खुशहाली का प्रतीक मानी जाती हैं।

# समय-समय पर हो सैम्पलों की जांच, ताकि शहरवासियों को मिल सके गुणवत्तापूर्ण जल

## लोक निर्माण मंत्री ने किया अस्पताल और जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शनिवार को केंट विधानसभा क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के अलग-अलग दलों ने क्षेत्र भ्रमण कर स्कूलों, आँगनवाड़ी केंद्रों स्वास्थ्य केंद्रों, राशन दुकानों और छात्रावासों जैसे शासकीय संस्थानों का निरीक्षण किया तथा नागरिकों से सीधे संवाद कर शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की मैदानी स्थिति जानी। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय एवं नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने अभियान में सहभागिता की।

### रांझी सिविल अस्पताल की देखी व्यवस्थाएं

मुख्यमंत्री जन विश्वास यात्रा के दौरान मंत्री राकेश सिंह ने रांझी स्थित सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान श्री सिंह ने अस्पताल के नवीन भवन के निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की।

इसके बाद लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने रांझी स्थित जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने जल शोधन की प्रक्रिया को देखा और संयंत्र में आने वाली शिकायतों तथा उनके निराकरण की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने जल की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल लिए जाने और उनकी जांच की प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। मंत्री श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल गुणवत्ता की जांच हेतु लिए जाने वाले सैंपलों की प्रक्रिया को व्यवस्थित और पारदर्शी रखा जाए। सैंपल की जांच समय-सीमा में सुनिश्चित करने के साथ ही इसकी नियमित निगरानी की जाए, ताकि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने क्षेत्र के नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं और स्थानीय आवश्यकताओं की जानकारी भी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

# निर्मला चर्च में नौ दिवसीय नवीन प्रार्थना का शुभारंभ



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** निर्मला चर्च, कांचघर में स्थापित वेलांकन्नी माता के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल में शनिवार को वार्षिक नौ दिवसीय नवीन प्रार्थना का शुभारंभ हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य योजक श्रद्धेय फा. जयप्रकाश तिर्की, प्रायर सैंट नॉरबर्ट एबी जमतरा, ने माता के आदर में ध्वज आरोहण एवं पवित्र धार्मिक अनुष्ठान कर, नौ दिवसीय भक्ति महोत्सव का शुभारंभ किया। 30 अगस्त से 7 सितंबर तक माता के आधार में नवीना प्रार्थना एवं धार्मिक अनुष्ठान किया जाएगा। 8 सितंबर को माता के जन्म उत्सव को श्रद्धालुओं द्वारा भव्य रूप से मनाया जाएगा। वेलांकन्नी माता के तीर्थ स्थल पर हजारों श्रद्धालु अपनी ज़रूरतें, समस्याएं एवं मन्नत को लेकर आते हैं एवं निसंदेह माता उनकी सारी मनोकामनाओं को पूरा करती है।

30 सितंबर रविवार को नौ दिवसीय नवीन प्रार्थना के प्रथम दिवस के मुख्य योजक फा. तांगचन जोश, पल्ली पुरोहित, डिवाइन मर्सी चर्च, गौर, जबलपुर रहेंगे, वे ईश्वर के बुलावे पर मरियम की हां विषय पर अपना उद्बोधन देंगे। पल्ली पुरोहित फा. फ्रांसिस जेवियर, पल्ली सचिव शैलेश जॉर्ज, क्लेमेंट पायस, फ्रांसिस मारियन ने माता के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आत्मिक लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# समरसता कजलियां महोत्सव के मेला में दिखी सनातन की शक्ति

## हनुमानताल में समरसता सेवा संगठन के संयोजन हुआ भव्य और दिव्य आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** समरसता सेवा संगठन के आयोजनों में सनातन की जो शक्ति नजर आती है, वो अद्भुत है। संहिष्णुता, एकता और भारतीयता के लिहाज से ये बहुत बड़ी सेवा और सफलता है। तदाशय के भाव-उद्गार संस्कारधानी में सामाजिक समरसता संगठन की संयोजना में देव सरोवर हनुमानताल में वृहद रूप से मनाए गए 'संस्कारधानी समरसता कजलियां महोत्सव' में उपस्थित संतवृंद ने व्यक्त किए। संतों ने कहा कि समरसता भारतीय संस्कृति की आत्मा है। समरसता के बगैर भारतीय समाज निष्प्राण है। समरसता सेवा संगठन ने समाज में समरसता के प्राण फूंक रहा है। कजलियां महोत्सव मेला के पारंपरिक स्थल हनुमानताल में आयोजित इस भव्य-दिव्य एवं गरिमामय समारोह को संतों-महंतों सहित प्रबुद्धजनों ने शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा भारत के केंद्र जबलपुर में रचे गये समरसता इतिहास के प्रकम्पन पूरे देश में फैलेंगे। कजलियां-होली जैसे समरसता में डूबे पर्वों को समरसता सेवा संगठन ने जिस तरह से पुर्नजीवित कर इनकी पवित्रता की सामाजिक याद दिलाई है, वो अद्भुत है, और इसके लिए समरसता सेवा संगठन की संयोजन टीम बधाई की पात्र है।

समरसता सेवा संगठन के संस्थापक एवं जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन 'गुड्डा', अध्यक्ष पवन पांडे, सचिव मनोज सेठ ने संतों के साथ कन्याओं का भी पूजन किया।



### बच्चों-महिलाओं की प्रतियोगिता

इस मौके पर निबंध, थाली सजाओ सहित अन्य प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। स्वागत उद्बोधन में अध्यक्ष पवन पांडे ने कहा कि इस रूप में जो कजलियां मिलन दिख रहा है, उसमें सर्व समाज और जाति के लोगों का सहयोग है। कजलियां महा महोत्सव में जगतगुरु नृसिंह पीठाधीश्वर डॉ. नरसिंहदेवाचार्य, स्वामी गिरीशानंदजी, महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, विधायक अभिलाषा पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, जेडीए उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों और महिलाओं के लिए प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जैन ने बताया कि 12 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए विषय आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिन बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया, वे आगामी चार दिनों में निबंध आंखो देखा हाल लिखेंगे और समरसता सेवा संगठन के कार्यालय में जमा कनाएंगे, चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# एमडी ने किया 132 केवी लखनादौन सबस्टेशन का निरीक्षण

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के उपक्रम मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के एम डी (प्रबंध संचालक) सुनील तिवारी ने सिवनी जिले के 132 केवी एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशन, लखनादौन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सबस्टेशन की वोल्टेज प्रोफाइल, विद्युत भार (लोड) की स्थिति तथा क्षेत्र की बढ़ती विद्युत आवश्यकता की समीक्षा की।समीक्षा के उपरांत



प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने लखनादौन सबस्टेशन में एक अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित करने के निर्देश दिए। इससे लखनादौन तहसील सहित आदिवासी बहुल क्षेत्रों धूमा, आदेगांव, छपारा, कहानी तथा धनोरा के हजारों घरेलू एवं कृषि विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा। निरीक्षण के दौरान प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने सबस्टेशन के आपरेशन एवं मेंटेनेंस व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया तथा आउटसोर्स कार्मिकों से संवाद कर उनकी कार्य परिस्थितियों और आवश्यकताओं की जानकारी ली।

## सीसीटीवी में चोरी करते कैद हुआ ऑटो चालक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मदनमहल थाने में शिखा शर्मा उम्र 52 वर्ष निवासी अम्बर विहार फैक्ट्री के सामने मदनमहल ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि उसने जेडीए काम्पलेक्स की दुकान यादव कॉलोनी में कंचन पटेल पति रवि पटेल से किराये से ली थी। जिसे कुबेर कैफे के नाम से संचालन करती है । दुकान का मासिक किराया 18 हजार रूपये था। रवि पटैल द्वारा उसकी दुकान का सामान एक चौपाटी स्टील टेबल सेट, एक महेरून कलर का फ्रिज, टीन शेड लगा हुआ था जिसे दुकान से बाहर निकालकर रख दिया था । उक्त सामान आटो का चालक चोरी करते ले जाते हुये सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# दानू बाबा की टोरिया में आज सजेगा विशाल इनामी दंगल

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** पहरेवा स्थित दानू बाबा की टोरिया में रविवार को देवनाथ अखाड़ा के तत्वावधान में विशाल इनामी दंगल का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दोपहर 2 बजे पूजन-अर्चन के साथ दंगल की शुरुआत होगी। इनामी दंगल में जबलपुर, कटनी, सिहोरा, मझौली, गोसलपुर, गांधीग्राम, ढीमरखेड़ा, पान उमरिया, स्लीमनाबाद और बहोरीबंद सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहलवान पहुंचेंगे। अखाड़े में पहलवान पारंपरिक भारतीय कुश्ती के दांव-पेंच दिखाते हुए एक-दूसरे को पछाड़ने का प्रयास करेंगे। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में भी उत्साह है। कुश्ती के मुकाबले देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। आयोजन समिति की ओर से दर्शकों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। समिति ने क्षेत्र के लोगों से दंगल में पहुंचकर पहलवानों का उत्साहवर्धन करने और पारंपरिक कुश्ती को बढ़ावा देने में सहयोग करने की अपील की है। दंगल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा।

# हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस



## 121वीं जयंती के अवसर पर एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी हुए विविध आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर ध्यानचंद की 121 जयंती को खेल दिवस के रूप में मनाया गया। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम, सचिव कार्यालय नितिन खत्री, सचिव खेल एमसी बालोदी, पूर्व खेल सचिव अनिल अलंग सहित सभी खेल प्रभारियों, खिलाड़ियों, महिलाओं व बच्चों ने परिषद के मशाल परिसर में स्थापित ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में हॉकी के जादूगर की प्रतिमा स्थापित की गई। यह मध्य प्रदेश में हॉकी के जादूगर की स्थापित होने वाली पहली प्रतिमा है।

प्रत्येक कार्मिक को प्रतिदिन 30 मिनट की शारीरिक गतिविधियां पर सर्वोच्च प्राथमिकता दे-केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव ने इस अवसर पर उपस्थित जन को संबोधित करते हुए कहा कि समस्त विद्युत कंपनियों के कार्मिकों का आह्वान किया कि वे फिट इंडिया मूव्हमेंट के अनुरूप कम से कम एक घंटा खेल के मैदान में बिताएं।

### जबलपुर से है गहरा संबध

कार्यक्रम में जनसंपर्क अधिकारी पंकज स्वामी ने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जबलपुर से गहरा संबंध है। ध्यानचंद का बचपन जबलपुर में बीता था। ध्यानचंद जब सिर्फ चार वर्ष के बच्चे थे, तब वे पहली बार अपने पिता के बड़े भाई के पास जबलपुर आए थे। छोटे भाई रूप सिंह का जन्म 1908 में जबलपुर में ही हुआ। ध्यानचंद का जबलपुर से उस समय गहरा संबंध बना जब उनकी बहिन सुरजा देवी का विवाह 1940 में जबलपुर के किशोर सिंह चौहान से हुआ। किशोर सिंह चौहान राइट टाउन में हवाघर नाम के प्रसिद्ध मकान में रहते थे। जनवरी-फरवरी 1975 में मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल के आमंत्रण पर हॉकी के जादूगर ध्यानचंद अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन करने अंतिम बार जबलपुर आए थे। खेल दिवस आयोजन में कार्यालय प्रभारी संजय आनंद, सह प्रभारी क्रिस्टोफर नरोन्हा, सुमंत मिश्रा, सुनील सिंह आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर सिहोरा में हुए आयोजन



**सिहोरा (जबलपुर)।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिहोरा में भारत के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर 29 अगस्त 2026 को राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि विकसित करने के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन तथा मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का प्रभावी माध्यम हैं। नियमित खेल गतिविधियाँ शारीरिक स्वास्थ्य के साथ आत्मविश्वास, अनुशासन, निर्णय क्षमता और टीम भावना को भी मजबूत करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अध्ययन के साथ खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर पमरे में हुए आयोजन



राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल खेलकूद संघ द्वारा रेल सौरभ अधिकारी क्लब, जबलपुर में विभिन्न खेलकूद गतिविधियों एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें कैप वितरित किए गए। इसके पश्चात महाप्रबंधक ने हरी झंडी दिखाकर वॉकाथॉन का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बास्केटबॉल, टेबल टेनिस एवं बैडमिंटन प्रमुख रहे। इन प्रतियोगिताओं में पश्चिम मध्य रेल के खिलाड़ियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान रेल खिलाड़ियों का सम्मान किया।

# भूगोलः पर्यावरण से लेकर सिविल सर्विसेज तक अवसर

भूगोल यानी जियोग्राफी को अक्सर नदी, पहाड़, जंगल और जलवायु के अध्ययन तक सीमित समझा जाता है, लेकिन वास्तव में यह इससे कहीं व्यापक विषय है। इसमें पृथ्वी की भौतिक संरचना के साथ मानव आबादी, प्राकृतिक संसाधन, कृषि, उद्योग, परिवहन, पर्यावरण और आर्थिक गतिविधियों का अध्ययन किया जाता है। यदि आपको प्रकृति, पर्यावरण और मानचित्रों में रुचि है, तो भूगोल आपके लिए रोजगार की अच्छी संभावनाएं खोल सकता है।



## पहले समझें भूगोल की दुनिया

भूगोल की प्रमुख शाखाओं में भौतिक भूगोल, मानव भूगोल और पर्यावरण भूगोल शामिल हैं। भौतिक भूगोल में स्थलरूप, नदियां, पर्वत, मौसम और जलवायु का अध्ययन होता है। मानव भूगोल में जनसंख्या, बस्तियों, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक गतिविधियों को समझा जाता है। पर्यावरण भूगोल में प्राकृतिक संसाधन, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और मानव-पर्यावरण संबंधों का अध्ययन किया जाता है।

## जियोग्राफर - आंकड़ों और प्रकृति का विशेषज्ञ

जियोग्राफ र पृथ्वी और प्राकृतिक परिस्थितियों से जुड़े आंकड़े जुटाने और उनका विश्लेषण करने का काम करते हैं। मिट्टी, जलवायु, भूमि उपयोग, वनस्पति और जीव-जंतुओं से संबंधित जानकारी के आधार पर सरकारी योजनाओं और विभिन्न परियोजनाओं में मदद की जाती है। सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में इनके लिए अवसर मौजूद हैं।

## जीआईएस स्पेशलिस्ट - तकनीक से जुड़ा नया करियर

जियोग्राफिक इनफॉर्मेशन सिस्टम आधुनिक भूगोल का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। इसके जरिए किसी क्षेत्र के मौसम, तापमान, प्रदूषण, भूमि उपयोग और अन्य भौगोलिक आंकड़ों का डिजिटल विश्लेषण किया जाता है। आपदा प्रबंधन, शहरी विकास, पर्यावरण निगरानी और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में जीआईएस विशेषज्ञों की भूमिका बढ़ रही है।

## कार्टोग्राफर - नक्शों की दुनिया में अवसर

कार्टोग्राफ र नक्शे, चार्ट, डायग्राम और डिजिटल मैप तैयार करते हैं। सर्वेक्षण, प्रकाशन, पर्यटन, रक्षा और विभिन्न सरकारी परियोजनाओं में इस क्षेत्र से जुड़े अवसर मिल सकते हैं।

## पर्यावरण सलाहकार और टाउन प्लानर

पर्यावरण सलाहकार संस्थाओं और कंपनियों को पर्यावरणीय नियमों तथा मानकों के पालन में सहायता करते हैं। वहीं टाउन प्लानर शहरों के विकास, परिवहन, बुनियादी ढांचे और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी योजनाएं तैयार करते हैं।

## सिविल सर्विसेज की तैयारी में भी उपयोगी

भूगोल आईएएस और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में महत्वपूर्ण विषय है। इसे सामान्य अध्ययन के साथ-साथ कुछ परीक्षाओं में वैकल्पिक विषय के रूप में भी पढ़ा जाता है। भूगोल की अच्छी समझ विद्यार्थियों को पर्यावरण, मानचित्र, संसाधन और समसामयिक घटनाओं से जुड़े प्रश्नों को समझने में मदद करती है। सही शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण के साथ भूगोल पढ़ने वाले विद्यार्थी सरकारी, निजी, शोध और पर्यावरण क्षेत्र में बेहतर अवसर हासिल कर सकते हैं।

# पीएम यशस्वी योजनाः पैसों की कमी नहीं रोकेगी उच्च शिक्षा

12वीं के बाद उच्च शिक्षा का सपना देखने वाले विद्यार्थियों के लिए केंद्र सरकार की पीएम यषस्वी योजना उपयोगी है। इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को देश के अधिसूचित उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है।




## कौन ले सकता है लाभ ?

इस योजना का लाभ अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग और विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू समुदाय के पात्र विद्यार्थी ले सकते हैं। विद्यार्थी का प्रवेश योजना के तहत अधिसूचित संस्थान और पात्र पाठ्यक्रम में होना चाहिए। परिवार की सभी स्रोतों से वार्षिक आय निर्धारित सीमा के भीतर होना जरूरी है।

## फीस के साथ रहने और पढ़ाई का खर्च

योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों को निजी संस्थानों में ट्यूशन फीस और गैर-वापसी योग्य शुल्क के लिए अधिकतम 2 लाख रुपये प्रतिवर्ष तक सहायता मिल सकती है। इसके अलावा रहने के खर्च के लिए 3,000 रुपये प्रतिमाह और किताबों व स्टेशनरी के लिए 5,000 रुपये प्रतिवर्ष की सहायता का प्रावधान है। कंप्यूटर या लैपटॉप के लिए एक बार अधिकतम 45 हजार रुपये तक सहायता दी जा सकती है।

## मेरिट के आधार पर चयन

यह योजना केवल आर्थिक सहायता पर आधारित नहीं है, बल्कि चयन में मेरिट और उपलब्ध स्लॉट की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। योजना में छात्राओं के लिए कम से कम 30 प्रतिशत स्लॉट आरक्षित रखने का प्रावधान है।

## आवेदन कैसे करें ?

विद्यार्थी नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन जरूरी है। जाति/श्रेणी प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, प्रवेश संबंधी दस्तावेज और बैंक विवरण जैसे कागजात तैयार रखें। आवेदन के बाद संस्थान स्तर पर सत्यापन किया जाता है।

# 12वीं के बाद कौन-सा कोर्स चुनें? समझकर लें करियर का फैसला

12वीं के बाद करियर का चुनाव विद्यार्थियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण फैसलों में से एक होता है। इस समय परिवार, रिश्तेदार और दोस्त अपनी-अपनी पसंद बताते हैं, लेकिन सही कोर्स वही है जो विद्यार्थी की रुचि, क्षमता और भविष्य की संभावनाओं के अनुरूप हो। केवल दूसरों की सलाह या किसी कोर्स की लोकप्रियता देखकर लिया गया फैसला आगे चलकर परेशानी का कारण बन सकता है।




## पहला कदम - खुद की रुचि पहचानें

सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि आपको किन विषयों को पढ़ने में वास्तव में आनंद आता है। केवल अच्छे अंक आने का मतलब यह नहीं कि वही विषय आपके करियर के लिए भी सही है। उदाहरण के लिए, जीव विज्ञान पसंद करने वाले विद्यार्थी के लिए मेडिकल क्षेत्र बेहतर हो सकता है, जबकि गणित और तकनीक में रुचि रखने वाले विद्यार्थी इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस या डेटा से जुड़े क्षेत्र चुन सकते हैं। वहीं लेखन, समाज और समसामयिक मुद्दों में रुचि रखने वालों के लिए पत्रकारिता, कानून या सामाजिक विज्ञान बेहतर विकल्प हो सकते हैं।

## स्ट्रीम को सीमा नहीं, अवसर समझें

12वीं की स्ट्रीम करियर की संभावनाओं को पूरी तरह सीमित नहीं करती। विज्ञान के विद्यार्थी इंजीनियरिंग, कंप्यूटर, डेटा साइंस के साथ कई अन्य क्षेत्रों में जा सकते हैं। कॉमर्स में बी कॉम के अलावा बीबीए अर्थशास्त्र, वित्त, बिजनेस एनालिटिक्स और मैनेजमेंट जैसे विकल्प हैं। आर्ट्स के विद्यार्थियों के लिए कानून, मनोविज्ञान, पत्रकारिता, डिजाइन, होटल मैनेजमेंट और शिक्षा जैसे अनेक क्षेत्र खुले हैं।

## डिग्री से पहले नौकरी का बाजार समझें

कोर्स चुनने से पहले यह जरूर देखें कि संबंधित क्षेत्र में रोजगार की मांग कैसी है। आज टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर, फाइनेंस, डिजिटल मीडिया, डेटा एनालिटिक्स और डिजाइन जैसे क्षेत्रों में नए अवसर तेजी से विकसित हो रहे हैं। केवल डिग्री लेने के बजाय उस क्षेत्र में जरूरी तकनीकी और व्यावहारिक कौशल भी सीखना जरूरी है।

## कॉलेज का चुनाव भी उतना ही महत्वपूर्ण

अच्छा कोर्स तभी बेहतर परिणाम देता है, जब संस्थान भी गुणवत्तापूर्ण हो। कॉलेज चुनते समय उसकी मान्यता, फैकल्टी, लैब, इंटर्नशिप, प्लेसमेंट रिकॉर्ड, इंडस्ट्री कनेक्शन और फीस की जांच करें। केवल विज्ञापन या रैंकिंग देखकर प्रवेश न लें।




सौरभ कुमार सेन

**शिक्षक**
**हितकारिणी उ.मा. शाला, गोरखपुर, जबलपुर।**


# टीचिंग तक सीमित नहीं महिलाओं का करियर

शिक्षा क्षेत्र को अक्सर केवल टीचिंग से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन बदलती तकनीक और शिक्षा के नए तरीकों ने इस क्षेत्र में करियर के कई नए रास्ते खोल दिए हैं। खासकर महिलाओं के लिए ऐसे कई विकल्प मौजूद हैं, जहां वे अपनी रचनात्मकता, विषय ज्ञान, संवाद क्षमता और प्रबंधन कौशल का इस्तेमाल करते हुए बेहतर करियर बना सकती हैं। इन नौकरियों में कई जगह काम के लचीले समय, डिजिटल वर्क और प्रोफेशनल ग्रोथ के अवसर भी मिलते हैं।




## करियर काउंसलर

हर विद्यार्थी की रुचि, क्षमता और लक्ष्य अलग होते हैं। ऐसे में करियर या एकेडमिक काउंसलर विद्यार्थियों को विषय, कोर्स, कॉलेज और करियर चुनने में मार्गदर्शन देते हैं। जिन महिलाओं की संवाद क्षमता अच्छी है और जिन्हें विद्यार्थियों के साथ काम करना पसंद है, उनके लिए यह एक बेहतर विकल्प हो सकता है।

## करिकुलम डिजाइनर

करिकुलम डिजाइनर का काम केवल पाठ्यक्रम तैयार करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की उम्र और जरूरत के अनुसार सीखने की सामग्री विकसित करना भी है। स्कूल, कॉलेज, प्रकाशन संस्थान और ऑनलाइन एजुकेशन प्लेटफ ॉर्म ऐसे विशेषज्ञों की सेवाएं लेते हैं। शिक्षा और रचनात्मक लेखन में रुचि रखने वालों के लिए यह क्षेत्र उपयोगी है।

## एजुकेशनल कंटेंट राइटर

आज डिजिटल शिक्षा तेजी से बढ़ रही है। वेबसाइट, ई-बुक, डिजिटल नोट्स, प्रश्न बैंक, ब्लॉग और वीडियो स्क्रिप्ट के लिए एजुकेशनल कंटेंट राइटर और एडिटर की जरूरत होती है। हिंदी और अंग्रेजी के साथ विषय की अच्छी समझ रखने वाली महिलाएं इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं।

## कॉर्पोरेट ट्रेनर

कॉर्पोरेट ट्रेनर कंपनियों के कर्मचारियों को कम्यूनिकेशन लीडरशिप, टीमवर्क और अन्य प्रोफेशनल स्किल्स का प्रशिक्षण देते हैं। जिन लोगों में प्रभावी संवाद और प्रस्तुति देने की क्षमता है, उनके लिए यह एक आकर्षक करियर विकल्प हो सकता है।

## एजुटेक स्पेशलिस्ट

ऑनलाइन क्लास, डिजिटल कंटेंट, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम और वर्चुअल लर्निंग के बढ़ते इस्तेमाल ने एजुटेक स्पेशलिस्टकी मांग बढ़ाई है। इस क्षेत्र में शिक्षा के साथ तकनीक की समझ रखने वालों के लिए अवसर मौजूद हैं।

## एजुकेशनल एडमिनेस्ट्रेटर


स्कूल या कॉलेज के संचालन, प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा व्यवस्था, विद्यार्थी सेवाओं और प्रशासनिक कार्यों को संभालने के लिए एजुकेशनल एडमिनेस्ट्रेटरकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। प्रबंधन क्षमता रखने वाली महिलाओं के लिए यह अच्छा विकल्प है।

## एजुकेशनल रिसर्चर

शैक्षणिक शोधकर्ता शिक्षा व्यवस्था, विद्यार्थियों के सीखने के तरीके और नई शिक्षण पद्धतियों पर अध्ययन करते हैं। शोध और विश्लेषण में रुचि रखने वाली महिलाएं इस क्षेत्र में करियर बना सकती हैं।

आज शिक्षा क्षेत्र में करियर का अर्थ केवल ब्लैकबोर्ड के सामने पढ़ाना नहीं है। काउंसलिंग, कंटेंट, शोध, पाठ्यक्रम निर्माण और शैक्षणिक प्रबंधन जैसे क्षेत्र महिलाओं को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार करियर चुनने का अवसर देते हैं। सही योग्यता और डिजिटल कौशल के साथ शिक्षा क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचा जा सकता है।

## शब्द पहेली - 8960





**बाएँ से दाएँ**

1.सुगंध,खुशबू-3
3.व्यवस्था-2,2
5.आम लोग-2
6.चिंतन,सोच विचार-3
7.पराया-2
8.विनाश,विध्वंस-2
10.अपने ही घर में बंधक-5
12.वसन,पेरा-3
15.आंचल,पल्लू-3
17.सेंधमार-5
20.भाग्य (अंग्रेजी-2)
22.एक सवारी गाड़ी-2
23.पीहर,पिता का घर-3
24.नवीन,नया,नवजात-2
25.लात मारना-4
26.जोंक,न भरने वाला जख्म-3

**ऊपर से नीचे**

1.जी,चित्त,इच्छा-2
2.करधनी,कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
3.तार कसना-3
4.जोकर,विदूषक-4
5.दुनिया,जगत-3
7.पंख-2
9.संदेह,हरदम-2
11.जन्म,पैदा होना-3
13.जुड़वा-3
14.आश्चर्य में पड़ना-5
15.जंगल की आग-4
16.टोंटी,नलका-2
18.वश,अधीन-2
19.परिणाम,हल-3
21.अर्जित करना-3
24.लोहे की तांत-2

**शब्द पहेली -8959 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore




# फिर एक बच्ची की मलेरिया से मौत, 26 पहुंचा आंकड़ा

## मोहनपुर पंचायत के बैगाटोला में तीन दिनों में दूसरी मौत

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

शनिवार को मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व परसवाड़ा क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत की एक 10 वर्षीय बालिका काजल पिता प्रभुललाल सैयाम ने गोंदिया के एक निजी अस्पताल में मलेरिया बीमारी से लड़ते हुए दम तोड़ दिया। जब मृतक बच्ची को लेकर परिवार एम्बुलेंस से आ रहा था। इस दौरान एक प्रशासनिक वाहन भी उसका पीछा कर रहा था। कोसमी में बच्ची की मौत पर जब हमने एम्बुलेंस को रोककर, परिजनों से चर्चा करनी चाही तो प्रशासनिक वाहन में बैठे पुरूष और महिला टीम ने एम्बुलेंस चालक को रोकने को लेकर फटकार लगाई। हमने कथित प्रशासनिक टीम में एम्बुलेंस को तत्काल रवाना करने में लगी महिलाओं से उनका पक्ष जानना चाहा लेकिन वह बिना बात किए वाहन का गेट लगाकर एम्बुलेंस के पीछे रवाना हो गई।

दो दिन पहले ही मोहनपुर पंचायत के बैगाटोला में मलेरिया से बालक लवकुश मरकाम की मौत हो गई थी। जिसके माता-पिता के घर पहुंचे बगैर उसका अंतिम संस्कार करने का आरोप प्रशासन पर लगा था।

दरअसल, जिले के बैहर और परसवाड़ा क्षेत्र के आदिवासी



अंचलो में खसरा, मलेरिया, स्कीन सहित अन्य बीमारियों से बच्चों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है।

बताया जाता है कि 24 अगस्त को काजल को मलेरिया का पता चला था। जिसके बाद 27 अगस्त को परिजन, बालाघाट के एक केयर हॉस्पिटल में उसे लेकर आए थे। जहां रात भरे चले उपचार के बाद भी उसके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं होने पर, परिजन उसे गोंदिया के यूनाईटेड अस्पताल लेकर गए थे। जहां शनिवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। मलेरिया की बच्चे से मौत से दुखी परिवार, जब बेटी को लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान जानकारी मिलने के बाद रजेगांव से उनकी एम्बुलेंस का प्रशासनिक वाहन ने पीछा करना शुरू कर दिया। चाचा राजेन्द्र सैयाम ने बताया कि एम्बुलेंस चालक को रास्ते में फोन आया कि एम्बुलेंस को कहीं रोकना नहीं है।

यह घटनाक्रम बताता है कि किस प्रकार जिले में प्रशासन, बच्चों की हो रही लगातार मौतों को छिपाने में लगा है। परिजनों का रजेगांव से लेकर बालाघट तक रूकने का समय नहीं दिया गया। इस दौरान एम्बुलेंस में महिलाएं भी मौजूद थी। सुबह से मृतक बेटी को अस्पताल से लेकर निकले, परिवार को यदि रास्ते में कोई दैनिक क्रिया की जरूरत पड़ी हो तो भी वह उसके लिए परिवार का समय नहीं दिया। जो मौतों पर प्रशासन की संवेदनशीलता पर एक बड़ा सवाल खड़े करता है।

# अवैध रूप से सागौन के दरवाजे ले जा रही पिकअप जप्त

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

उमरिया वन परिक्षेत्र की टीम ने गुरुवार रात अवैध रूप से सागौन के दरवाजे ले जा रही एक पिकअप को जप्त किया है। वाहन से सागौन के चार दरवाजे बरामद हुए हैं। दरवाजों से संबंधित कोई दस्तावेज चालक के पास नहीं मिले। वन विभाग ने पिकअप को सुरक्षित उमरिया डिपो में खड़ा कराकर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार रात करीब 11 बजे नौरोजाबाद की ओर से पिकअप क्रमांक एमपी 21 जी 1611 दरवाजे लोड कर उमरिया की तरफ आ रही थी। वन विभाग की टीम ने नेशनल हाईवे-43 पर वाहन को रोकने का प्रयास किया। टीम को देखकर चालक ने वाहन लेकर भागने का प्रयास किया, लेकिन वन विभाग के कर्मचारियों ने पीछा कर स्वर्णिम गार्डन के पास पिकअप को रोक लिया।

पिकअप पूरी तरह पैक थी और



उसमें सामान को तिरपाल से बांधा गया था। वन विभाग की टीम ने जब वाहन की तलाशी ली तो उसमें सागौन के चार दरवाजे मिले। इनकी कीमत करीब 70 हजार रुपये से अधिक बताई जा रही है। मौके पर चालक से दरवाजों के संबंध में दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। वन विभाग ने वाहन को जप्त कर उमरिया डिपो में सुरक्षित खड़ा कराया है। हिरासत में लिए गए चालक से पूछताछ की जा रही है।

पूछताछ में वाहन के नौरोजाबाद क्षेत्र से आने की जानकारी सामने आई है। वाहन किसी अशोक गुप्ता का बताया जा रहा है। वन विभाग अब यह पता लगाने में जुटा है कि सागौन के दरवाजे कहां से लाए गए थे और इन्हें कहां पहुंचाया जाना था।

# जिला जेल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिला जेल उमरिया में रक्षाबंधन का पावन पर्व अत्यंत भावुक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर जेल प्रशासन द्वारा बंदियों और उनके परिजनों की प्रत्यक्ष मुलाकात के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। आयोजित इस विशेष मुलाकात में जेल में बंद कुल 130 बंदियों से मिलने के लिए लगभग 500 से 600 परिजन पहुंचे। सुबह से ही जेल परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा, जहाँ बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु की कामना कामना की और कलाई पर रक्षासूत्र बांधा। इस दौरान बहनों ने अपने भाइयों से भविष्य में अपराध से दूरी बनाने और सही मार्ग पर चलने का भावुक वचन भी लिया। इससे पूर्व ब्रह्माकुमारी आश्रम संस्था के सदस्यों द्वारा जिला जेल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था की बहनों ने जेल में निरुद्ध समस्त बंदियों को रक्षासूत्र बांधकर उनका मार्गदर्शन किया और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लौटने की प्रेरणा दी।

ब्रह्माकुमारी बहनों के इस पुनीत प्रयास से जेल के हर बंदी के हाथों में राखी बांधी गई और किसी भी बंदी की कलाई सूनी नहीं रही।

# एक शिक्षक के भरोसे पांच कक्षाओं के 32 बच्चों का भविष्य, ऊपर से बीएलओ की ड्यूटी

### प्राथमिक शाला मंदिर टोला किन्ही का मामला

### जर्जर भवन और अव्यवस्थाओं से पालकों में आक्रोश

### मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी





**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** विकासखंड खैरलांजी के प्राथमिक शाला मंदिरटोला किन्ही में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। कक्षा पहली से पांचवीं तक संचालित इस विद्यालय में कुल 32 बच्चे अध्ययनरत हैं, लेकिन पांचों कक्षाओं की जिम्मेदारी वर्तमान में महज एक शिक्षक के भरोसे है। इतना ही नहीं, इसी शिक्षक को गांव के बीएलओ का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। ऐसे में शिक्षक के सामने बच्चों को पढ़ाने के साथ मतदाता सूची से संबंधित शासकीय कार्य करने की दोहरी जिम्मेदारी है। 29 अगस्त को पालक विद्यालय पहुंचे और स्कूल की व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताई। पालकों ने कहा कि एक शिक्षक के भरोसे पांच कक्षाओं का संचालन करना बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। शिक्षक को बीएलओ की जिम्मेदारी मिलने के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। यदि शिक्षक शासकीय कार्य से स्कूल से बाहर जाते हैं तो बच्चों की जिम्मेदारी रसोइया के भरोसे छोड़ने की स्थिति बनती है। पालकों ने सवाल उठाया कि क्या रसोइया बच्चों की शैक्षणिक जिम्मेदारी संभाल सकता है?

### पांच कक्षाएं और एक शिक्षक

विद्यालय में कक्षा पहली में 7, दूसरी में 8, तीसरी में 1, चौथी में 10 और पांचवीं में 10 बच्चे दर्ज हैं। कुल 32 बच्चों के लिए दो शिक्षकों के पदस्थ होने की जानकारी है, लेकिन एक महिला शिक्षिका पिछले करीब दो माह से मातृत्व अवकाश पर हैं। इसके चलते प्रधानपाठक डुलीचंद बिसेन अकेले ही पांचों कक्षाओं का संचालन कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि एक शिक्षक एक साथ पांच अलग-अलग कक्षाओं के 32 बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आखिर कैसे दे सकता है?

### जर्जर भवन से हादसे का खतरा

पालकों के अनुसार स्कूल के पास स्थित पुराना भवन लंबे समय से जर्जर है और उसे डिस्मेंटल करने के लिए पिछले वर्ष आवेदन किया जा चुका है, लेकिन अब तक भवन को हटाया नहीं गया। बच्चों के खेलते समय जर्जर भवन के आसपास जाने पर किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। पालकों ने विद्यालय परिसर के आसपास गंदगी और कचरे की समस्या का भी आरोप लगाया। उनके अनुसार परिसर में पहले भी जहरीले सांप निकल चुके हैं। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है।

### इनका कहना हैं

जर्जर भवन को हटाने के लिए आवेदन के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने शिक्षक की कमी और बीएलओ की अतिरिक्त जिम्मेदारी पर नाराजगी जताते हुए तत्काल शिक्षकों की व्यवस्था करने की मांग की।

**विजय कातरे**
**पालक संघ समिति अध्यक्ष**

विद्यालय में 32 बच्चे हैं और महिला शिक्षिका मातृत्व अवकाश पर हैं। उन्होंने अतिरिक्त शिक्षक की मांग को लेकर उच्च अधिकारियों को कई बार आवेदन देने की बात कही। उन्होंने कहा कि बीएलओ के शासकीय कार्य के लिए बाहर जाना पड़ता है तो बच्चों की जिम्मेदारी रसोइया के भरोसे छोड़नी पड़ती है।

**डुलीचंद बिसेन, प्रधानपाठक**

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर तीन दिवसीय खेल आयोजन प्रारंभ



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** खेल और युवा कल्याण विभाग से प्राप्त निर्देश के तारतम्य में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय खेल आयोजन 28 अगस्त से प्रारंभ हुए। जिला प्रशिक्षण केन्द्र तथा हाकी फीडर सेंटर के खिलाडियों के मध्य मैत्री मैच का आयोजन किया गया जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाडियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। खेल आयोजनो के क्रम में 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद की जन्म जयंती हर्षोउल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर अति. पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी आलोक कुमार शर्मा ने ध्यानचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। अति. पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी बच्चे अच्छा खेलते हुए पढाई पर भी ध्यान दें । खेल विभाग की ओर से हाकी फीडर सेंटर के खिलाडियों को हाकी एवं बॉल तथा हैण्डबॉल खिलाडियों को हैण्डबॉल उनके प्रशिक्षक संजय सिंह लोधी, आकाश बर्मन, दुर्गेश साहू को प्रदान की गई।कार्यक्रम में चरण सिंह वरकड़े, रेशमा शर्मा, आकाश बर्मन, संजय सिंह, दुर्गेश साहू, शक्ति असावर, पवन कुमार बड़ा उपस्थिति रहे।




# आदर्श कालेज में पी.एम. का खेलों इंडिया संवाद का प्रसारण देखा गया

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

शासकीय आदर्श महाविद्यालय खेलों की महत्ता पर आधारित खेलों इंडिया संवाद का सीधा प्रसारण देखा गया ।कॉलेज के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने श्री मोदी जी को उत्साहपूर्वक सुना और अपने जीवन में खेलभावना अपनाने का संकल्प लिया।

ऑनलाइन कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना, खेलकूद विभाग, राजनीति विज्ञान- व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ एवं स्वामी विवेकानंद रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा सहयोग किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ अंसारी, पॉलिटेक्निक कालेज के प्राचार्य अतुल वाजपेयी, प्रशासिनक अधकारी अरुणेंद्र बहादुर सिंह, एनएसएस अधिकारी रेम सिंह हटिला, क्रीडाधिकारी महेन्द्र कनौजिया, निशी कर्ण,शिवकुमार हल्दकार, अपूर्वा दहायत,डा. मानिका पटेल आदि कॉलेज के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। तकनीकी सहयोग के रूप में डॉ हरेंद्र कुमार एवं डा. जुगुल किशोर का विशेष योगदान रहा।

# सोशल मीडिया पर शासकीय कर्मचारी द्वारा सिंधी समाज पर की गई अनर्गल टिप्पणी को लेकर कार्यवाही के लिए सौंपा ज्ञापन..



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** बीते दिन सोशल मीडिया पर पशु विभाग उमरिया में पदस्थ कर्मचारी रामबदन कुशवाहा द्वारा सिंध समाज के प्रति घोर आपत्तिजनक एवं अशांति फैलाने वाली टिप्पणी की जिससे सिंध समाज में खासा आक्रोश है। सिंध समाज के साथ साथ शासकीय कर्मचारी ने शासन प्रशासन को भी बिका हुआ कहा। लेकिन सदैव शांतिप्रिय ,सभ्य समाज होने के नाते सिंध समाज ने बिना किसी एक भी नारे और शासकीय कर्मचारी द्वारा किए गए घिनौने कृत्य के विरोध में बेहद शांतिपूर्ण रूप से थाना कोतवाली पहुंचकर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पी.एल परस्ते एवं कलेक्टर महोदया के नाम बांधवगढ़ तहसीलदार दिलीप सोनी को ज्ञापन सौंपा।

जिसमें सिंध समाज ने पुलिस प्रशासन से तत्काल एफआईआर एवं प्रशासन से उक्त शासकीय कर्मचारी को तत्काल निलंबित कर अनुशासत्मक एवं विधि अनुसार कार्यवाही करने का निवेदन किया।



# महिला वनकर्मियों ने वृक्षों को भाई मानकर बांधा रक्षा सूत्र

उमरिया (स्वतंत्र मत)।

शुक्रवार 28 अगस्त को बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में अनूठे ढंग से रक्षा बंधन का त्यौहार मनाया गया। टाइगर रिजर्व में पदस्थ महिला वनकर्मियों ने पेड़ों को अपना भाई मानते हुए पूरे रीति रिवाजों के साथ राखी बांधी। तिलक लगाकर आरती उतारते और राखी बांधते हुए महिला वनकर्मियों ने सदा आश्रय प्रदान करने वाले वृक्षों के साथ समस्त वन कर्मियों की जुड़ी गहरी संवेदना का परिचय दिया।

क्षेत्र संचालक, डॉ अनुपम सहाय ने इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए वन एवं वृक्षों के महत्व को त्यौहारों एवं संस्कृति से जोड़ने पर होने वाली जन जागरूकता, वन एवं वन्यजीवों से जुड़ने वाली जन संवेदना और इसके फलस्वरूप वन संरक्षण में प्राप्त होने वाले सकारात्मक परिणामों को रेखांकित किया।

रक्षा बंधन पर्व पर पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधना इस बात की पुष्टि करता है कि वन और वृक्षों के उपकार को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मानव सभ्यता का जीवित रहना एवं विकास करना वनों एवं वन्यजीवों के सुरक्षित हुये बिना संभव नहीं है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलो इंडिया संवाद का आयोजन, युवाओं ने खेलों के महत्व पर किया संवाद

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर में प्राचार्य डॉ. आलोक तिवारी के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानी कुमारी के निर्देशन एवं पहल पर, सह-कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीति कौरव, गगन ताम्रकार जी एवं खेल विभाग से अर्पित सक्सेना के सहयोग से राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं खेल गतिविधियों से जुड़े विद्यार्थियों के संयुक्त तत्वावधान में खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में खेलों के प्रति जागरूकता, खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति रुचि को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में विशिस्ट अतिथी के रूप मे श्री जालम सिंह पटेल पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री, श्रीमती निशा सोनी भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष, श्री योगेश शर्मा वरिष्ठ वॉलीबॉल खिलाड़ी एवं प्रथम एनआईएस कोच, श्री विकास शर्मा एनआईएस कबड्डी कोच एवं नरसिंहपुर के वरिष्ठ कबड्डी प्रशिक्षक, श्री मृदुलेश



दुबे मध्यप्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी तथा श्री महेन्द्र कौरव भारतीय जनता पार्टी, नरसिंहपुर खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं बरमान स्थित शिवाजी क्लब एवं शक्ति क्लब के संस्थापक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेकार्यक्रम में नरसिंहपुर से जुड़े युवा खुशी ढिमोले, सौरभ शर्मा, पीयूष नेमा, वैशाली पांडेय एवं कालूराम* सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं खेल गतिविधियों से जुड़े विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।इस अवसर पर उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों एवं युवाओं को खेलों के महत्व, अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। अतिथियों ने अपने खेल अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए तथा उनसे संवाद करते हुए उनकी जिज्ञासाओं एवं विचारों को जाना। उन्होंने युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता करने एवं अपनी प्रतिभा को निरंतर निखारने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में खेल की बात प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ विषय के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। इस दौरान विद्यार्थियों एवं युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिली। कार्यक्रम के आयोजन, संपूर्ण प्रबंधन एवं व्यवस्थाओं में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की दलनायिका मनीषा राजपूत, सह-दलनायिका गरिमा पांडेय, छात्र इकाई के दलनायक दिनेश अग्रवाल एवं सह-दलनायक विवेक साहू, पिंकी मेहरा, ज्योती वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इनके नेतृत्व में कार्यक्रम की विभिन्न व्यवस्थाओं एवं आयोजन संबंधी कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।कार्यक्रम का मंच संचालन दिनेश अग्रवाल एवं अशना यादव द्वारा किया गया। *कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानी कुमारी द्वारा आभार व्यक्त करते हुए सभी मुख्य अतिथियों, से आए युवाओं, विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले सभी सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, खेल गतिविधियों से जुड़े विद्यार्थी एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### वित्तीय साक्षरता पर जानकारी

मण्डला(स्वतंत्र मत)। समर्पित संस्था के वित्तीय साक्षरता केंद्र बिछिया द्वारा विशेष वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम क्षेत्रीय प्रमुख लक्ष्मी पटेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के तहत मवई ब्लॉक के ब्लॉक काउंसलर नरेश गायकवाड़ द्वारा ग्राम पंचायत मझगांव के स्थानीय हाट बाजार में कैनोपी लगाई गई।

### 75 युवाओं को मिला रोजगार

मण्डला(स्वतंत्र मत)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में आईटीआई के विभिन्न ट्रेडों से पासआउट 88 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। कम्पनी के प्रतिनिधियों द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 75 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता के अनुसार 16 हजार रुपये से लेकर 30 हजार रुपये प्रतिमाह तक का वेतनमान प्रदान किया जाएगा।

### योजनाओं हेल्पलाइन की जानकारी

मण्डला(स्वतंत्र मत)। जिले के मवई विकासखंड के पोषक ग्राम प्रेमनगर, ग्राम पंचायत भीमडोंगरी तथा आंगनवाड़ी केंद्र बंगोटिकरा पोषक ग्राम मंगली, ग्राम पंचायत मनोरी में हब के अंतर्गत जागरूकता सत्र कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, महिला श्रमिकों के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं मनरेगा योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में बताया। वन स्टॉप सेंटर में उपलब्ध छह प्रकार की सहायता सेवाओं की जानकारी भी दी गई।

### सायबर पर जागरूकता अभियान

मण्डला(स्वतंत्र मत)। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार एवं सेंट्रल बैंक मंडला के सहयोग से समर्पित संस्था द्वारा गांवों और हाट-बाजारों में वित्तीय साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्रीय अधिकारी श्रीमती लक्ष्मी पटेल के मार्गदर्शन में ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव बचत और बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को सुरक्षित बैंकिंग और वित्तीय योजनाओं के प्रति जागरूक करना है।

### कलेक्टर से मिले की सड़क की मांग

मण्डला(स्वतंत्र मत)। आजादी के 80 वर्ष होने के बाद भी जिले में स्थित ग्राम पंचायत कांसखेड़ा के पोषक ग्राम अमझर जो कि पूर्ण रूप से आदिवासी बाहुल्य ग्राम है अमझर में आज भी पक्की सड़क नहीं होना कितनी बड़ी विडंबना है स्कूली बच्चे ग्रामीण जन बीमारी से पीड़ित लोग गर्भवती माताएं जरूरत पड़ने पर न एम्बुलेंस न कोई भी चार पहिया वाहन इस गांव तक नहीं पहुंच सकते कान्हा नेशनल पार्क के बफर एरिया से लगा गांव आज भी अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करता आ रहा है एक वर्ष पहले भी ग्रामीण जनों 13 अगस्त को संबंधित विभाग को ज्ञापन देकर सूचित किया गया था परंतु सब कुछ वैसे का वैसा ही रहा कोई सुधार नहीं बस खानापूर्ति की गई। ग्राम पंचायत कांसखेड़ा के पोषक ग्राम अमझर में स्कूली बच्चों और ग्रामीणजनों की मुख्य समस्या को उन्होंने गंभीरता से सुना और कलेक्टर ने बिछिया एसडीएम और प्रधानमंत्री सड़क के अधिकारी को तुरंत निर्देशित किए और जल्द ही पक्की सड़क के लिए प्रोजोल और टेंडर के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# घुघरी जनपद पंचायत में दिख रही बदहाली, सरकारी रिकॉर्ड दीमक की चपेट में जिम्मेदारों पर उठे सवाल

मण्डला/घुघरी(स्वतंत्र मत)

विकास योजनाओं की निगरानी और ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी संभालने वाली जनपद पंचायत घुघरी का अपना कार्यालय ही बदहाली की तस्वीर बन गया है। कार्यालय की हालत देखकर सवाल उठ रहा है कि जब सरकारी दफ्तर में ही व्यवस्थाएं पटरी से उतर चुकी हैं तो गांवों में विकास की निगरानी किस तरह हो रही होगी। कहीं फर्श उखड़ा पड़ा है तो कहीं छत से पानी टपकने के निशान हैं। सबसे गंभीर स्थिति उन दस्तावेजों की है जिनमें मनरेगा प्रधानमंत्री आवास योजना पेंशन सहित करोड़ों रुपए की योजनाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण रिकॉर्ड मौजूद है। इन फाइलों को दीमक लगातार नुकसान पहुंचा रही है। कार्यालय में रखी लकड़ी की पुरानी अलमारियां टेबल-कुर्सियां भी जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी हैं। कई जगह फर्नीचर इस कदर खराब हो चुका है कि उसे उपयोग में लेना भी मुश्किल नजर आता है। दूसरी ओर भवन की मरम्मत और रखरखाव की जरूरत लंबे समय से बनी हुई है। बारिश के दिनों में छत से पानी रिसने की स्थिति सामने आती है तो





फाइलों और दस्तावेजों की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

### फाइलों को खा रही दीमक

जनपद पंचायत कार्यालय में सरकारी योजनाओं से जुड़े दस्तावेज महज कागज नहीं हैं बल्कि इनसे ग्रामीणों को मिले लाभ मजदूरी भुगतान निर्माण कार्यों आवास स्वीकृति और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का पूरा हिसाब जुड़ा है। ऐसे रिकॉर्ड का सुरक्षित रहना प्रशासनिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद कार्यालय में फाइलों को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त व्यवस्था दिखाई नहीं दे रही है। बताया जा रहा है कि लंबे समय से रखरखाव के अभाव में कई फाइलें और दस्तावेज दीमक की चपेट में हैं। यदि समय रहते रिकॉर्ड को सुरक्षित नहीं किया गया तो आने वाले समय में दस्तावेजों के नष्ट होने की स्थिति बन सकती है। इसका सीधा असर योजनाओं की जांच भुगतान के सत्यापन और पुराने रिकॉर्ड की जरूरत पड़ने पर पड़ सकता है।

### साहब एसी में तो कर्मचारी बदहाली में

जनपद पंचायत कार्यालय की सबसे ज्यादा चर्चा जिस विरोधाभास को लेकर हो रही है वह अधिकारियों और कर्मचारियों की सुविधाओं का अंतर है। आरोप है कि जनपद पंचायत अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालन अधिकारी के कक्षों में वातानुकूलन की सुविधा उपलब्ध है। वहीं दूसरी तरफ कार्यालय के कई हिस्सों में कर्मचारी बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान नजर आते हैं। मनरेगा शाखा जहां ग्रामीण मजदूरों के रोजगार और मजदूरी से जुड़े काम होते हैं वहां उपयंत्री एसडीओ स्तर के कर्मचारी के बैठने तक की समुचित व्यवस्था नहीं होने की बात सामने आ रही है। टेबल-कुर्सी जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव बताया जा रहा है।

### शिकायत पर नहीं होती सुनवाई

कार्यालय की व्यवस्थाओं को लेकर कर्मचारियों में भी नाराजगी बताई जा रही है। एक कर्मचारी ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बताया कि फाइलों में दीमक लगने और कार्यालय की मरम्मत की जरूरत के संबंध में कई बार अधिकारियों को बताया गया है। इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। कर्मचारी के अनुसार अधिकारियों के कक्षों में सुविधाएं उपलब्ध हैं लेकिन सामान्य कर्मचारियों को काम करने के लिए जरूरी संसाधन तक नहीं मिल पाते। यदि कर्मचारियों को ही मूलभूत सुविधाओं के अभाव में काम करना पड़ेगा तो इसका असर कामकाज पर पड़ना स्वाभाविक है।

### अधिकारियों की जिम्मेदारी पर सवाल

जनपद पंचायत कार्यालय की बदहाली को लेकर अब जिम्मेदारी तय करने की मांग उठ रही है। सवाल यह है कि कार्यालय भवन के रखरखाव फर्नीचर साफ-सफाई और सरकारी रिकॉर्ड की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर किसकी है यदि वर्षों से फाइलें खराब हो रही हैं और भवन की स्थिति बिगड़ती जा रही है तो जिम्मेदार अधिकारियों ने समय रहते सुधार क्यों नहीं कराया वहीं यह भी जांच का विषय है कि कार्यालय के रखरखाव के लिए पूर्व में कितना बजट उपलब्ध कराया गया उसका उपयोग किस मद में किया गया और भवन की मरम्मत के लिए कोई प्रस्ताव तैयार हुआ या नहीं। यदि बजट उपलब्ध होने के बावजूद काम नहीं हुआ है तो इसके लिए जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

# उच्च शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

मण्डला(स्वतंत्र मत)

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभाविप मध्यप्रदेश द्वारा चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी विद्यार्थी हुंकार अभियान के अंतर्गत अभाविप कार्यकर्ताओं ने स्टेडियम के पास से रैली निकाली एवं कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर एक विशाल प्रदर्शन किया। इस दौरान शासकीय महाविद्यालयों में व्याप्त विभिन्न गंभीर समस्याओं और मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री के नाम संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि छात्र संगठन विद्यार्थियों के अधिकारों और सुविधाओं को लेकर बेहद गंभीर है। वर्तमान में शासकीय महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है जिसे अभाविप किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगी। विद्यार्थियों के हितों और उनके अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। अभाविप ने मांग की है कि शासकीय कॉलेजों में रिक्त पड़े शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक पदों को जल्द भरा जाए बुनियादी ढांचे पेयजल शौचालय प्रयोगशाला और लाइब्रेरी की स्थिति में तत्काल सुधार किया जाए और छात्रवृत्तियों का समय पर वितरण सुनिश्चित हो। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को चेताया कि इन समस्याओं का शीघ्र एवं स्थायी समाधान किया जाना अत्यंत आवश्यक है। यदि विद्यार्थियों की जायज मांगों पर जल्द ही सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो विद्यार्थी परिषद छात्र हित में आंदोलन के लिए बाध्य होगी।



### कीटनाशक छिड़काव अभियान जारी

मण्डला(स्वतंत्र मत)। जिले में मलेरिया नियंत्रण हेतु प्रभावित हाईरिस्क क्षेत्रों में प्रथम चक्र का कीटनाशक छिड़काव किया जा रहा है। विकासखंड नैनपुर के ग्राम तुमेगांव व डुंगरिया में 24 व 25 अगस्त को छिड़काव किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जनवरी 2026 से अब तक जिले में कुल 69237 मरीजों की जांच की गई, जिनमें 3 माइग्रेटरी रोगियों सहित कुल 29 मलेरिया पॉजिटिव मरीज पाए गए हैं। जिला मलेरिया अधिकारी ने अपील की है कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। बुखार आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर खून की जांच कराएं। मलेरिया की जांच और उपचार सभी शासकीय अस्पतालों एएनएम एमपीडब्ल्यू सीएचओ और आशा कार्यकर्ताओं के पास पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। मलेरिया पॉजिटिव पाए जाने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं या चिकित्सक की सलाह अनुसार पूर्ण उपचार लें और खाली पेट दवा का सेवन कदापि न करें।

# विश्व हिन्दू परिषद की नवीन कार्यकारिणी घोषित

मण्डला(स्वतंत्र मत)। विश्व हिन्दू परिषद महाकौशल प्रांत जिला मंडला की कार्यकारिणी घोषित की गई है। नवीन कार्यकारिणी में वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज फागवानी को जिला अध्यक्ष, शक्ति क्षेतीजा, महेंद्र ठाकुर, धीरेंद्र नामदेव, जगदीश बडार को उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष हितेश दुबे नियुक्त किया गया है। तो वहीं ललित हिडाऊ को जिला मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा जिला सहमंत्री के रूप में अनिकेत चौरसिया, रितेश कछवाहा, नागेश्वर बंजारा बनाए गए है। वहीं संकेत सोनी को जिला संयोजक तथा आयुष्मान साहू, वासु सिंधिया और मोहित कछवाहा को सह जिला संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। महिला एवं अन्य प्रमुख दायित्वों में श्रीमती शिल्पा पटेल को मातृशक्ति जिला संयोजिका, अंजली करोसिया को मातृशक्ति सह जिला संयोजिका, कु. मुस्कान यादव को दुर्गावाहिनी जिला संयोजिका तथा भव्या सोनी को दुर्गावाहिनी सह जिला संयोजिका बनाया गया है। वहीं रूपेश सोनवानी को जिला सत्संग प्रमुख और पवन रजक को विशेष संपर्क प्रमुख की जिम्मेदारी मिली है। विहिप के विभिन्न आयामों में सूची में विश्व हिंदू परिषद के विभिन्न आयामों के प्रमुखों के नाम भी शामिल हैं। नीलेश राय को जिला प्रसार-प्रचार प्रमुख, अमित जैन को धर्म प्रसार प्रमुख, सोनू पाठक को धर्माचार्य प्रमुख, सौरभ दुबे को सेवा प्रमुख तथा रेनू कछवाहा को गौरक्षा प्रमुख बनाया गया है। बजरंग दल टोली में चार पदाधिकारी को नियुक्त किए गए है जिसमें संगठन की सूची में बजरंग दल टोली में पीलेश्वर पटेल को गौरक्षा प्रमुख, अंकित ठाकुर को बलोपरासना प्रमुख, प्रखर पटेल को विद्यार्थी प्रमुख तथा अजय नंदा को सुरक्षा प्रमुख का दायित्व सौंपा गया है।



# इंडक्शन प्रोग्राम का हुआ आयोजन





मण्डला(स्वतंत्रमत)। मां रेवती कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नए शैक्षणिक सत्र के लिए एक प्रेरणादायक इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीएड, डीएलएड और बीकॉम के नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं का उत्साह के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय संचालक डॉ अभिषेक चौबे एवं प्राचार्या कनिका खरे के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के सभी सहायक प्राध्यापकों ने अपना परिचय देते हुए नए विद्यार्थियों को कॉलेज परिवार का हिस्सा बनने पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नवागत छात्रों को कॉलेज की शैक्षणिक योजना अनुशासन नियम और आगामी सांस्कृतिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और गानें संगीत व प्रेरणादायक भाषणों के माध्यम से नए साथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में समस्त शिक्षण स्टॉफ ने प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल और सफल शैक्षणिक भविष्य कामना की।

### मलेरिया पर विभाग की एडवाइजरी

मण्डला(स्वतंत्र मत)। वर्षा ऋतु के दौरान मलेरिया के बढ़ते खतरे को देखते हुए जिला मलेरिया अधिकारी राम शंकर साहू ने जिलेवासियों के लिए स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी की है। विभाग द्वारा जन-जागरूकता फैलाने के साथ-साथ मलेरिया प्रभावित हाईरिस्क ग्रामों में कीटनाशक छिड़काव का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। मलेरिया एक परजीवी के कारण होता है। भारत में मुख्य रूप से प्लास्मोडियम वाइवेक्स और प्लास्मोडियम फैल्सीपेरम पाए जाते हैं। इनमें से प्लास्मोडियम फैल्सीपेरम को मस्तिष्क ज्वर भी कहा जाता है, जो सर्वाधिक खतरनाक होता है। मलेरिया गंदे पानी, हवा या किसी भी अन्य मच्छर के काटने से नहीं बल्कि केवल संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है जो साफ पानी में पनपता है। कपकपी के साथ तेज बुखार सिरदर्द उल्टी होना बेचैनी कमजोरी, सुस्ती रुक-रुक कर बुखार आना, पसीना आकर बुखार उतरना तथा ठंड या गर्मी का अहसास होना शामिल हैं। मलेरिया फैलाने वाले मच्छर साफ पानी में पनपते हैं। छत पर खुली टंकियों खाली बर्तन मटके, गमले, टायर, कूलर, फ्रिज की ट्रे और गार्डन में रखे बर्तनों में एक सप्ताह से अधिक समय तक साफ पानी भरा रहने पर मच्छर अंडे देते हैं, जिनसे 7 से 10 दिन में वयस्क मच्छर बनते हैं। भरे हुए पानी को हर 3-4 दिन में अवश्य बदलें। पानी संग्रह करने वाली टंकी, बाल्टी और बर्तनों को ढंकर रखें।

# मामूली घरेलू विवाद पर कर दी हत्या

मण्डला, बिछिया(स्वतंत्र मत)। ग्राम नेवसा बहेरा में मामूली घरेलू विवाद ने उस समय खूनी रूप ले लिया, जब छोटे भाई ने फावड़े से हमला कर अपने बड़े भाई की हत्या कर दी। घटना के बाद थाना बिछिया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना 27 अगस्त 2026 की रात्रि की है। ग्राम कोटवार प्रतापदास भारते की सूचना पर थाना बिछिया पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बजारी मरकाम (45 वर्ष) और उसके छोटे भाई अनिल मरकाम (42 वर्ष) के बीच घरेलू बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर आरोपी अनिल मरकाम ने फावड़े से अपने बड़े भाई के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बिछिया में धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने आरोपी अनिल मरकाम को दिनांक 28 अगस्त को गिरफ्तार किया गया है जिसे रिमांड पर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रंजीत सिंह सैयाम, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार विजयवार, सउनि बालमुकुन्द चौरसिया, प्रधान आरक्षक अनिल मर्सकोले, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र परते तथा आरक्षक गजरूप उद्दे, अमृत मरावी एवं विशाल मरावी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# नैनपुर में उल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन पर्व



नैनपुर (स्वतंत्र मत)। भाई-बहन के अटूट स्नेह, प्रेम और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को नगर नैनपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर में पर्व को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षासूत्र बांधकर उनके सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार भेंट किए। रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में भी विशेष चहल-पहल रही। राखियों, मिठाइयों, फल एवं उपहारों की दुकानों पर दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रही। दूर-दराज रहने वाले भाई-बहन भी पर्व मनाने के लिए अपने घर पहुंचे, जिससे परिवारों में उत्सव का वातावरण रहा। धार्मिक एवं पारिवारिक परंपराओं के बीच मनाया गया यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते की आत्मीयता और भारतीय संस्कृति में पारिवारिक मूल्यों की गहराई को दर्शाता नजर आया। नगर में दिनभर रक्षाबंधन की खुशियां और भाई-बहन के प्रेम की मिठास दिखाई दी।

# स्थायी वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नैनपुर (स्वतंत्र मत)। नैनपुर पुलिस द्वारा माननीय प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मंडला द्वारा जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट की तामील करते हुए वारंटी मन्नू केवट पिता स्व. सियाराम केवट, उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बीजेगांव थाना नैनपुर को ग्राम बीजेगांव से गिरफ्तार किया गया। वारंटी के विरुद्ध स्फुट-क्र क्रमांक 259/2025 एवं प्रकरण क्रमांक 682/2026, धारा 147 भा.न्या.सं. 2023 के संबंध में माननीय न्यायालय द्वारा स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। दिनांक 29.08.2026 को थाना नैनपुर पुलिस द्वारा वारंटी की तलाश कर उसे गिरफ्तार किया गया तथा माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वारंटी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी नैनपुर मंशाराम बगेन, उप निरीक्षक राजकुमार हिरकने, प्रधान आरक्षक राजन मरावी एवं आरक्षक प्रशांत बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### इंडिया स्किल प्रतियोगिता पंजीयन 15 तक

मण्डला(स्वतंत्र मत)। युवाओं को अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का अवसर देने के लिए कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के तत्वाधान में इंडिया स्किल प्रतियोगिता 2026-28 के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू हो गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 15 सितंबर निर्धारित की गई है। इच्छुक युवा स्किल इंडिया डिजिटल पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को पहले जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करनी होगी। इसके बाद चयनित प्रतिभागी राज्य, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवाओं का चयन अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए उम्मीदवार की जन्मतिथि 1 जनवरी 2006 या उसके बाद की होना आवश्यक है।

### सार्वजनिक स्थान पर उपद्रव व शांति भंग करने वाले दो गये जेल



नैनपुर ( स्वतंत्र मत)। नगर में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नैनपुर पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए त्वरित वैधानिक कार्रवाई की गई है। बस स्टैंड परिसर में आम जनता के बीच विवाद, लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने की सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दो युवकों को हिरासत में लिया। राहुल यादव पिता समारोह यादव, उम्र 19 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 11 पुरानी बस्ती नैनपुर सचिन साहू पिता जागेश्वर साहू, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम किमची थाना केवलारी जिला सिवनी सार्वजनिक स्थल पर उपद्रव करने पर दोनों अनावेदकों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 126 एवं 135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। विधिवत गिरफ्तारी के पश्चात दोनों को माननीय न्यायालय अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम), नैनपुर के समक्ष पेश किया गया, जहां से न्यायालयीन आदेशानुसार दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# श्रीकृष्ण हैं शाश्वत एवं प्रभावी सृष्टि संचालक



**श्रीकृष्ण की समय-नियोजन क्षमता अद्भुत थी। 64 दिन में 64 कलाओं का ज्ञान प्राप्त करना इस बात का प्रमाण है कि जीवन में सीखने की गति और बहुआयामी दक्षता ही नेतृत्व की असली पहचान है। वे संगीत, नृत्य, युद्धकला, राजनीति, कूटनीति और दर्शन-हर क्षेत्र में पारंगत थे।**

ललित गर्ग

भगवान श्रीकृष्ण भारतीय संस्कृति के ऐसे अद्वितीय महापुरुष हैं, जिनके व्यक्तित्व में आध्यात्मिक ऊँचाई, लोकनायकत्व, व्यावहारिक बुद्धिमत्ता और कुशल प्रबंधन का अद्भुत संगम दिखाई देता है। वे केवल एक धार्मिक देवता नहीं, बल्कि सृष्टि के महाप्रबंधक, समय के श्रेष्ठ रणनीतिकार और जीवन के महान शिक्षक-संचालक भी हैं। उनका सम्पूर्ण जीवन इस बात का प्रमाण है कि सही प्रबंधन के बिना न तो राष्ट्र का संचालन संभव है, न ही व्यक्ति का उत्थान। उन्होंने यह सिखाया कि प्रबंधन केवल योजनाओं और नीतियों का नाम नहीं, बल्कि भावनाओं, विवेक, नीति और समय के सामंजस्य का विज्ञान है। वे प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों की संयोजना में सचेतन बने रहे। श्रीकृष्ण के आदर्शों से ही देश एवं दुनिया में शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। श्रीकृष्ण के प्रबंधन रहस्य को समझना होगा कि उन्होंने किस प्रकार आदर्श राजनीति, व्यावहारिक लोकतंत्र, सामाजिक समरसता, एकात्म मानववाद और अनुशासित सैन्य एवं युद्ध संचालन किया। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए किस तरह की नीति और नियत चाहिए-इन सब प्रश्नों के उत्तर श्रीकृष्ण के प्रभावी प्रबंधन सूत्रों से मिलते हैं, आधुनिक शासक-नायक यदि श्रीकृष्ण के मैनेजमेंट को प्रेरणा का माध्यम बनाये तो दुनिया में युद्ध, आतंक एवं अराजकता की स्थितियां समाप्त हो जाये एवं एक आदर्श समाज-निर्माण को आकार दिया जा सके।

श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व एवं कृतित्व नेतृत्व एवं प्रबंधन की समस्त विशेषताओं को समेटे बहुआयामी एवं बहुरंगी है, यानी राजनीतिक कौशल, बुद्धिमत्ता, चातुर्य, युद्धनीति, आकर्षण, प्रेमभाव, गुरुत्व, सुख, दुख और न जाने और क्या? एक देश-भक्त के लिए श्रीकृष्ण भगवान तो हैं ही, साथ में वे जीवन जीने की कला एवं सफल नागरिकता भी सिखाते है। उन्होंने अपने व्यक्तित्व की विविध विशेषताओं से भारतीय-संस्कृति में उच्च महाप्रबंधक का पद प्राप्त किया। एक ओर वे राजनीति के ज्ञाता, तो दूसरी ओर दर्शन के प्रकांड पंडित थे। धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक जगत् में भी नेतृत्व करते हुए ज्ञान-कर्म-भक्ति का समन्वयवादी धर्म उन्होंने प्रवर्तित किया। अपनी योग्यताओं के आधार पर वे युगपुरुष थे, जो आगे चलकर युवावतार के रूप में स्वीकृत हुए। उन्हें हम एक महान् क्रांतिकारी नायक के रूप में स्मरण करते हैं। वे दार्शनिक, चिंतक, गीता के माध्यम से कर्म और सांख्य योग के संदेशवाहक और महाभारत युद्ध के नीति निर्देशक थे। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में भी हम इन्हीं प्रबंधकीय विशेषताओं का दर्शन करते है, क्योंकि श्रीकृष्ण के जीवन-आदर्शों को आत्मसात करते हुए वे एक कुशल प्रबंधक के रूप में सशक्त भारत-नया भारत निर्मित कर रहे हैं।

श्रीकृष्ण ने द्वारका के शासक होते हुए भी कभी अपने को 'राजा' कहलाने में रुचि नहीं दिखाई। वे ब्रज के नंदलाल थे, ग्वालों के सखा, गोपियों के प्रियतम, और साथ ही धर्म के रक्षक भी। उनका जीवन दर्शाता है कि एक सच्चा नेता पद और सत्ता से नहीं, अपने कर्म और दृष्टिकोण से पहचाना जाता है। उन्होंने प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों के बीच अद्भुत संतुलन साधा-एक ओर वे महाभारत जैसे महायुद्ध के नीति निर्देशक थे, तो दूसरी ओर रास की मधुर लीलाओं में प्रेम और आनंद के स्वर बिखेरते थे। उनका प्रबंधन कौशल इस बात में स्पष्ट झलकता है कि अत्याचारी कंस को पराजित करने से पहले उन्होंने उसकी आर्थिक शक्ति को कमजोर किया। यह आधुनिक रणनीति की दृष्टि से भी सर्वोत्तम तरीका था, पहले प्रतिद्वंद्वी की संसाधन शक्ति को समाप्त करो, फिर निर्णायक प्रहार करो। यही व्यावहारिक सोच उन्हें आदर्श मैनेजमेंट गुरु बनाती है। महाभारत के युद्ध में वे स्वयं अस्त्र-शस्त्र नहीं उठाते, लेकिन रथसारथी बनकर अर्जुन के मानसिक संकट को दूर करते हैं। यह इस बात का प्रतीक है कि एक श्रेष्ठ प्रबंधक स्वयं अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर मार्गदर्शन देता है, लेकिन अपनी टीम को ही सफलता का श्रेय देता है।

गीता का उपदेश वास्तव में प्रबंधन का अमरसूक्त है, कर्तव्य के साथ कर्म में निष्ठा, परिणाम से अनासक्ति, समय पर निर्णय लेने की क्षमता और परिस्थितियों के अनुरूप रणनीति बदलने की लचीलापन। उन्होंने सिखाया कि असफलता का भय और परिणाम की चिंता व्यक्ति को कमजोर करती है, जबकि कर्तव्यपरायणता और आत्मसंयम सफलता की गारंटी है। श्रीकृष्ण की दृष्टि में इच्छाओं का त्याग, मन की स्थिरता, और विवेकपूर्ण कार्य-ये जीवन प्रबंधन के मूल सूत्र हैं। उनके व्यक्तित्व में असंख्य भूमिकाएं समाहित थीं, एक ओर वे सुदामा के लिए अद्वितीय मित्र हैं, तो दूसरी ओर दुष्ट शिशुपाल के वध में धर्म के कठोर संरक्षक। वे नंदगांव में माखन चुराने वाले नटखट बालक हैं, लेकिन वही आगे चलकर कुरुक्षेत्र में धर्मयुद्ध के नीति निर्माता भी हैं। यही विरोधाभासों का संतुलन उन्हें अद्वितीय बनाता है। उन्होंने दिखाया कि कब करुणामय होना है और कब कठोर, कब प्रेम करना है और कब दुष्टता का दमन करना है, यह निर्णय केवल वही कर सकता है जो परिस्थितियों को भलीभांति समझता हो और समय का सदुपयोग जानता हो। श्रीकृष्ण एक आदर्श चरित्र है जो अर्जुन की मानसिक व्यथा का निदान करते समय एक मनोवैज्ञानिक, कंस जैसे असुर का संहार करते हुए एक धर्मावतार, स्वार्थ पोषित राजनीति का प्रतिकार करते हुए एक आदर्श राजनीतिज्ञ, विश्व मोहिनी बंसी बजैया के रूप में सर्वश्रेष्ठ संगीतज्ञ, बृजवासियों के समक्ष प्रेमावतार, सुदामा के समक्ष एक आदर्श मित्र, सुदर्शन चक्रधारी के रूप में एक योद्धा व सामाजिक क्रान्ति के प्रणेता हैं। उनके जीवन की छोटी से छोटी घटना से यह सिद्ध होता है कि वे सर्वैश्वर्य सम्पन्न थे। धर्म की साक्षात् मूर्ति थे। कुशल राजनीतिज्ञथे। सृष्टि संचालक के रूप में एक महाप्रबंधक थे।

श्रीकृष्ण की समय-नियोजन क्षमता अद्भुत थी। 64 दिन में 64 कलाओं का ज्ञान प्राप्त करना इस बात का प्रमाण है कि जीवन में सीखने की गति और बहुआयामी दक्षता ही नेतृत्व की असली पहचान है। वे संगीत, नृत्य, युद्धकला, राजनीति, कूटनीति और दर्शन-हर क्षेत्र में पारंगत थे। एक श्रेष्ठ प्रबंधक की तरह उन्होंने न केवल अपनी क्षमताओं का विकास किया, बल्कि अपने समय और संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग भी किया। श्रीकृष्ण की राजनीतिक दृष्टि इतनी सूक्ष्म थी कि वे राजसत्ता को धर्मसत्ता के अधीन रखना चाहते थे। उनके जीवन में राष्ट्रहित सर्वोपरि था। उन्होंने विषमताओं को समाप्त करने, शत्रुता मिटाने और समाज में सामंजस्य स्थापित करने के लिए हर संभव प्रयास किया। उनके लिए सत्ता कोई व्यक्तिगत लाभ का साधन नहीं, बल्कि लोककल्याण का माध्यम थी। आवश्यकता पड़ने पर उन्होंने सत्ता का त्याग करने में भी संकोच नहीं किया। उनका ग्रामीण संस्कृति के प्रति प्रेम भी उल्लेखनीय है। माखनचोर की उनकी छवि केवल बाललीला नहीं, बल्कि उस समय की निरंकुश कर-व्यवस्था का प्रतिकार और ग्रामीण स्वावलंबन का समर्थन भी थी। उन्होंने गायों, ग्वालों और उनके उत्पादों को सम्मान और संरक्षण दिया, जिससे गांवों की आत्मनिर्भरता बनी रहे।

आज जब हम प्रबंधन की बात करते हैं तो यह केवल कॉर्पोरेट, व्यापार या राजनीति तक सीमित नहीं है। यह जीवन की हर परिस्थिति में लागू होता है, चाहे वह व्यक्तिगत विकास हो, सामाजिक नेतृत्व हो या राष्ट्रीय पुनर्निर्माण। श्रीकृष्ण के जीवन से हम सीख सकते हैं कि स्थिर मन, समय पर निर्णय, संसाधनों का सही उपयोग, और नैतिकता का पालन-ये सभी किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अनिवार्य हैं। श्रीकृष्ण का सम्पूर्ण जीवन सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, धर्मपालन, और समय-सम्बद्ध रणनीति का जीवंत उदाहरण है। उनके सिद्धांतों को अपनाकर ही भारत आत्मनिर्भर, शक्तिशाली और सांस्कृतिक दृष्टि से संपन्न बन सकता है। जैसे उन्होंने कहा-'यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति' जब भी अन्याय बढ़ेगा, तब एक श्रीकृष्ण का अवतरण होगा, और वह न केवल धर्म की पुनर्स्थापना करेगा बल्कि प्रबंधन की उस कला को भी जीवित रखेगा, जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र तीनों को संतुलित रूप से आगे बढ़ाती है। श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव-जन्माष्टमी पर आज भारत का निर्माण उनकी शिक्षाओं, जीवन-आदर्शों, प्रबंधन-कौशल एवं सिद्धान्तों पर करने की अपेक्षा है, तभी हिन्दू सशक्त होंगे, तभी भारत सही अर्थों में हिन्दू राष्ट्र बन सकेगा।

# मंगल-शनि का केंद्र दृष्टि योग, इन 4 राशियों के खत्म होंगे संघर्ष और बढ़ेगा धन

ज्योतिषीय गणना के अनुसार सितंबर की शुरुआत में मंगल और शनि की विशेष स्थिति से केंद्र दृष्टि योग का निर्माण होने जा रहा है। 1 सितंबर 2026, मंगलवार को दोपहर 03ः25 बजे मंगल और शनि एक-दूसरे से 90 डिग्री के कोण पर स्थित होंगे, जिससे यह खास योग बनेगा। हालांकि यह योग सीमित अवधि के लिए रहेगा, लेकिन ज्योतिष में मंगल और शनि दोनों को प्रभावशाली ग्रह माना जाता है, इसलिए इनकी विशेष स्थिति का असर कई राशियों के जीवन में देखने को मिल सकता है। खासतौर पर 4 राशियों के लिए यह समय करियर, कारोबार और आर्थिक मामलों में सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। लंबे समय से अटके काम गति पकड़ सकते हैं, मेहनत का बेहतर परिणाम मिल सकता है और धन से जुड़ी परेशानियों में भी राहत मिलने की संभावना बन सकती है। तो आइए जानते हैं वे कौन-सी 4 भाग्यशाली राशियां हैं, जिनके लिए मंगल-शनि का केंद्र दृष्टि योग शुभ साबित हो सकता है।



### मेष राशि

मंगल-शनि का केंद्र दृष्टि योग मेष राशि वालों के लिए काफी लाभदायक रह सकता है। आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने के साथ कारोबार में मुनाफा बढ़ सकता है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। लंबे समय से चल रहे किसी कानूनी मामले में राहत मिलने के संकेत हैं। जीवन में चल रहा संघर्ष धीरे-धीरे कम होगा और रिश्तों में आई खटास भी दूर हो सकती है।

### वृश्चिक राशि

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह योग सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा और काम करने की ऊर्जा में भी इजाफा होगा। कार्यक्षेत्र में आप पूरे उत्साह के साथ अपने काम को पूरा करने में जुटे रहेंगे। किसी पुराने मित्र या परिचित की मदद से अटका हुआ काम पूरा हो सकता है। आर्थिक दृष्टि से भी समय आपके पक्ष में रह सकता है और धन लाभ के अवसर मिलेंगे।

### धनु राशि

धनु राशि वालों के लिए मंगल-शनि का केंद्र दृष्टि योग प्रगति के नए रास्ते खोल सकता है। मेहनत का उचित फल मिलने से मन प्रसन्न रहेगा और मानसिक तनाव भी कम हो सकता है। विदेश में नौकरी, कारोबार या अपने काम का विस्तार करने की योजना है तो उसमें सफलता मिलने की संभावना है। सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय लोगों के मान-सम्मान में वृद्धि हो सकती है। आय बढ़ाने के नए अवसर भी प्राप्त होंगे।

# संतान की निरोगी और लंबी उम्र के लिए करें हल षष्ठी व्रत

भगवान बलरामजी के जन्मोत्सव के रूप में हल षष्ठी का पर्व मनाया जाता है। इस व्रत को हल षष्ठी इसलिए कहा जाता है क्योंकि बलरामजी का मुख्य शस्त्र हल तथा मूसल है। किसानों के लिए इस दिन हल पूजा का विशेष महत्व है। ग्रामीण अंचलों में इस त्योहार की धूम रहती है तथा मंदिरों में भी हल धारी भगवान बलरामजी की पूजा की जाती है। बलरामजी भगवान श्रीकृष्ण के ज्येष्ठ भ्राता हैं। उनका जन्म जन्माष्टमी से कुछ दिन पूर्व हुआ था।



यह व्रत पुत्रवती स्त्रियां करती हैं। इस व्रत को करने से उनकी संतान निरोगी तथा दीर्घायु होती है। व्रत करने वाली स्त्रियों के लिए इस दिन गाय के दूध व दही का सेवन करना मना है। इस दिन स्त्रियां प्रात:काल उठकर नित्य कर्मों से निवृत्त होकर आंगन को लीप कर या सफाई कर वहां एक छोटा तालाब बनाती हैं। तालाब में झरबेरी, ताश और पलाश की एक-एक शाखा बांध के बनाई गई हरछठ को गाड़ा जाता है। इसके बाद विधिवत इसकी पूजा की जाती है। पूजा करने के बाद भैंस के दूध से बने हुए मक्खन से हवन करें और भगवान से निवेदन करें कि वह आपको और आपके परिवार को सुखी और स्वस्थ रखें तथा आपके जीवन में कोई कष्ट नहीं आए। इसके बाद ध्यान लगाकर कथा सुननी चाहिए।

कथा- प्राचीन काल की बात है। एक गर्भवती स्त्री का प्रसव होने वाला था। उसे प्रसव पीड़ा भी शुरू हो गई थी लेकिन उसका सारा ध्यान इस बात पर था कि उसने गाय और भैंस का जो दूध निकाल कर रखा है उसका क्या होगा। यदि बच्चा अभी हो गया तो यह सब दूध बेकार जाएगा दूसरी ओर उसे असहनीय प्रसव पीड़ा भी हो रही थी जिससे उसे कुछ सूझ नहीं रहा था। आखिरकार उसने निर्णय लिया कि वह गाया का दूध बेचने जाएगी और उसने दूध और दही के घड़े अपने सिर पर रखे और उसे बेचने के लिए चल दी। लेकिन बीच राह में ही उसकी प्रसव पीड़ा और तेज हो गई तो उसने पेड़ों की ओट में एक सुंदर बच्चे को जन्म दिया। स्त्री का मोह अब भी दूध के प्रति कम नहीं हुआ और वह बच्चे को वहीं छोड़ निकट के गांव में दूध बेचने के लिए गई। वहां जाकर उसने गाय और भैंस के मिलावटी दूध को सिर्फ भैंस का दूध बताते हुए बेच दिया जिससे उसे अच्छी आमदनी हुई।

उधर उस नवजात पर आई विपत्तियां कम होने का नाम नहीं ले रही थीं एक तो जन्म के बाद उसकी मां उसे यूं ही जंगल में अकेला छोड़ कर चली गई थी दूसरी ओर पास ही के खेत में काम कर रहे किसानों के बैल भड़क गये जिससे हल का फल उस नवजात के सीने में धंस गया और वह मृत्यु को प्राप्त हो गया। किसान ने जब यह देखा तो बहुत दुखी हुआ उसने उस नवजात के सीने में टांके लगाए और उसे वहीं छोड़कर अपने स्थान को चला गया।

जब नवजात की मां वहां पहुंची और बच्चे को इस हालत में पाया तो उसे एकदम से सब कुछ समझ आ गया कि यह सब उसके पापों की सजा है। उसने जो दूध झूठ बोलकर गांव वालों को बेचा है उसकी सजा उसे मिल गई है। उसके अंतर्मन ने उसे प्रायश्चित करने को कहा तो वह गांव वापस गई और वहां गली-गली में घूमकर अपनी आपबीती सुनाई कि कैसे उसने झूठ बोलकर दूध बेचा और कैसे उसका नवजात बालक मृत्यु को प्राप्त हो गया। उसकी बात सुनकर लोगों को उस पर दया आ गई और उन्होंने उसे माफ करते हुए आशीर्वाद दिया। इसके बाद जब वह ग्वालिन वापस उसी स्थान पर पहुंची जहां उसने अपने बच्चे को छोड़ा था तो वहां यह देख कर आश्चर्यचकित रह गई कि उसका बच्चा जीवित है। उसी क्षण उसने निर्णय लिया कि आगे से वह कभी भी झूठ नहीं बोलेगी और झूठ बोलने को ब्रह्म हत्या के समान समझेगी।

# स्टाइल स्टेटमेंट बन रही हैं ग्रीन डायल प्रीमियम घड़ियां



किसी का भी व्यक्तित्व केवल पहनावे से प्रदर्शित नहीं होता। अगर हाथ में एक आकर्षक घड़ी हो तो व्यक्तित्व में चार चांद लग जाते हैं। आजकल घड़ी केवल समय देखने का साधन नहीं, नई पीढ़ी के लिए यह स्टाइल स्टेटमेंट है। इन दिनों जब हमने बाजार पर नजर डाली तो देखा प्लेटिनम, ब्लैक और ब्राउन के अलावा आइस ब्लू,डेनिम ब्लू और एवरग्रीन (हरे रंग) की घड़ियां ज्यादा पसंद की जा रही हैं।



### बड़े आकार के डायल में भी

इन दिनों बाजार में डायल के रंगों में नयापन देखने को मिल रहा है। पारंपरिक काले और सफेद के अलावा नीला, हरा, शैंपेन रंग उपलब्ध हैं। यही नहीं, डायल में भी बड़े आकार के ज्यादा लोकप्रिय हो रहे हैं। लड़के स्ट्रैप से ज्यादा चेन वाली घड़ियां पसंद कर रहे हैं। इससे उनके व्यक्तित्व में परिपक्वता नजर आती है। इसके साथ ही, महिलाओं की घड़ियों में पेस्टल रंग और डायमंड लगे डायल उपलब्ध है। घड़ी उनके एक्सेसरीज का एक हिस्सा है, इसलिए घड़ी को वे ब्रेसलेट के रूप में भी पहन लेती हैं।

### एवरग्रीन

रोलेक्स की डे डेट के नवीनतम संस्करण में जेड एवेंट्यूरिन से हबलाट की बिग बैंग के डायल और स्ट्रैप की घड़ियां इन दिनों लान्च हुई हैं। इनमें हरे रंग के डायल को खूब पसंद किए जा रहे हैं। युवाओं का कहना है कि इनका लुक रायल लगता है।

### स्टैप में हल्के रंग तक

चेन के अलावा कुछ लोगों को स्ट्रैप भी पसंद आते हैं, क्योंकि जिनके हाथों में बाल होते हैं, उन्हें चेन वाली घड़ियों से दिक्कत होती है। ऐसे में वे बेल्ट वाली घड़ियां पसंद करते हैं। इनमें हल्के रंग के डायल मिल रहे हैं, जैसे सिल्वर, दूधिया रंग, हल्का बादामी आदि घड़ियां पसंद की जा रही हैं।

### परपेचुअल कैलेंडर घड़ियां

ये ऐसी घड़ियां जो कैलेंडर के हिसाब से समय और तारीख बदलती रहती है। ऐसी घड़ियां काफी महंगी आती हैं। रोलेक्स, वाच मेकर सिटीजन और रैडो जैसे ब्रांड्स में ऐसी घड़ियां उपलब्ध होती हैं। घड़ियां केवल समय नहीं बताती, ये व्यक्ति के आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का परिचय देती हैं, साथ ही यह उनकी जीवनशैली का हिस्सा है।

# आउटफिट्स से बिल्कुल अलग कलर के फुटवेयर्स पहनना है लेटेस्ट और ट्रेंडी फैशन

कुछ वक्त पहले तक जहां आउटफिट्स से मैच करते हुए फुटवेयर्स पहनना स्टाइल स्टेटमेंट माने जाते थे, वहीं अब कॉन्ट्रास्ट कलर के फुटवेयर्स पहनना ट्रेंड में है. ब्लू, पिंक, गोल्डन और सिल्वर फुटवेयर्स को आप स्ट्राइप्ड, प्लेन यहां तक कि फ्लोरल आउटफिट्स के साथ भी टीमअप कर सकती हैं. और अगर आप ऐसा सोच रही हैं कि ये फैशन रूल सिर्फ कॉलेज़ गोइंग गर्ल्स के लिए है तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं, ऑफिस गोइंग लेडीज़ भी इन्हें कम्फर्टेबली कैरी कर रही हैं. ब्लैक एंड व्हाइट की ही तरह ब्लू सैंडल्स और शूज़ भी ट्रेंड में इन हैं लेकिन ब्लैक की तरह इन्हें हर एक आउटफिट्स के साथ मैच करना आसान नहीं होता है. ब्लू फुटवेयर्स के साथ ब्राउन, ग्रीन, व्हाइट, ब्लैक, न्यूट्रल्स और यलो रंग के आउटफिट्स परफेक्ट मैच बन रहे हैं. यहां तक कि आप इस कलर को फॉर्मल वेयर्स में भी ट्राय कर सकती हैं कुछ इस तरह. यहां ब्लैक सूट के साथ ब्लू हील्स को पेयर किया गया है.

### व्हाइट स्नीकर्स

ब्लैक की तरह व्हाइट शूज़ को भी लगभग हर आउटफिट्स के साथ टीमअप किया जा रहा है. हालांकि इनका लुक डेनिम के साथ ज्यादा अच्छा लगता है लेकिन कलरफुल, पैटर्न्ड आउटफिट्स और पेस्टल्स के साथ व्हाइट फुटवेयर परफेक्ट मैच बन रहे हैं. यहां ब्लू स्ट्राइप्ड शॉर्ट ड्रेस को व्हाइट स्नीकर्स के साथ पहना गया है जो देखने में बहुत ही क्लासी लग रहा है.

### रेड हील्स

फुटवेयर में रेड को थोड़ा बोल्ड माना जाता है. वैसे तो इन्हें सबसे ज्यादा ब्लैक, व्हाइट, न्यूट्रल्स, नेवी ब्लू, ऑरेंज और पिंक आउटफिट्स के साथ टीमअप किया जाता है लेकिन अब रेड आउटफिट के साथ भी रेड फुटवेयर को पहना जा रहा है. रेड वन-पीस, जंपसूट्स, शॉर्ट ड्रेसेज़ के अलावा आप रेड मैक्सी ड्रेस के साथ भी रेड पीप-टो स्ट्रैप वाले सैंडल पहन सकती हैं स्टाइलिश और डिफरेंट लुक के लिए.

### सिल्वर शूज़

डेनिम के साथ सिल्वर शूज़ पहनना भी गर्ल्स का स्टाइल स्टेटमेंट बनता जा रहा है. लेकिन इन्हें गोल्ड, ब्लैक, व्हाइट, रेड, नेवी ब्लू, पिंक और न्यूट्रल्स के साथ भी खूब पहना जा रहा है. न्यूट्रल्स के साथ भी खूब पहना जा रहा है. कॉलेज़ से लेकर पार्टी और कैजुअल लुक के लिए भी इसे बिंदास होकर कैरी कर सकती हैं.

### गोल्डन हील्स

इन्हें मैच करना ज्यादा मुश्किल नहीं है. ब्लैक, एमरल्ड ग्रीन, रेड और ब्लू के साथ इन्हें आसानी से मैच किया जा रहा है. प्रिंटेड स्कर्ट से लेकर ए-लाइन फ्रॉक स्टाइल मिनी स्कर्ट और शॉर्ट ड्रेस हर एक पर ये जंचेगा. यहां तक कि गोल्डेन हील्स को आप सिक्विन, ग्लिटर ऐसे चमक-दमक वाले आउटफिट्स के साथ भी कैरी कर पा सकती हैं स्टाइलिश लुक.

# नेपाल में बाढ़ की तबाही के बीच शर्मनाक लूट: बहकर आई तिजोरी से उड़ाए 92 लाख, महिला के शव से उतारी बालियां

काठमांडू

विनाशकारी बाढ़ और तबाही से जूझ रहे नेपाल से आपदा में अवसर जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जहां एक तरफ बाढ़ पीड़ितों की गिनती की जा रही है, वहीं दूसरी ओर चोर बाढ़ में बहकर आए रुपये लूट लिए हैं।

पुलिस ने त्रिशुली नदी के किनारे बाढ़ में बहकर आई एक तिजोरी को तोड़कर करीब 92.68 लाख रुपये लूटने के आरोप में 29 लोगों को गिरफ्तार किया है। यही नहीं, नारायणी नदी में बहकर आई एक मृतक महिला के शव से सोने की बालियां चुराने का वीडियो वायरल होने के बाद दो अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। दरअसल, तिजोरी भोटेकोशी इलाके में आई बाढ़ में बह गई थी और बाद में धाडिंग के गलछी ग्रामीण नगरपालिका-4 के बेलखुखोला के पास त्रिशुली नदी के किनारे मिली। पुलिस को सूचना मिली कि स्थानीय लोगों ने तिजोरी तोड़कर उसके अंदर रखी नकदी निकाल ली है।

पुलिस की एक टीम को तुरंत मौके पर भेजा गया और जांच शुरू की गई। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक तलाशी के दौरान 29 लोगों को हिरासत में लिया गया और उनके पास से 92,68,505 रुपये नकद बरामद किए गए।





गिरफ्तार किए गए अधिकांश लोग गलछी-4 स्थित मस्तर के निवासी हैं। वहीं कुछ आरोपी गलछी-6 के आदमघाट और सिद्धलेक-7 के आदमतर के रहने वाले हैं। इसके अलावा, अन्य आरोपी मूल रूप से चितवन और परसा के निवासी हैं, जो फिलहाल धाडिंग में रह रहे हैं।

पुलिस फिलहाल जब्त की गई नकदी के वास्तविक स्रोत की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि क्या इस वारदात में अन्य संदिग्ध भी शामिल थे।

एक अन्य झकझोर देने वाली घटना में, नारायणी नदी में बहकर आए एक शव से सोने की बालियां चुराने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के बाद की गई है। जिसमें दो व्यक्ति बाढ़ के पानी में बहकर आई एक मृत महिला के कानों से जबरदस्ती सोने की बालियां निकालते हुए दिखाई दे रहे थे।

नेपाल के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण ने शनिवार को बाढ़ से हुए नुकसान के आंकड़ों में बड़ा संशोधन किया है। नेपाल में अभी भी 2,426 लोग लापता हैं जबकि मृतकों की पुष्टि की गई संख्या बढ़कर 626 हो गई है।

# भारत-चीन का नाम लेकर रूस का ऐलान, हिला अमेरिका

नई दिल्ली

रूसी विदेश मंत्री सरगई लावो ने एक ऐसा खुलासा किया है जिसने वाशिंगटन से लेकर मॉस्को तक हलचल मचा दी है। लावरोव ने उस पल का जिक्र किया जब रूस ने खुद हाथ बढ़ाकर नाटो का हिस्सा बनने की इच्छा जताई थी। आखिर अमेरिका ने रूस को गले लगाने से क्यों मना किया और आज दशकों बाद वही रूस क्यों कह रहा है कि भारत, चीन और ब्राजील जैसे दिग्गज अब दुनिया की नई किस्मत लिख रहे हैं। दरअसल लावरोव ने अपने हालिया इंटरव्यू में उस ऐतिहासिक लम्हे को याद किया जब पुतिन ने क्लिंटन से कहा था कि अगर शीत युद्ध खत्म हो गया सोवियत संघ नहीं रहा तो फिर दूरियां क्यों हमें नाटो में क्यों नहीं लेते। लावरोव बताते हैं कि क्लिंटन ने उस वक्त एक ऐसी आवाज निकाली जिसे आम भाषा में झिझक या अनसुना कह सकते हैं। लावरोव का तर्क है कि पश्चिम कभी रूस को एक बराबर का खिलाड़ी नहीं मानना चाहता है। वे चाहते थे कि रूस एक कंट्रोलोल्ड



पार्टनर बनकर रहे जो बस पश्चिम के आदेशों का पालन करें। यही वह मोड़ था जहां से आधुनिक दुश्मनी की नींव पड़ी।

खबर का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा अब आता है। लावरोव ने खुलकर कहा कि हम एक ऐसी युग बदलने वाली घटना के गवाह बन रहे हैं जो शायद सदियों में एक बार होती है। लावरोव के अनुसार भारत, चीन और ब्राजील की आर्थिक और राजनीतिक ताकत अब मल्टीपोलर रियलिटी बन चुकी है। अब भारत, चीन और ब्राजील के युग की बात करें तो सबसे पहले नाम आता है भारत के पावर का। लावरोव का भारत का नाम लेना बहुत महत्वपूर्ण है। यह दर्शाता है कि रूस अब पूरी तरह से ग्लोबल साउथ पर निर्भर है। भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और तेजी से बढ़ती जीडीपी ने पश्चिम के एकाधिकार को चुनौती दी है। चीन भी पीछे नहीं है। चीन की शक्ति की बात करें तो बीजिंग अब वाशिंगटन के सामने एक दीवार बनकर खड़ा है। ब्राजील की बात करें तो ब्राजील की भूमिका लैटिन अमेरिका में ब्राजील अब एक स्वतंत्र रूप में उभर रहा है। यानी लावो का साफ कहना है कि पश्चिम अब भी पुरानी मानसिकता में जी रहा है। वे दुनिया को अपने चश्मे से देखना चाहते हैं। लेकिन अब पैसा और पावर दोनों एशिया और दक्षिण अमेरिका की तरफ शिफ्ट हो चुके हैं। लावरो ने याद दिलाया कि रूस ने बार-बार यूरोप को समझाने की कोशिश की कि उनका इरादा हमला करना नहीं है।

22 जुलाई और 12 जुलाई को रूसी अधिकारियों ब्लादिस लाओ, मस्लेनिको और खुद लावरोम ने संदेश दिया कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं। लेकिन नेशनल इंटरेस्ट सबसे ऊपर होगा। रूस अब जूनियर पार्टनर बनकर मेज पर नहीं बैठेगा। अब भारत के लिए इसके क्या मायने हैं? यह समझना जरूरी है और यह समझना जरूरी है कि लावरूप का यह बयान भारत को वैश्विक राजनीति के सेंटर स्टेज पर खड़ा करता है। रूस जानता है कि पश्चिम की घेराबंदी को तोड़ने के लिए उसे भारत जैसे विश्वसनीय दोष की जरूरत है। भारत अब केवल एक बाजार नहीं बल्कि एक ऐसा देश है जो मॉस्को और वाशिंगटन के बीच संतुलन बना सके। लावरोव का बयान भारत की बढ़ती सॉफ्ट और हार्ड पावर का एक ग्लोबल समूह है। तो क्या क्लिंटन ने उस वक्त रूस को ठुकराकर अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली थी?

# पिता को कस्टडी न मिले इसलिए मां ने 11 महीने के बेटे को मारी गोली, पुलिस से कहा- यह सही फैसला था

वाशिंगटन

न्यू मेक्सिको के सिल्वर सिटी से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां कस्टडी की लड़ाई में एक मां ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। 36 वर्षीय मेडेलीन वेरोनिक डेली को अपने ही 11 महीने के बेटे बेसिल स्टोनर का अपहरण करने और चेहरे पर गोली मारकर उसकी हत्या करने का दोषी ठहराया गया है। महिला ने इस खौफनाक वारदात को सिर्फ इसलिए अंजाम दिया ताकि बच्चे के पिता को उसकी कस्टडी न मिल सके।

सरकारी वकीलों के अनुसार, मेडेलीन ने कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करते हुए बच्चे का अपहरण किया और उसे राज्य की सीमाओं के पार व्योमिंग से न्यू मैक्सिको ले गई। अदालत ने बच्चे के पिता को उसकी आपातकालीन कस्टडी दी थी। पिता ने जांचकर्ताओं को बताया कि उसने आखिरी बार अपने बेटे को 28 सितंबर को देखा था। ग्रांट काउंटी शेरिफ कार्यालय ने 23 दिसंबर को मेडेलीन को सिल्वर



सिटी के पास एक आरवी पार्क में खोज निकाला। दरअसल, उसने वहां एक नौकरी के लिए आवेदन किया था, और बैकग्राउंड चेक के दौरान उसके खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट सामने आ गया। पुलिस को देखकर वह आरवी के अंदर भाग गई।

जब पुलिस अंदर जाने के लिए वारंट का इंतजार करते हुए आरवी को घेरे खड़ी थी, तभी उन्हें एक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। पुलिस तुरंत अंदर घुसी और देखा कि मेडेलीन ने 9 मिमी हैंडगन से बेसिल के चेहरे पर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी है। इसके बाद उसने खुद को भी गोली मारने की कोशिश की, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने उसे तुरंत काबू कर लिया। गिरफ्तारी के बाद, मेडेलीन ने पुलिस को बताया कि उसका मानना था कि ऐसा करके वह अपने बेटे को सुरक्षित कर रही है। हलफनामे के अनुसार, उसने कहा कि पिता और उसके रिश्तेदारों को बच्चे से दूर रखने के लिए बच्चे की जान लेना उसे उचित लगा। उसने पुलिस को बताया कि वह अपने बच्चे को महीने में दो बार नेब्रास्का और व्योमिंग के बीच इधर-उधर भटकने नहीं दे सकती थी। जब उससे पूछा गया कि पुलिस को अपनी तरफ आते देख उसके दिमाग में क्या चल रहा था, तो उसने जवाब दिया, बच्चे का पिता जेक बेसिल को नहीं ले जा सकता।

## देवरिया से गोरखपुर तक विकास और सुशासन की यात्रा को मिलेगी नई गति : योगी

लखनऊ, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पूज्य देवरहा बाबा की कृपाभूमि देवरिया से महायोगी गुरु गोरखनाथ की पावन तपोस्थली गोरखपुर तक सुशासन, विकास और लोक-कल्याण की यात्रा को नई गति मिलेगी। डबल इंजन की सरकार का संकल्प जन-जन का कल्याण और प्रदेश के हर क्षेत्र का समग्र विकास करना है।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि देवरिया के सलेमपुर और भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्रों में 305 करोड़ रुपये की लागत वाली 80 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा। इसके साथ ही गोरखपुर में 130 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 170 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास होगा।

उन्होंने बताया कि रासीनगर स्थित बशारतपुर में 'कल्याण मण्डपम' भी जनसेवा के लिए समर्पित किया जाएगा। इन परियोजनाओं से दोनों जिलों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ विकास को गति मिलेगी और आमजन को विभिन्न सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।

योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के साथ ही जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन-जन का कल्याण और हर क्षेत्र का विकास ही डबल इंजन सरकार का संकल्प है। विकास परियोजनाओं के माध्यम से पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और लोगों के जीवन को बेहतर बनाने का काम लगातार जारी है।

## गोपालगंज :जहरीली गैस की चपेट में आने से चार मजदूरों की मौत

**गोपालगंज, (वार्ता)** ।बिहार के गोपालगंज जिले के श्रीपुर थाना क्षेत्र के सवनही जगदीश गांव में शनिवार को शौचालय की टंकी का सेंटरिंग खोलने के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से चार मजदूरों की मौत हो गयी ।पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सवनही पट्टी गांव निवासी बंटी बैठा उर्फ राकेश (25), जावेद आलम उर्फ टीपू (30), गिद्धहा गांव निवासी सबे आलम (26) और गोपालपुर थाना क्षेत्र के सवनहीवृत्त गांव निवासी उमेश यादव (35) शौचालय की टंकी का सेंटरिंग खोलने के लिए बारी-बारी से टंकी में उतरे थे ।टंकी में उतरने के बाद चारों मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गये। काफी देर तक उनकी कोई जानकारी नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने उन्हें टंकी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक चारों की मौत हो चुकी थी।

# नागेंद्र का इस्तीफ़ा भाजपा-जेडीएस के आंदोलन का नतीजा: अशोक

बेंगलुरु, (वार्ता)

कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र का इस्तीफा भारतीय जनता पार्टी और जनता दल सेक्युलर के लगातार दबाव का नतीजा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के आठ दिन के आंदोलन का अच्छा नतीजा निकला है।

पत्रकारों से बात करते हुए श्री अशोक ने कहा कि भाजपा और जेडीएस के विधायकों ने विधानसभा के अंदर लगातार आठ दिनों तक विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया जिसमें विधायक दिन में आठ से 10 घंटे तक एक ही जगह खड़े रहकर नारे लगाते रहे और सरकार का विरोध करते रहे।

उन्होंने कहा, इस नतीजे का श्रेय हमारे उन सभी विधायकों और विधान परिषद सदस्यों को जाता है जिन्होंने आठ दिनों तक लगातार काम किया। वे हर दिन लगभग आठ से 10 घंटे तक सदन में डटे रहे, नारे लगाए और सरकार की निंदा की। इसी का नतीजा है कि आज हमें अच्छा परिणाम मिला है। श्री अशोक ने कहा कि भाजपा ने वाल्मीकि कॉर्पोरेशन फंड मामले में अपने आरोपों को साबित करने के लिए 37 दस्तावेज़ जारी किए हैं, जिनमें बैंकों के साथ आधिकारिक बातचीत, फोरेंसिक रिकॉर्ड और टेलीफ़ोन पर हुई बातचीत की जानकारी शामिल है।

बेंगलुरु में यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया की एमजी रोड शाखा से जुड़े दस्तावेज़ों का उल्लेख करते हुए उन्होंने उस व्यवस्था के औचित्य पर सवाल उठाया जिसके तहत बैंक में पैसे जमा किए जाते थे और उन जमा राशियों के बदले लोन लिया जाता था। उन्होंने पूछा, अगर हमारे पास पहले से ही पैसे हैं तो हमें उसके बदले लोन क्यों लेना चाहिए? क्या यह योजना प्रणाली को धोखा देने के लिए बनाई गई थी?

उन्होंने पूछा, अगर हमारे पास पहले से ही पैसे हैं तो हमें उसके बदले लोन क्यों लेना चाहिए? क्या यह योजना प्रणाली को धोखा देने के लिए बनाई गई थी?

कांग्रेस के इस दावे को खारिज करते हुए कि श्री नागेंद्र बेकसूर थे और उन्हें राजनीतिक कारणों से निशाना बनाया गया था, श्री अशोक ने कहा कि एसआईटी की फोरेंसिक रिपोर्ट में श्री नागेंद्र और नेक्कुंती नागराज के बीच हुई बातचीत का ब्योरा शामिल था।

उन्होंने यह भी दावा किया कि श्री नागेंद्र पर लोकायुक्त के सामने करीब 12 और कुल मिलाकर लगभग 35 मामले चल रहे थे। श्री अशोक ने कहा, श्री नागेंद्र ने यूं ही इस्तीफ़ा नहीं दिया।

# अमेरिका और वेनेज़ुएला के बीच हुआ दुनिया का सबसे बड़ा तेल समझौता : ट्रम्प

वाशिंगटन, (स्पूतनिक/वार्ता)

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने वेनेजुएला के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत अमेरिका को वेनेजुएला के 6,500 करोड़ बैरल से अधिक प्रमाणित तेल भंडार पर बहुमत नियंत्रण हासिल हुआ है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर लिखा, इस ऐतिहासिक समझौते से अमेरिका का तेल भंडार दोगुने से भी ज़्यादा हो जाएगा, हमारी तेल की आपूर्ति में भारी बढ़ोतरी होगी और सभी अमेरिकियों के लिए गैस की कीमतें काफी कम हो जाएंगी।



वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज़ ने अमेरिका के साथ हुए तेल समझौते का विस्तृत ब्योरा दिया। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रम्प और विदेश मंत्री मार्को रुबियो का धन्यवाद किया कि वे द्विपक्षीय संबंधों में एक मील का पत्थर साबित होने वाली इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हुए। सुश्री डेल्सी ने कहा कि इस समझौते का उद्देश्य निजी क्षेत्र की भागीदारी से तेल उत्पादन को बढ़ावा देना है। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि जनवरी की शुरुआत में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हिरासत में लिए जाने के बाद से अमेरिका वेनेजुएला के तेल से मुनाफा कमा रहा है।

फिल्म/टीवी मनोरंजन




## 'परम सुंदरी' के एक साल पूरे, 'परदेसिया' में जाह्नवी-सिद्धार्थ की रोमांटिक केमिस्ट्री फिर चर्चा में

फिल्म 'परम सुंदरी' के रिलीज के एक साल पूरे हो गए हैं और इस मौके पर फिल्म का लोकप्रिय गीत 'परदेसिया' एक बार फिर चर्चा में है। जाह्नवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा पर फिल्माया गया यह रोमांटिक गीत फिल्म के यादगार म्यूजिकल पलों में शामिल रहा है।'परदेसिया' में जाह्नवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा की रोमांटिक केमिस्ट्री ने दर्शकों का खास ध्यान आकर्षित किया था। गाने की मधुर धुन, खूबसूरत लोकेशंस और दोनों कलाकारों की सहज स्क्रीन प्रेजेंस ने इसके रोमांटिक एहसास को और प्रभावी बनाया। 'परम सुंदरी' की प्रेम कहानी को खूबसूरती से दर्शाने वाले इस गीत में जाह्नवी और सिद्धार्थ की जोड़ी ने प्यार और आकर्षण के कई रंग पेश किए। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को प्रशंसकों ने खूब पसंद किया और यही वजह है कि रिलीज के एक साल बाद भी 'परदेसिया' फिल्म की खास यादों में शामिल है। 'परम सुंदरी' के एक साल पूरे होने के साथ ही 'परदेसिया' एक बार फिर प्रशंसकों के बीच चर्चा में है। जाह्नवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा की जोड़ी वाला यह रोमांटिक म्यूजिकल मोमेंट आज भी दर्शकों के बीच अपनी खास पहचान बनाए हुए है।

## कार्तिक आर्यन ने बहन कृतिका के साथ मनाया रक्षाबंधन



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने रक्षाबंधन का त्योहार अपनी बहन कृतिका आर्यन के साथ खास और मस्ती भरे अंदाज में मनाया ।कार्तिक ने इस मौके पर सोशल मीडिया पर भाई-बहन के खूबसूरत पलों की तस्वीरें साझा कीं, जिनमें दोनों के बीच की मजबूत बॉन्डिंग और पारिवारिक गर्मजोशी साफ नजर आई। कार्तिक ने तस्वीरों की एक सीरीज साझा की है, जिसमें वह बहन कृतिका के साथ रक्षाबंधन की रस्में निभाते नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में कृतिका उन्हें मिठाई खिलाती दिखाई दे रही हैं, जबकि कार्तिक हाथ जोड़कर बहन से आशीर्वाद लेते नजर आ रहे हैं। वहीं, एक अन्य तस्वीर में दोनों अपने प्यारे पेट्स के साथ मस्ती करते दिखाई दे रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ कार्तिक ने अपने चिर-परिचित मजाकिया अंदाज में कैप्शन लिखा, 'राखी डन, आशीर्वाद क्रेडिटेड, जेब खाली।' कार्तिक का यह मजेदार अंदाज रक्षाबंधन के उस पहलू को बयां करता है, जिससे कई भाई आसानी से खुद को जोड़ सकते हैं। तस्वीरों में कृतिका हल्के हरे रंग के खूबसूरत पारंपरिक परिधान में नजर आ रही हैं, जबकि कार्तिक ने कैजुअल लुक चुना है। दोनों भाई-बहन तस्वीरों में काफी सहज और खुश नजर आ रहे हैं। कार्तिक और कृतिका का यह रक्षाबंधन सेलिब्रेशन प्यार, हंसी-मजाक और पारिवारिक गर्मजोशी से भरा रहा। कार्तिक का 'जेब खाली' वाला मजाकिया अंदाज भी सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान खींच रहा है।

## डॉ. शिवराजकुमार का 'ओरिजिनल मॉन्स्टर' में दिखेगा अब तक का सबसे खूंखार अवतार



पैन इंडिया सुपरस्टार डॉ. शिवराजकुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ओरिजिनल मॉन्स्टर' (ओएम) का पोस्टर और मोशन पोस्टर जारी कर दिया गया है। फिल्ममेकर आर. चंद्रू के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की पहली झलक में डॉ. शिवराजकुमार बेहद रौद्र और इंटेंस अंदाज में नजर आ रहे हैं। फिल्म के पोस्टर में खून, तबाही और अफरा-तफरी के बीच डॉ. शिवराजकुमार का खूंखार अवतार नजर आता है। उनकी दमदार स्क्रीन प्रेजेंस फिल्म की डार्क और रॉ दुनिया की झलक पेश करती है। पोस्टर सामने आने के साथ ही फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ गई है। फिल्म के निर्देशक आर. चंद्रू ने कहा कि 'ओरिजिनल मॉन्स्टर' को खास रॉनेस, स्केल और इंटेंसिटी के साथ तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि जब इस किरदार पर चर्चा शुरू हुई, तभी तय हो गया था कि इसके लिए ऐसी शख्सियत चाहिए, जिसकी स्क्रीन प्रेजेंस बेहद प्रभावशाली हो। डॉ. शिवराजकुमार इस किरदार के लिए बिल्कुल सही चुनाव हैं। यह सिर्फ एक और एक्शन फिल्म नहीं, बल्कि एक पूरी दुनिया है, जिसे बेहद जुनून के साथ तैयार किया जा रहा है। डॉ. शिवराजकुमार ने कहा कि जिस समय आर. चंद्रू ने उन्हें 'ओरिजिनल मॉन्स्टर' की कहानी सुनाई, उसी वक्त उन्हें किरदार की एनर्जी और खासियत महसूस हो गई थी। उन्होंने कहा कि यह किरदार काफी इंटेंस और पावरफुल है तथा दर्शकों ने उन्हें पहले जिन भूमिकाओं में देखा है, उससे काफी अलग है। उन्होंने कहा कि 'ओएम' उनके लिए बेहद रोमांचक सफर रहा है और वह इस नए अवतार को दर्शकों तक पहुंचाने के लिए उत्सुक हैं। मशहूर निर्माता एवं प्रेजेंटर आनंद पंडित ने कहा कि 'ओरिजिनल मॉन्स्टर' जबरदस्त महत्वाकांक्षा और विजन के साथ बनाई जा रही है।

# बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने निकाली जन आक्रोश रैली

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।




बढ़ती हुई महंगाई के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जन आक्रोश रैली निकाली गई। कांग्रेस नेता कंधे पर गैस सिलेंडर और हाथों में महंगाई के विरोध में लिखी तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनीता पटेल के नेतृत्व में यह रैली पुरानी गल्ला मंडी से शुरू हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो – झंडा चौक, , शक्ति चौक, महावीर भवन, पानी की टंकी होते हुए पलोटन गंज पहुची वहां पर सभा के रूप में परिवर्तित हो गई। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनीता पटेल ने कहा कि भाजपा के शासन में महंगाई चरम सीमा पर है। जहां एक ओर बेरोजगारी पैर पसारे हुए है, वहीं महंगाई के चलते आम आदमी का जीवन यापन करना दूभर हो रहा है। रसोई गैस सिलेंडर, शक्कर, तेल, दाल सहित घरेलू उपयोग में आने वाली सभी सामग्री के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार की कमर टूट गई है।

कांग्रेस नेता गौतम पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता को महंगाई के दलदल में धकेल दिया है। अच्छे दिन का वादा करने वाली सरकार ने गरीबों के मुंह से निवाला छीनने का काम किया है। कांग्रेस नेता जिनेश जैन ने कहा कि केंद्र सरकार उद्योगपतियों को फायदा पहुंचा रही है और आम जनता पर महंगाई का बोझ लाद रही है पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ने से हर चीज महंगी हो गई है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सतीश सैनी ने कहा कि अगर जल्द ही महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया तो कांग्रेस उग्र आंदोलन कर सड़कों पर उतरकर सरकार को जगाने का काम करेगी।

रैली के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जो सरकार निकम्मी है, वो सरकार बदलनी है और महंगाई कम करो जैसे जमकर नारे लगाए, रैली में कांग्रेस नेता विनोद राजोरिय जिला सदस्य मोना कौरव,नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजीव दुबे, चीचली ब्लॉक अध्यक्ष गिरजा शंकर साईं खेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष लखन पटेल महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता जायसवाल, कांग्रेस नेता उमेश नीरस, उमा गुप्ता,प्रियंका चादनी दीक्षित छोटेरजा कौरव, मुकेश गुप्ता, अवदेश रूसिया,गोलू गुप्ता सेवादल प्रभरी सौरभ जेन अध्यक्ष सूरज राय कपिल कौरव तिलक चौहान मनीष कौरव अभिषेक कौरव,मण्डलम अध्यक्ष संजय कौरव हंसु राय मोनू झिरा, राजदीप दुबे, एश राय मीडिया प्रभारी सुनील दुबे, नेतराम श्रीवास, कैलाश पंड्या, भूपेंद्र कौरव सहित कांग्रेस महिला मोर्चा, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल सहित सभी मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## मंत्री राव उदय प्रताप सिंह भाजपा नेता अब्दुल फिरोज खान के निवास पर पहुंचकर उनके छोटे भाई अनीस खान के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह गाडरवारा के वीजासेन वार्ड में भाजपा नेता अब्दुल फिरोज खान के निवास पर पहुंचे। उन्होंने अब्दुल फिरोज खान के छोटे भाई अनीश खान राजू के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि दुख की इस घड़ी में वे परिवार के साथ हैं । इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंदकान्त शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता मिनेन्द्र डागा, जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष अबरार खान, हाजी शेख शब्बीर, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रीतेश राय, राकेश अग्रवाल, पत्रकार पुखराज पांडे, कमल ठाकुर, मनीष ममार, राजेश नीरस, संजय गुप्ता, आदित्य शर्मा, शेख सोहेल, कपिल घारू, मोहम्मद शफीक, हसनी हुसैनी सोसायटी से लकी अली, अफजल खान, आमिर खान, जुबेर खान, अनश चिस्ती, अरमान खान सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## श्री तारण तरण जैन चैत्यालय जी में मनाया गया रक्षाबंधन



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भादवा बदी चतुर्दशी की रात्रि में श्री तारण तरण जैन चैत्यालय जी में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया।इस अवसर पर श्री चैत्यालय जी में जैन समाज में रक्षाबंधन के महत्व को बताते हुये कथा का बाचन किया गया जिसमें उल्लेख किया गया की किस तरह इस दिन मुनिश्री विष्णु कुमार ने राजा बलि के द्वारा अकंपनाचार्य सहित सात सौ मुनियों के ऊपर उपसर्ग किया जा रहा था तब उन्होंने इन मुनियों को अपनी सिद्दी से बचाया।इस अवसर पर श्री चैत्यालय जी में सभी ने एकदूसरे को रक्षा सूत्र बांधा।

# एमएलबी में खेल सभा, मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देकर ली फिट इंडिया प्रतिज्ञा

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर तीन दिवसीय आयोजन का शुभारंभ

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पीएम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (एमएलबी) नरसिंहपुर में शनिवार को खेल सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित कर विद्यार्थियों ने फिट इंडिया प्रतिज्ञा ली। इसके साथ ही विद्यालय में तीन दिवसीय खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा के निर्देशन एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी ब्रजेश शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।

प्राचार्य श्रीमती गायत्री सोनी, व्यायाम शिक्षक डॉ. अंजीता वर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक एवं छात्राओ की उपस्थित रही ।उक्त अवसर पर विद्यालय की छात्रा वॉलीबॉल प्लेयर रागिनी पटेल को सम्मानित किया गया। प्राचार्य श्रीमती गायत्री सोनी ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। खेल विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के साथ उनके आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से खेल एवं शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया।

### 31 अगस्त को साइकिल के साथ होगा समापन

तीन दिवसीय आयोजन का समापन 31 अगस्त को 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम के साथ किया जाएगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों के साथ स्थानीय नागरिकों को भी नियमित व्यायाम, साइकिलिंग और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# प्रमुख सचिव ऊर्जा मनीष सिंह ने खमतरा विद्युत उपकेन्द्र एवं पॉलीटेक्निक महाविद्यालय का किया निरीक्षण



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री मनीष सिंह ने नरसिंहपुर जिले के भ्रमण के दौरान उच्च दाब उपकेन्द्र 220/132/33 केव्ही खमतरा तथा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नरसिंहपुर का शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं एवं कार्यों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### उच्च दाब उपकेन्द्र का निरीक्षण

प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री मनीष सिंह ने उच्च दाब उपकेन्द्र खमतरा का निरीक्षण कर विद्युत आपूर्ति एवं उपकेन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले फील्ड कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने विद्युत कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में रोजगारमूलक प्रशिक्षण पर जोर

प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री मनीष सिंह ने शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नरसिंहपुर का निरीक्षण कर यहां संचालित रोजगारमूलक ट्रेडों एवं उनमें उपलब्ध सीटों की जानकारी प्राचार्य से ली। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर रिक्त सीटों को भरने के प्रयास किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को तकनीकी एवं रोजगारमूलक प्रशिक्षण का लाभ मिल सके। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में उपलब्ध खाली भूमि का सदुपयोग करने के निर्देश दिए। श्री सिंह ने कहा कि महिलाओं को कपड़ा निर्माण से संबंधित रोजगारमूलक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए संबंधित कंपनियों से चर्चा कर प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित करने की संभावनाएं तलाशें।

इससे महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने महाविद्यालय के छात्रावास की व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नरसिंहपुर, अधीक्षण अभियंता श्री नीलाभ श्रीवास्तव, कार्यपालन अभियंता श्री विवेक जसेले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीईओ जिपं ने किया ग्राम पंचायत खमतरा का निरीक्षण

### ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत खमतरा का शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत एवं शासकीय विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने सड़क एवं नाली से संबंधित समस्याएं बताई। सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे सार्वजनिक सड़कों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें और निर्माण सामग्री भी सड़क पर न रखें, ताकि आवागमन सुचारू बना रहे और आमजन को असुविधा न हो।

उन्होंने स्व'छ भारत अभियान के तहत ग्रामीणों को स्व'छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि गांव को स्व'छ एवं सुंदर बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। घरों से निकलने वाले कचरे को इधर-उधर न फेंकें तथा कचरे का उचित स्थान पर ही निस्तारण करें। उन्होंने ग्रामीणों से स्व'छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आव्हान किया।

## प्रमुख सचिव ऊर्जा मनीष सिंह की मौजूदगी में समस्या निराकरण शिविर सम्पन्न

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री मनीष सिंह के मुख्य आतिथ्य में नरसिंहपुर शहर वितरण केन्द्र में समस्या निराकरण शिविर शनिवार को आयोजित किया गया। प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर के दौरान प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से नागरिकों द्वारा प्रस्तुत की गई शिकायतों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से परीक्षण करते हुए निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण शासन की प्राथमिकता है। प्रमुख सचिव ऊर्जा ने शिविर में उपस्थित विद्युत उपभोक्ताओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उनके सुझाव भी प्राप्त किए।

# बैगलेस डे पर विद्यार्थियों ने बनाई भगवान शिव जी एवं श्री गणेश जी की मिट्टी की मूर्तियां

### विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां में हुए उत्साह के साथ शामिल हुए विद्यार्थी

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

शासकीय माध्यमिक शाला जमाड़ा में शनिवार को बैगलेस डे के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन शनिवार को किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए मिट्टी से भगवान शिव जी एवं भगवान श्री गणेश की आकर्षक मूर्तियां बनाकर उन्हें सजाया। विद्यार्थियों ने राखी निर्माण, मेहंदी, पेंटिंग, ड्राइंग, पवन चक्की निर्माण सहित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही खेलकूद गतिविधियों में भी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की शिक्षिका अनीता वर्मा एवं निधि उपाध्याय ने बताया कि रा'य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जुलाई से जनवरी माह तक प्रत्येक माह के किसी एक शनिवार को बैगलेस डे के रूप में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में विद्यालय में विद्यार्थियों को रचनात्मक एवं कौशल आधारित गतिविधियों से जोड़ते हुए यह आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षिकाओं आशा देवी साहू, सोनू बुधोलिया, शालिनी वर्मा, करुणा जाधव एवं विमला साहू का सहयोग रहा। छात्राओं डाली पटेल, पूर्वा पटेल, खुशी नामदेव, लक्ष्मी कुम्हार, वर्षा नामदेव एवं राखी गुर्जर सहित अन्य विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# साहित्यकार माहेश्वरी काल्पनिक के लघुकथा संकलन जीवन चित्र का विमोचन



**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** पाथेय साहित्यिक उपक्रम जबलपुर के तत्वावधान में नगर के वरिष्ठ साहित्यकार राकेश माहेश्वरी काल्पनिक की पांचवी कृति जीवन चित्र लघुकथा संकलन का विमोचन समारोह साहित्यकारों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व महापौर डॉ स्वाति गोडबोले ने कहा कि लघुकथा कम शब्दों में जीवन के व्यापक यथार्थ और सत्य को अभिव्यक्ति देती है. वरिष्ठ साहित्यकार अमरेंद्र नारायण ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बतलाया कि लघुकथा समाप्त होने के बाद भी पाठक के अंतर्मन में विचार और संवेदना के रूप में बनी रहती है. सारस्वत अतिथि प्रो एच. बी. पालन ने लघुकथा की शक्ति, भाषा, कथ्य और मितव्ययिता पर अपनी अभिव्यक्ति दी वहीं अन्य सारस्वत अतिथि प्रफुल्ल श्रीवास्तव ने अपनी वाणी से लघुकथा की सार्थकता जीवन के कटु सत्य को उजागर करने पर जोर दिया। भागवत अनुरागी कृष्णा निशा तिवारी ने स्वस्ति भाव प्रकट करते हुए लघुकथा में समाहित करुणा, संवेदना और मानवीय मूल्यों पर प्रकाश डाला. डॉ तनुजा चौधरी (पूर्व विभाग अध्यक्षहिन्दीप्रभाग होमसाइंस महाविद्यालय) ने अपने पूर्व विद्यार्थी अपने शिष्य राकेश माहेश्वरी की उपलब्धियों पर गौरवांवित हुई.।

उन्होंने लघुकथा लेखन के सिद्धांत और उसकी अहमियत पर अपना अभिमत अभिव्यक्त किया. प्रीति नामदेव सुप्रसिद्ध गायिका ने अपने भजन प्रस्तुत कर शमां बाँध दी. । पाथेय सृजन चेतना अलंकरण से एवं डॉ सुमित्र स्मृति अलंकरण से राकेश माहेश्वरी काल्पनिक को सम्मानित और अभिनन्दन कर शाल, श्री फल, अभिनंदन पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। जबलपुर की विविध साहित्यिक संस्थाओं द्वारा श्री माहेश्वरी को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम संचालन राजेश पाठक प्रवीण करते हुए राकेश माहेश्वरी की विमोचन कृति जीवन चित्र को जीवन सत्य का प्रतिबिंब बताया।

# मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत नगर पालिका नरसिंहपुर में आयोजित हुआ शिविर



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शनिवार को नगर पालिका नरसिंहपुर कार्यालय परिसर में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं की जानकारी प्रदान की। शिविर का उद्देश्य नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सहजता से उपलब्ध कराने के साथ उनकी समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करना रहा। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों के माध्यम से नागरिकों को संबंधित विभाग की योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त कर उन्हें योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी की गई। शिविर में कुल 58 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 49 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।शिविर में समग्र आईडी एवं ई-केवायसी, कॉमन सर्विस सेंटर, प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पशुपालन विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सामाजिक न्याय विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से नागरिकों को विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों की समस्याओं को समझते हुए उन्हें संबंधित योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित नागरिकों को योजनाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई और आवेदन प्रक्रिया में सहयोग किया। शिविर में किसानों की फार्मर आईडी एवं समग्र ई-केवायसी से संबंधित कार्य किए गए। नागरिकों को विभिन्न ऑनलाइन शासकीय सेवाओं की जानकारी एवं सुविधा उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच के बाद आवश्यकतानुसार दवाइयों का वितरण भी किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सामाजिक न्याय विभाग के स्टॉलों पर भी संबंधित योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को लाभ लेने के लिए मार्गदर्शन दिया गया।

**पात्र हितग्राहियों को वितरित किए हितलाभ**-शिविर के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित कर लाभान्वित किया गया। अधिकारियों ने नागरिकों से कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य पात्र नागरिकों को आवश्यक सुविधाएं एवं आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराना है। पात्र नागरिक आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित विभाग से संपर्क कर योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। शिविर में नागरिकों ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अपनी समस्याएं बताई। मौके पर निराकरण योग्य प्रकरणों का तत्काल समाधान किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष श्री नीरज दुबे, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री अजीत जाट, पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह लोधी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, हितग्राही एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी की नन्हीं बेटियों ने कलेक्टर की कलाई पर बांधा स्नेह का धागा

## हर्षिता की कविता ने जीता कलेक्टर का दिल,राखी बंधवाकर बेटियों को दिया स्नेह और उपहार





कटनी

सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने निकले कलेक्टर श्री आशीष तिवारी जब विकासखंड कटनी के ग्राम डिठवारा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचे, तो माहौल कुछ ही पलों में बदल गया। निरीक्षण के बीच नन्हीं बालिकाओं ने कलेक्टर को राखी बांधने की इच्छा जताई। कलेक्टर श्री तिवारी ने भी बड़ी सहजता और आत्मीयता के साथ उनसे राखी बंधवाया।इस छोटे-से पल ने पूरे आंगनवाड़ी केंद्र में अपनत्व की मुस्कान भर दी। कलेक्टर ने बच्चों को लाड़,प्यार और दुलार किया,जिससे बच्चे अत्यंत प्रफुल्लित हो गये।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमल मौर्य,एसडीएम कटनी श्री जितेन्द्र पटेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### निरीक्षण के बीच बच्चों से जुड़े सवाल

कलेक्टर श्री तिवारी ने आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं और उनके दस्तावेजों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने आंगनवाड़ी सहायिका श्रीमती करुणा शुक्ला से केंद्र में आने वाले बच्चों के आधार कार्ड और समग्र आईडी के संबंध में जानकारी प्राप्त की।उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र से जुड़े प्रत्येक बच्चे का आधार कार्ड एवं समग्र आईडी सहित आवश्यक दस्तावेज पूर्ण होना चाहिए, ताकि कोई भी बच्चा शासन की योजनाओं और सुविधाओं से वंचित न रहे। कलेक्टर ने बच्चों से बातचीत कर उनकी गतिविधियों, पढ़ाई, मिलने वाले नाश्ता और सुविधाओं के बारे में सहजता से जानकारी ली।

**हाथी राजा कहाँ चले'... और कलेक्टर के चेहरे पर आ गई मुस्कान-** इसी दौरान कलेक्टर श्री तिवारी की नजर नन्हीं बिटिया हर्षिता राजपूत पर पड़ी। उन्होंने हर्षिता से कविता सुनाने को कहा।हर्षिता ने बिना झिझक अपनी तोतली बोली में पूरे आत्मविश्वास के साथ 'हाथी राजा कहाँ चले....' कविता सुनानी शुरू कर दी। नन्हीं बालिका का आत्मविश्वास और उसकी मासूम प्रस्तुति देखकर कलेक्टर श्री तिवारी भी प्रसन्न हुए। उन्होंने हर्षिता को चॉकलेट देकर उत्साह बढ़ाया। यह पल केवल एक कविता सुनने का नहीं था, बल्कि उसे प्रोत्साहित करने का था, जो किसी बच्चे के व्यक्तित्व की मजबूत नींव बनता है।

### बन गया भाई-बहन का रिश्ता

डिठवारा आंगनवाड़ी में सबसे भावुक क्षण तब आया, जब नन्हीं बालिकाएं संजना राजपूत और हर्षिता राजपूत ने कलेक्टर की कलाई पर राखी बांधी। कलेक्टर श्री तिवारी ने स्नेहपूर्वक दोनों से राखी बंधवाई और उन्हें चाकलेट और उपहार भेंट कर सभी बच्चों से प्रतिदिन आंगनबाड़ी आने की बात कही।

# कलेक्टर ने गायों को खिलाया गो-ग्रास

कटनी



मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने कन्हवारा स्थित गौशाला का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, अतिरिक?त पुलिस अ?धीक्षक कमल मौर्य, एसडीएम कटनी श्री जितेन्द्र पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष से ली जानकारी

कलेक्टर श्री तिवारी ने गौशाला संचालन से जुड़ी प्रतिमा स्व सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती सीमा खंगार से गौशाला की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से पूछा कि गौशाला में गायों को नियमित रूप से भूसा मिल रहा है या नहीं। इस पर बताया गया कि गौशाला में कुल 130 गायें हैं, जिन्हें नियमित रूप से भूसा उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही गौशाला में साफ-सफाई की भी समुचित व्यवस्था रखी जाती है।

### कलेक्टर ने गायों को खिलाया गुड़ और केला

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने गौशाला में मौजूद गायों को गो-ग्रास, गुड़ और केला खिलाया। उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं को देखा और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली।

कलेक्टर श्री तिवारी ने गौशाला में गायों से होने वाले दूध उत्पादन के संबंध में भी जानकारी ली। इस पर बताया गया कि वर्तमान में गायों से लगभग 2 लीटर दूध प्राप्त हो रहा है। कलेक्टर श्री तिवारी ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को शत-प्रतिशत सेक्स-सॉर्टेड सीमन के माध्यम से उन्नत नस्ल की बछिया की संख्या बढ़ाने तथा दूध उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए पशुपालन को अधिक प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया।

# जबलपुर के साई शाह को मिला उच्च प्रशंसा पुरस्कार



कटनी

भारत के सर्वाधिक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में से एक द दून स्कूल ( ञ्जद्धद्ग ष्ठशशठ्ठ ह्यष्द्धशशद्य) में आयोजित त्रिदिवसीय आदर्श संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में साई शाह ने अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया! उसने आर्थिक एवं सामाजिक परिषद समिति (श्वष्टह्रस्ह्रष्ट) में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (ढ्ढठ्ठह्लद्गह्म्ठ्ठड्डह्लद्बशठ्ठड्डद्य रूशठ्ठद्गह्लड्डह्म्4 स्नह्वठ्ठस्र) के प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया। अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, प्रभावशाली वक्तृत्व एवं सराहनीय प्रस्तुति के माध्यम से उसे उच्च प्रशंसा पुरस्कार ( ॥द्बद्दद्ध ष्टशद्बद्दद्गठ्ठस्रड्ड-ह्लद्बशठ्ठ2ड्डह्लस्र) से सम्मानित किया गया। निस्संदेह यह उसकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि है और यह हमारे सम्पूर्ण शाह परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। विद्यालय एवं गुरुजनों के प्रति साई के माता-पिता दुर्गेश शाह एवं नीतु शाह ने आभार एवं कृतज्ञता ज्ञापित की जिन्होंने ऐसी श्रेष्ठता को पल्लवित किया।

# पीडीएस दुकानों की अनियमितता पर कार्रवाई जारी

### विजयराघवगढ़ में तीन उचित मूल्य दुकानें निलंबित,जांच में करीब 650 क्विंटल खाद्यान्न व 31 क्विंटल नमक के खुर्द-बुर्द करने का मामला सामने आया

**कटनी** गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए शासन द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले सार्वजनिक वितरण प्रणाली की शासकीय उचित मूल्य दुकानों में किसी भी तरह की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं करने के कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में खाद्यान्न खुर्द-बुर्द करने वाली राशन दुकानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिले में कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों की निगरानी और आकस्मिक जांच और कार्यवाही का सिलसिला जारी है।



इसी क्रम में विजयराघवगढ़ अनुविभाग में तीन शासकीय उचित मूल्य दुकानों को निलंबित किया गया है। इन दुकानों की जांच में गेहूं, चावल और नमक के स्टॉक में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं तथा बड़ी मात्रा में खाद्यान्न के अपयोजन के प्रकरण पाए गए।

**तीन दुकानों में सामने आई बड़ी गड़बड़ी**-कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजयराघवगढ़ श्री विवेक गुप्ता के नेतृत्व में कैमोर एवं आसपास के क्षेत्रों में उचित मूल्य दुकानों की आकस्मिक जांच कराई गई। सहायक आपूर्ति अधिकारी विजयराघवगढ़ जितेन्द्र बर्मन के जांच प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित दुकानों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई। भटिया मोहल्ला, कैमोर स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान क्रमांक 4208004 की जांच में विक्रेता,प्रबंधक मनोज मिश्रा के विरुद्ध गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। जांच के दौरान गेहूं 73.84 क्विंटल, चावल 48.56 क्विंटल एवं नमक 6.64 क्विंटल के अपयोजन का मामला सामने आया। खलवारा बाजार स्थित उचित मूल्य दुकान क्रमांक 4208003 में विक्रेता,प्रबंधक राजेश मिश्रा के स्तर पर गंभीर अनियमितता पाई गई। यहां गेहूं 175.31 क्विंटल, चावल 118.08 क्विंटल एवं नमक 13.19 क्विंटल के अपयोजन का प्रकरण निर्मित किया गया। इसी तरह अमरैया पार स्थित उचित मूल्य दुकान क्रमांक 4208002 की जांच में विक्रेता,प्रबंधक मनोज मिश्रा के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जांच में गेहूं 146.08 क्विंटल, चावल 89.58 क्विंटल एवं नमक 11.11 क्विंटल के अपयोजन का मामला सामने आया। इस प्रकार तीनों दुकानों में मिलाकर गेहूं, चावल और नमक की बड़ी मात्रा में अनियमितता सामने आई है।

निलंबन के साथ उपभोक्ताओं की सुविधा का भी रखा ध्यान*

कलेक्टर के सख्त निर्देश की वजह से जांच प्रतिवेदनों के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजयराघवगढ़ द्वारा तीनों उचित मूल्य दुकानों को निलंबित किया गया है ।जिला प्रशासन ने कार्रवाई के साथ यह भी सुनिश्चित किया कि दुकान निलंबित होने से किसी पात्र उपभोक्ता को राशन लेने में परेशानी न हो।इसी उद्देश्य से निलंबित उचित मूल्य दुकानों को जय माँ वीरासनी प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार, विजयराघवगढ़ द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान से संलग्न किया गया है, ताकि संबंधित उपभोक्ताओं को राशन वितरण निर्बाध रूप से मिलता रहे।

# टीम में चार खिलाड़ियों का चयन



**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में बालाघाट जिले के तिरोड़ा में 28 जुलाई से 5 अगस्त तक अंतर-जिला जूनियर बॉयज फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मंडला की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। मंडला जिले की फुटबॉल प्रतिभाओं ने एक बार फिर प्रदेश स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा 7 अगस्त से 22 अगस्त तक जबलपुर में जूनियर बॉयज का नेशनल कैंप आयोजित किया गया जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित 30 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कैंप के समापन के बाद मध्यप्रदेश जूनियर बॉयज फुटबॉल टीम के लिए 18 खिलाड़ियों की अंतिम सूची घोषित की गई। इसमें मंडला जिले के चार होनहार खिलाड़ियों गोलू परते, पंकज मरावी, लोकेश कुमार भारतीया एवं कृष्ण कुमार धुर्वे ने अपनी प्रतिभा अनुशासन और शानदार प्रदर्शन के दम पर प्रदेश की टीम में स्थान बनाया। मंडला के चारों खिलाड़ी 25 अगस्त से छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जूनियर बॉयज फुटबॉल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# अनाज गोदाम में कलेक्टर ने किया किसानों से चर्चा

## डिठवारा में शासकीय अनाज गोदाम का किया निरीक्षण

कटनी

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने ग्राम डिठवारा स्थित शासकीय अनाज गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अनाज लेने पहुंचे किसानों से संवाद कर शासन की योजनाओं एवं उन्हें मिल रहे लाभों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमल मौर्य, एसडीएम कटनी श्री जितेन्द्र पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



**किसान से पीएम किसान योजना की ली जानकारी**- कलेक्टर श्री तिवारी ने अनाज लेने पहुंचे किसान श्री चंदूलाल साहू से बातचीत की और उनसे शासन की पीएम किसान योजना से मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी ली। इसी प्रकार अन्य किसानो से सीधे संवाद कर कलेक्टर ने योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की।

**पात्र हितग्राहियों को अनाज मिलने में न हो परेशानी**- कलेक्टर श्री तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र हितग्राहियों को अनाज प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने वितरण व्यवस्था को सुचारू रखने और पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ नागरिक राकेश कुमार ने कलेक्टर श्री तिवारी से अपनी समस्या साझा की। उन्होंने बताया कि वे वर्तमान में कच्चे मकान में निवास कर रहे हैं और उनके घर का सर्वे कराकर पक्का मकान दिलाने की आवश्यकता है। राकेश कुमार की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए कलेक्टर श्री तिवारी ने उनका आवेदन प्राप्त किया तथा संबंधित अधिकारियों को मामले में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासन की आवासीय योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एनकेजे में उत्साह के साथ मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

कटनी

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एन.के.जे., कटनी में महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य श्री अविनाश कुमार पांडेय सहित श्रीमती रेखा मिश्रा, श्री जे.एन. तिवारी, श्री वी.के. पटेल, श्री रघुवर दास, श्री सुमित मसीह एवं अन्य शिक्षकों द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर कक्षा 11वीं 'सी' की छात्रा अनन्या गर्ग ने मेजर ध्यानचंद के जीवन एवं खेल उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्रभारी प्राचार्य श्री अविनाश कुमार पांडेय ने राष्ट्रीय खेल दिवस के आयोजन के उद्देश्य पर विस्तार से जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस की थीम 卐खेलेगा भारत, जीतेगा भारत卐 रखी गई।



राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न सदनवार खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ सहभागिता की। इंडोर गेम्स के अंतर्गत कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों में एकाग्रता, धैर्य, रणनीतिक सोच और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ावा मिला। आउटडोर गेम्स के अंतर्गत विभिन्न सदनों के बीच वॉलीबॉल, कबड्डी और रस्साकशी प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। छात्राओं की वॉलीबॉल प्रतियोगिता में रमन हाउस विजेता तथा शिवाजी हाउस उपविजेता रहा। छात्रों की कबड्डी प्रतियोगिता में अशोक हाउस ने प्रथम तथा रमन हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की कबड्डी में शिवाजी हाउस विजेता और टैगोर हाउस उपविजेता रहा। छात्राओं की रस्साकशी में अशोक हाउस विजेता तथा शिवाजी हाउस उपविजेता रहा, जबकि छात्रों की रस्साकशी में टैगोर हाउस प्रथम और शिवाजी हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। कैरम प्रतियोगिता में शिवाजी हाउस ने प्रथम, टैगोर हाउस ने द्वितीय तथा रमन हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शतरंज में अशोक हाउस के श्रीयांश दुबे एवं रमन हाउस के वेदांश कुमार विश्वकर्मा संयुक्त विजेता रहे, जबकि टैगोर हाउस के मोहम्मद रेहान उपविजेता रहे। प्राथमिक विभाग में 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कक्षा 4 के बालक वर्ग में निशांत प्रथम, अश्विनी कुमार द्वितीय और प्रीतम तृतीय रहे। बालिका वर्ग में सोनी कुमारी प्रथम, अंबिका द्वितीय और त्रिशा तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 5 के बालक वर्ग में अर्पित बैस ने प्रथम, कृष्णा चौरिया ने द्वितीय और अरनव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में अवनी प्रथम, संध्या द्वितीय और आकांक्षा तृतीय रहीं। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व, सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत किया। विद्यार्थियों ने 卐खेलेगा भारत, जीतेगा भारत卐 की भावना को आत्मसात करते हुए पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों एवं विजेता टीमों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। विद्यालय में आयोजित यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं आनंददायक रहा तथा उन्हें नियमित रूप से खेल गतिविधियों में सहभागिता के लिए प्रोत्साहित करने में सफल रहा।

# औद्योगिक क्षेत्र की हर बाधा होगी दूर : कलेक्टर

## लमतरा औद्योगिक क्षेत्र में हुये 'उद्यम संवाद' में कलेक्टर ने किया उद्योगपतियों से संवाद

कटनी

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत लमतरा औद्योगिक क्षेत्र के यूनियन पल्सेस के परिसर में कलेक्टर श्री आशीष तिवारी की अध्यक्षता में 'उद्यम संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों ने उद्योग संचालन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, आवश्यकताओं और सुझावों को अधिकारियों के समक्ष रखा। कलेक?टर ने उद्योगपतियों और औद्योगिक इकाईयों के संचालकों को आश?वस?त किया कि उनकी व?यवसायगत हर समस?याओं और बाधाओं का नियमानुसार निराकरण किया जाएगा।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, एसडीएम श्री जितेन्द्र कुमार पटेल, डीएसपी श्री शिवा पाठक, तहसीलदार श्री अजीत तिवारी एवं महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्रीमती ज्योति सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। लमतरा औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों ने उद्योगों के संचालन से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत कराया। उद्यमियों द्वारा उठाए गए प्रत्येक विषय पर कलेक?टर ने विस्तार से चर्चा किया तथा संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के संबंध में निर्देश दिए.इसी प्रकार लमतरा औद्योगिक क्षेत्र में अतिक्रमण से संबंधित समस्या भी उद्यमियों द्वारा कलेक्टर के समक्ष रखी गई। कलेक्टर श्री तिवारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम श्री पटेल को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए समस्या का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### लमतरा उद्योग संघ सहित बड़ी संख्या में उद्यमी रहे मौजूद

कार्यक्रम में लमतरा उद्योग संघ के अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल, भारती (कोरोशन एवं बैग प्रिंटिंग), अनुराग जैन (यूनियन एग्रो एवं यूनियन पल्सेस), संजय असरानी (राजवीर इंडस्ट्रीज) सहित अन्य उद्यमी उपस्थित रहे।

# नीरज चोपड़ा एशियन गेम्स से बाहर

### ट्रेनिंग के दौरान टखने का लिगामेंट फटा

### डायमंड लीग फाइनल और वर्ल्ड अल्टीमेट चैंपियनशिप भी नहीं खेलेंगे

नई दिल्ली।

नीरज चोपड़ा सितंबर में होने वाले एशियन गेम्स से बाहर हो गए हैं। उन्होंने शनिवार को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। चोपड़ा ने पोस्ट में लिखा, लॉजेन डायमंड लीग में सीजन का बेस्ट थ्रो करने के कुछ समय बाद ट्रेनिंग के दौरान टखने में चोट लगी। इससे लिगामेंट फट गया। इस चोट के कारण नीरज 5 सितंबर को ब्रसेल्स में होने वाले डायमंड लीग फाइनल में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इसके अलावा 11 से 13 सितंबर तक बुडापेस्ट में होने वाली पहली वर्ल्ड एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप से भी बाहर रहेंगे। नीरज ने कहा कि काफी मेहनत के बाद उन्हें लग रहा था कि वे अपनी लय हासिल कर रहे हैं। लॉजेन में 88.05 मीटर का थ्रो भी इसी का संकेत था।




### डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुके थे

नीरज ने लॉजेन डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने शुक्रवार को ही डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। उन्होंने इस सीजन में दो डायमंड लीग मुकाबले खेले और दोनों में दूसरे स्थान पर रहे। 19 जून को दोहा और 21 अगस्त को लॉजेन में दूसरे स्थान पर रहने से उन्हें कुल 12 अंक मिले। वे स्टैंडिंग में छठे स्थान पर रहे और 5 सितंबर को ब्रसेल्स में होने वाले फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। अब टखने की चोट के कारण वे इस फाइनल में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

### पीठ की चोट से वापसी कर रहे थे

नीरज पिछले साल सितंबर से लोअर बैक इंजरी से परेशान थे। इसी वजह से उनका 2026 सीजन भी देर से शुरू हुआ। उन्होंने दोहा डायमंड लीग से वापसी की। ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में भी वे पूरी तरह फिट नहीं थे। इसके बावजूद उन्होंने 85.83 मीटर थ्रो के साथ सिल्वर मेडल जीता। श्रीलंका के रुमेश थरांगा ने 89.75 मीटर के थ्रो के साथ गोल्ड जीता था।

# कपिल देव ने किया टीजीसीएल के लिए जीबी चंडीगढ़ लीजेंड्स टीम का अनावरण

**चंडीगढ़।** क्रिकेट विश्व कप विजेता कप्तान और दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव ने शनिवार को ट्रिनिटी गोल्फ चैंपियंस लीग (टीजीसीएल)-2026 के लिए चंडीगढ़ की टीम का शुभारंभ किया।मौजूदा चैंपियन चंडीगढ़ टाइटंस ने नए नाम और पहचान के साथ जीबी चंडीगढ़ लीजेंड्स के रूप में आगामी सत्र में उतरने की घोषणा की।विशेष लॉन्च समारोह में टीम के मालिकों, नेतृत्व, खिलाड़ियों, साझेदारों और अन्य गणमान्य लोगों की मौजूदगी में नई पहचान का अनावरण किया गया।टीम ने इस अवसर पर 'ए न्यू नेम, ए बिगर गेम, ए स्ट्रॉन्गर लेगेसी' का संदेश दिया।'फ्रॉम चंडीगढ़्स ग्रीन्स टू इंडिया'स फेयरवेज' थीम के साथ टीम ने चंडीगढ़ की गोल्फ विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर आगे ले जाने की प्रतिबद्धता जताई।कपिल देव ने कहा कि किसी शहर का प्रतिनिधित्व करने वाली खेल टीम को देखकर हमेशा विशेष खुशी होती है।चंडीगढ़ की शानदार खेल संस्कृति है और जीबी चंडीगढ़ लीजेंड्स इस भावना को बड़े मंच तक ले जाने का अवसर है।उन्होंने टीम को आगामी सत्र के लिए शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि टीम आत्मविश्वास के साथ खेलेगी और चंडीगढ़ को जश्न मनाने के और मौके देगी।टीम के सह-मालिक करण गिलहोत्रा ने कहा कि नई पहचान का उद्देश्य एक स्थायी खेल विरासत तैयार करना है।उन्होंने कहा कि गोल्फ कौशल, अनुशासन, धैर्य और चरित्र का खेल है तथा टीम इन्हीं मूल्यों को अपनाना चाहती है।मौजूदा चैंपियन होने के कारण टीम पर पिछले प्रदर्शन के स्तर को बनाए रखने के साथ भविष्य के लिए कुछ बड़ा करने की जिम्मेदारी भी है।



# कप्तानी जाने पर पहली बार सूर्यकुमार बोले डेढ़ महीने सोचता रहा ऐसा कैसे हुआ

### कहा लगा था ओलिंपिक और अगले टी-20 वर्ल्ड कप में कप्तान रहूंगा

नई दिल्ली।

भारत के पूर्व टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली बार कप्तानी छिनने पर बात की। उन्होंने कहा, 'मैं करीब डेढ़ महीने तक घर बैठकर सोचता रहा कि ऐसा कैसे हो सकता है।' पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा के यूट्यूब चैनल पर सूर्यकुमार ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि वे 2028 लॉस एंजिल्स ओलिंपिक और अगले टी-20 वर्ल्ड कप तक टीम की कप्तानी करेंगे।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद सिलेक्शन कमेटी ने उन्हें कप्तानी से हटा दिया और श्रेयस अय्यर को नया कप्तान बनाया। यहां तक आयरलैंड और इंग्लैंड दौरों की टीमों में भी उन्हें शामिल नहीं किया गया। सिलेक्टर्स ने उनके खराब फॉर्म को वजह बताया।




सूर्यकुमार ने बताया कि टीम से बाहर किए जाने पर खुद को सिलेक्टर्स की जगह रखकर सोचा। समझने की कोशिश की कि वे उनसे आगे बढ़कर भविष्य के लिए नई टीम क्यों बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा- 'जब मेरा नाम टीम में नहीं था, तब मैं मुस्कुराया। मैच के दौरान जब भी दबाव की स्थिति आई, मैंने खुद को शांत रखने की कोशिश की। मैंने सोचा नहीं था कि ऐसा होगा। सूर्या ने खुद को मिले मौकों के लिए शुक्रिया भी कहा।

### फोन पर सिलेक्टर्स ने कहा आप टीम में नहीं होंगे

सूर्या ने कहा कि टीम के ऐलान से तीन दिन पहले सिलेक्शन कमेटी ने मुझसे बात की थी। मुझे बताया गया था, इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में मेरा नाम नहीं होगा। अब आगे बढ़ने का समय है। मैंने रिएक्ट नहीं किया, क्योंकि इसमें मेरी गलती नहीं थी। इस पर सूर्या ने सिलेक्टर्स से कहा- जो फैसला लिया गया, वह निश्चित ही टीम के लिए बेहतर होगा। आपने फैसला लिया और मुझे बता दिया। कोई समस्या नहीं है। मैं खेलता रहूंगा। जब आपको लगे कि सही समय है, तब बुला लीजिए।

# हमें और बड़े मैच खेलने होंगे : ब्रूनो कौटिन्हो

**कोलकाता।** भारत के पूर्व कप्तान और अर्जुन पुरस्कार विजेता ब्रूनो कौटिन्हो का मानना है कि ब्राज़ील, उरुग्वे और पनामा जैसी टीमों का सामना करने से भारत को बहुत कीमती अनुभव मिलेगा और इससे राष्ट्रीय टीम को बेहतर बनने में मदद मिलेगी।सितंबर-अक्टूबर के फीफा विंडो के दौरान अंतराष्ट्रीय फ्रेंडली मैचों के लिए वर्ल्ड कप खेलने वाले तीन देशों के भारत आने की तैयारी के साथ, भारतीय फुटबॉल हाल के समय की अपनी सबसे बड़ी चुनौतियों में से कुछ के लिए तैयार हो रहा है।

ये मैच खिलाड़ियों के लिए विश्व फुटबॉल की कुछ सबसे मजबूत टीमों के खिलाफ खुद को परखने और उस अनुभव से सीखने का एक मौका हैं।कौटिन्होने प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार जीता, भारत के लिए 44 मैच खेले और 1996 में एआईएफएफ प्लेयर ऑफ़ द ईयर चुने गए। हाल के वर्षों में, वह भारतीय फुटबॉल से गहराई से जुड़े रहे हैं और ग्रासरूट डेवलपमेंट, स्टेट एंबेसडरशिप और कोचिंग मेंटरशिप पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।उन्होंने कहा, ब्राज़ील और उरुग्वे बहुत मुश्किल प्रतिद्वंद्वी हैं।हर कोई जानता है कि वे कितने मजबूत हैं और कितनी लगातार वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करते हैं।भारतीय खिलाड़ियों के लिए यह मुश्किल होगा, लेकिन उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहिए और अपनी पूरी क्षमता के साथ खेलना चाहिए।चाहे हम जीतें या हारें, हम अपनी गलतियों से सीख सकते हैं।एक या दो मैच सब कुछ नहीं बदल सकते।भारत को लगातार काम करना होगा और एक फुटबॉल देश के तौर पर बेहतर होना होगा।हमें ऐसे और बड़े मैच खेलने होंगे। कौटिन्हो का मानना है कि भारत को एशिया की प्रमुख टीमों में से एक के तौर पर खुद को स्थापित करना चाहिए।

# राउंडग्लास गोल्फ अकादमी का दबदबा, गुंतास कौर संधू बनीं चैंपियन

**चंडीगढ़।** अपने घरेलू मैदान पर पूर्ण दबदबा कायम करते हुए, राउंडग्लास गोल्फ अकादमी (आरजीजीए) की खिलाड़ियों ने आईजीयू चंडीगढ़ लेडीज और जूनियर गर्ल्स गोल्फ चैंपियनशिप 2026 में शीर्ष सम्मान हासिल किए।25 से 28 अगस्त तक चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में आयोजित इस बेहद प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट में आरजीजीए की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर के बेहतरीन गोल्फरों को पीछे छोड़ दिया। अकादमी की ओर से गुंतास कौर संधू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लेडीज, कैटेगरी ए और कैटेगरी बी डिविजन में ओवरऑल विजेता का ताज अपने नाम किया।आरजीजीए की इस स्टार खिलाड़ी ने कंबाइंड ए और बी गर्ल्स कैटेगरी में भी विजेता की ट्रॉफी हासिल की। 54-होल के इस इवेंट में संधू शानदार फॉर्म में




थीं।74 के ठोस स्कोर के साथ शुरुआत करने के बाद, उन्होंने दूसरे दिन 70 का बेहतरीन 2-अंडर-पार स्कोर बनाकर लीडरबोर्ड में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।इसके बाद उन्होंने अंतिम राउंड में अपना संयम बनाए रखा और 73 का स्कोर करते हुए 217 के प्रभावशाली कुल स्कोर के साथ प्रतियोगिता का समापन किया।उनके शानदार शॉट-मेकिंग ने यह सुनिश्चित किया कि वह ओवरऑल स्टैंडिंग में अपने निकटतम प्रतिस्पर्धियों से पांच स्ट्रोक के स्पष्ट अंतर से आगे रहें।अकादमी के इस शानदार सप्ताह में ओजस्विनी सारस्वत ने उल्लेखनीय निरंतरता दिखाते हुए कैटेगरी बी गर्ल्स का खिताब अपने नाम किया।पिछले साल इसी टूर्नामेंट में कैटेगरी सी की चैंपियन रहीं सारस्वत ने बेहतरीन तरीके से खुद को नई कैटेगरी में ढाला।उन्होंने 75, 74 और 74 के तीन बेहद स्थिर राउंड खेले और कुल 223 का स्कोर बनाया। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन ने न केवल उन्हें कैटेगरी बी का ताज दिलाया, बल्कि कड़ी प्रतिस्पर्धा वाली कंबाइंड ए और बी कैटेगरी में अपनी आरजीजीए टीम की साथी के ठीक पीछे रहते हुए उपविजेता का स्थान भी पक्का किया। अकादमी के इस बेहतरीन प्रदर्शन को रबाब काहलों ने और भी खास बना दिया। उन्होंने शानदार खेल दिखाते हुए कैटेगरी बी गर्ल्स डिविजन में तीसरा स्थान हासिल किया। काहलों ने कुल 230 के स्कोर के लिए 76, 77 और 77 के स्थिर राउंड दर्ज किए, जिससे टूर्नामेंट के पोडियम पर आरजीजीए की मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित हुई।

# गुरनूर बरार दलीप ट्रॉफी में नॉर्थ जोन के लिए खेलेंगे

नयी दिल्ली।

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को नॉर्थ ज़ोन की टीम में शामिल किया गया है।वह रविवार को साउथ जोन के खिलाफ होने वाले दिलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में खेलेंगे।यह मुकाबला बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेला जायेगा। गुरनूर श्रीलंका के खिलाफ भारत की टेस्ट सीरीज के ठीक बाद टीम से जुड़े हैं। यह सीरीज़ गुरुवार को भारत की 1-0 से जीत के साथ खत्म हुई थी। ऐसा माना जा रहा है कि गुरनूर सीधे प्लेइंग इलेवन में शामिल होंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ता उन्हें ज़्यादा से ज़्यादा रेड-बॉल क्रिकेट खेलने का मौका देना चाहते हैं, ताकि नवंबर में न्यूजीलैंड में होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले वे तैयार हो सकें।हालांकि गुरनूर ने अभी तक टेस्ट डेब्यू नहीं किया है, लेकिन वे भारत की पिछली दो



टेस्ट टीमों का हिस्सा रहे हैं और एक साल से ज़्यादा समय से बीसीसीआई के चुने हुए खिलाड़ियों के ग्रुप में शामिल हैं।जुलाई में,वह इंडिया ए के साथ श्रीलंका दौरे पर गए थे और दूसरे अनऑफ़िशियल टेस्ट में 145 रन देकर 10 विकेट लिए थे।कुल मिलाकर, उन्होंने 19 फ़र्स्ट-क्लास मैचों में 25.24 की औसत से 62 विकेट लिए हैं।23 साल के गुरनूर ने जून में अफ़गानिस्तान के ख़िलाफ़ अपना वनडे डेब्यू किया था और इंग्लैंड के हालिया दौरे पर तीनों वनडे मैचों में खेले थे।

# इंडिगो वेंचर्स ने विमानन क्षेत्र में एआई को बढ़ावा देने के लिए सर्वम में किया निवेश

**नयी दिल्ली।** प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो की कॉर्पोरेट वेंचर कैपिटल शाखा इंडिगो वेंचर्स ने विमानन कारोबार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को बढ़ावा देने के लिए एआई कंपनी सर्वम में निवेश किया।कंपनी ने बताया कि यह निवेश सर्वम के सीरीज बी फंडिंग राउंड के तहत किया गया है।यह इंडिगो और सर्वम के बीच पहले से मौजूद साझेदारी को और मजबूत करता है।दोनों कंपनियां एआई तकनीकों के माध्यम से एयरलाइन में ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने, कर्मचारियों को अधिक सक्षम बनाने और जटिल परिचालन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए मिलकर काम कर रही हैं।यह निवेश इंडिगो में एआई आधारित नवाचार और




परिचालन उत्कृष्टता को गति देने के लिए एक दीर्घकालिक मंच तैयार करता है। इंडिगो के मुख्य डिजिटल एवं सूचना अधिकारी नीतन चोपड़ा ने कहा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तेजी से विमानन उद्योग की एक मूलभूत क्षमता बनती जा रही है।यह ग्राहक अनुभव, कार्यबल की उत्पादकता और परिचालन संबंधी निर्णय लेने की प्रक्रिया को नया रूप दे रही है। सर्वम के साथ हमारी साझेदारी से इंडिगो को देश में विकसित और बाजार की जरूरतों के अनुरूप तैयार अत्याधुनिक एआई क्षमताओं तक पहुंच मिलती है।इन तकनीकों को अपनी परिचालन विशेषज्ञता और व्यापक क्षमता के साथ जोड़कर हम नवाचार को तेज कर सकते हैं और अपने ग्राहकों, कर्मचारियों तथा अन्य हितधारकों के लिए अधिकतम मूल्य तैयार कर सकते हैं।

# अर्जेंटीना के साथ संयुक्त व्यापार वार्ता में सहयोग बढ़ाने पर जोर

**नयी दिल्ली।** भारत-अर्जेंटीना संयुक्त व्यापार समिति की चौथी बैठक में दोनों देशों ने खनन, ऊर्जा और अवसंरचना समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। ब्यूनस आयर्स के पलासिओ सैन मार्टिन में 24 अगस्त को आयोजित इस बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने किया।अर्जेंटीना की तरफ से प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वहां के अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंध सचिव फर्नांडो ब्रून ने किया। दोनों पक्षों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2025 में अर्जेंटीना यात्रा के दौरान निश्चित रोडमैप पर हुई प्रगति की समीक्षा की और द्विपक्षीय रणनीतिक तथा आर्थिक साझेदारी को और अधिक सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहरायी।भारत और अर्जेंटीना के बीच साल 2025 में 6.5 अरब डॉलर का अंतरराष्ट्रीय व्यापार था।इसमें 17 प्रतिशत से अधिक की लगातार वार्षिक वृद्धि दर्ज की गयी।भारत अर्जेंटीना का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा है।विदेशी व्यापार को सुगम बनाने, शुल्क से इतर बाधाओं को कम करने और निवेश को बढ़ावा देने के लिए अर्जेंटीना के निरंतर प्रयासों से वहां के बाज़ार में भारतीय कंपनियों की भागीदारी बढ़ने की आशा है।दोनों पक्षों ने आर्थिक साझेदारी के विस्तार के साथ-साथ पारस्परिक सहयोग बढ़ाने और एक-दूसरे के उद्यमों के लिए अवसरों का अधिक संतुलित ढांचा सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया।बैठक में खनन, ऊर्जा और अवसंरचना क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर भी चर्चा हुई।

# ज्यादा शक्कर-तेल वाली खाने पीने की चीजों पर लगेगी चेतावनी

### पैकेट पर लाल रंग का षटकोण बनाया जाएगा

### एफएसएसएआई का सुप्रीम कोर्ट को प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** खाने-पीने के किसी पैक सामान में अगर नमक-शकर या सैचुरेटेड फैट की मात्रा लिमिट से ज्यादा हुई तो पैकेट पर षटकोण लाल निशान होगा। चेतावनी भी लिखी होगी। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने यह प्रस्ताव सुप्रीम कोर्ट में पेश किया है। इसका मकसद ऐसे फूड आइटम को लेकर लोगों को सावधान करना है।

एफएसएसएआई के प्रस्ताव के मुताबिक, यह वार्निंग लेबल लाल



रंग के षटकोण आकार का होगा। इसे पैकेट के सामने लगाया जाएगा।दरअसल, 3एस एंड अवर हेल्थ सोसाइटी नाम के एक पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाकर डिब्बा बंद या पैकेट वाले खाने पर अनिवार्य वार्निंग लेबल लगाने की मांग की थी।

इस मामले की पिछली सुनवाई (13 अगस्त) के दौरान जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने एफएसएसएआई को नियमों में देरी के लिए फटकार लगाई थी और पूछा था कि क्या सरकार नहीं चाहती कि उसके लोग स्वस्थ रहें? इसके बाद एफएसएसएआई ने यह हलफनामा पेश किया है। एफएसएसएआई ने इसे अलग-अलग फेज में लागू करने का प्रस्ताव दिया है, ताकि इंडस्ट्री को अपने प्रोडक्ट्स को सुधारने का मौका मिले। पहले चरण में उन प्रोडक्ट्स पर लाल लेबल लगेगा, जिनमें फैट, शुगर या साल्ट में से कोई भी दो या दो से अधिक चीजें तय सीमा से ज्यादा होंगी। इसमें सभी अधिक मीठी कोल्ड ड्रिंक्स भी शामिल होंगी। दूसरे चरण में यह नियम उन प्रोडक्ट्स पर भी लागू हो जाएगा।

# विदेशी मुद्रा भंडार 729 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 12.422 अरब डॉलर बढ़कर 729.328 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।विदेशी मुद्रा भंडार का पिछला रिकॉर्ड स्तर 728.494 अरब डॉलर था जो 27 फरवरी 2026 को दर्ज किया गया था।विदेशी मुद्रा का भंडार लगातार आठवें सप्ताह बढ़ा है। इस दौरान इसमें 62.39 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है।रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 21 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 9.482 अरब डॉलर बढ़कर 14 महीने के उच्चतम स्तर 591.333 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा यूरो, जापानी येन और ब्रितानी पाउंड भी शामिल हैं।इनके मूल्य का निर्धारण



डॉलर के मुकाबले इनके संदर्भ के आधार पर किया जाता है। आलोच्य सप्ताह में देश का स्वर्ण भंडार 2.801 अरब डॉलर बढ़कर 114.218 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह 05 जून 2026 के बाद का इसका उच्चतम स्तर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 2.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.925 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार 11.2 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 18.852 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# एआई प्लेटफॉर्म की मदद से घर बैठे बना सकेंगे पूरी फिल्म, वरसे ने पेश किया स्पार्कस्टेशन

नयी दिल्ली।

कंटेंट के क्षेत्र में काम करने वाली प्रौद्योगिकी कंपनी वरसे इनोवेशन ने शनिवार को एक ऐसा एआई प्लेटफॉर्म पेश किया जिससे कोई भी व्यक्ति घर बैठे कहानी लिखने से लेकर शूटिंग और एडिटिंग तक पूरी फिल्म तैयार कर सकता है।डेलीहंट और जोश की मूल कंपनी वरसे इनोवेशन हिंदी और अंग्रेजी के साथ कई स्थानीय भाषाओं में कंटेंट मुहैया कराती है।कंपनी के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी उमंग बेदी ने यहां भारत मंडपम में चल रहे फिल्म एक्सपो में स्पार्कस्टेशन की लॉन्चिंग के मौके पर बताया कि इसमें सिर्फ प्रॉम्प्ट देना है और सारा काम एआई प्लेटफॉर्म खुद ही कर देगा।इसमें कंटेंट बनाने के लगभग हर चरण को एक जगह जोड़ा गया है।इसमें आइडिया, स्क्रिप्ट, स्टोरीबोर्ड, कास्टिंग, लोकेशन, कॉस्ट्यूम, अलग-अलग एंगल के



शॉट्स, म्यूजिक, डायलॉग, एडिटिंग, कैप्शन, वीडियो रेंडरिंग, विज्ञापन फॉर्मेट और वितरण तक शामिल हैं।खास बात यह है कि स्पार्कस्टेशन किसी एक एआई मॉडल पर निर्भर नहीं है।अलग-अलग काम के लिए यह उस एआई मॉडल को चुनता है, जो उस काम के लिए सबसे बेहतर हो।उन्होंने बताया कि आज से इसका बीट वर्जन उपलब्ध हो गया है।पूरी दुनिया के लिए वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए यह 01 अक्टूबर से उपलब्ध होगा। इसका एंटरप्राइज एपीआई 01 नवंबर को पेश किया जायेगा।हालांकि पिछले कुछ समय में विज्ञापन बनाने में इसका सफल इस्तेमाल किया गया है।इसकी मदद से फिल्म, लघु फिल्म, वृत्त चित्र या विज्ञापन का निर्माण किया जा सकता है।इसके लिए एक-एक टूल का जितना इस्तेमाल किया जायेगा यूजर को उतना ही भुगतान करना होगा।यूजर चाहे तो कहानी, चित्र, आवाज, चरित्र जैसे अपने इनपुट भी दे सकता है।कंपनी का दावा है कि पारंपरिक तरीके से जिस फिल्म को बनाने में 10-25 लाख रुपये की लागत आती है, वही फिल्म स्पार्कस्टेशन की मदद से 50-75 हजार रुपये में बनाई जा सकती है।यहां 60 सेकंड की ब्रांड फिल्म की लागत 90 प्रतिशत तक कम हो सकती है।इतना ही नहीं, कई सप्ताह में पूरा होने वाला प्रोडक्शन करीब 24 घंटे में पूरा किया जा सकता है।

# चीनी, चावल, दालों में नरमी

### गेहूं महंगा, खाद्य तेलों में घट-बढ़ जारी

**नयी दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में चीनी की कीमतों में शनिवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही।चीनी के साथ चावल और दालों के भाव भी टूट गये जबकि गेहूं में तेजी रही।खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा।मीठे के थोक बाजार में चीनी की औसत कीमत 24 रुपये घटकर 5,911 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गुड़ भी 95 रुपये सस्ता होकर 5,993.73 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।खुदरा बाजार में चीनी की औसत कीमत 26 पैसे घटकर 63.84 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी।औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 37 रुपये टूटकर 4,134 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी।गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,867 रुपये प्रति क्विंटल



बोला गया।आटे का भाव भी 18 रुपये घट गया।दाल-दलहनों में उड़द दाल औसतन 90 रुपये और तुअर दाल 80 रुपये सस्ती हुई।मसूर दाल की कीमत 66 रुपये और मूंग दाल की 48 रुपये उतर गयी।चना दाल में 25 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही।घरेलू बाजार में आज खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया।मूंगफली तेल की औसत कीमत 147 रुपये और सरसों तेल की 46 रुपये टूट गयी।वनस्पति के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही पड़े रहे।पाम ऑयल में 91 रुपये और सोया तेल में 73 रुपये की बढ़त दर्ज की गयी।

# विद्यार्थियों से मिले मुख्यमंत्री डॉ. यादव, निभाई शिक्षक की भूमिका

### मुख्यमंत्री ने छात्राओं के स्कूल को भेंट स्वरूप दिया सांदीपनि विद्यालय बनाने का आश्वासन



भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार 29 अगस्त को बालाघाट जिले के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी का भ्रमण कर विद्यार्थियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपने बीच पाकर 10वीं कक्षा के विद्यार्थी अति उत्साहित नजर आए। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई, रुचियों और भविष्य के लक्ष्य को लेकर बातचीत की। छात्राओं ने रक्षाबंधन पर्व पर जन विश्वास अभियान अंतर्गत हुए विद्यालय भ्रमण में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को राखी बांधी और उपहार स्वरूप स्कूल को सांदीपनि विद्यालय में परिवर्तित करने की इच्छा व्यक्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छात्राओं को निराश नहीं किया और आश्वस्त किया कि उनके विद्यालय को सांदीपनि विद्यालय बनाया जायेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कक्षा 10वीं में रसायन विज्ञान के चल रहे पीरियड में विद्यार्थियों से सवाल किया कि पानी में क्या डालने से आग लग जाती है? बालिका द्वारा सोडियम को पानी में डालने से आग लग जाने संबंधी उत्तर पर मुख्यमंत्री ने सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों से जानना चाहा कि वे भविष्य में क्या बनना चाहते हैं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक बताया कि वे पीएससी की तैयारी कर अधिकारी बनना चाहते हैं।

### गुरु महर्षि सांदीपनि से प्रेरणा लेकर सीएम राइज विद्यालयों का बदला नाम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से कक्षा में एक बालिका ने सवाल किया कि सीएम राइज विद्यालयों का नाम सांदीपनि विद्यालय क्यों रखा गया है? मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालिका के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और उनके मित्र सुदामा के गुरु महर्षि सांदीपनि से प्रेरणा लेकर इन विद्यालयों का नाम सांदीपनि विद्यालय रखा गया है। उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों में बगैर किसी भेदभाव के सांदीपनि गुरु के आश्रम की तरह ही अमीर और गरीब सभी बच्चों को समान एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों के साथ समय व्यतीत कर उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। उन्होंने कहा कि बच्चों के उत्साह, आत्मविश्वास और शिक्षा के प्रति उनकी रुचि देखकर उन्हें बहुत प्रसन्नता हुई। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री तथा बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री उदयप्रताप सिंह एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती धनश्री जैन सहित विद्यालय का स्टॉफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश में 6 से 12 वर्ष उम्र के बच्चों के लिए बनेगा हॉकी का फीडर सेंटर

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर भोपाल में मैत्री हॉकी मैच का आयोजन, प्रदेशभर में हुई विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं एवं फिटनेस गतिविधियां



भोपाल (स्वतंत्र मत)।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं एवं फिटनेस गतिविधियां आयोजित की गई हैं। राजधानी भोपाल स्थित मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में मैत्री हॉकी मैचों का आयोजन किया गया। टीटी नगर स्टेडियम में स्पोर्ट्स साइंस सेमिनार, कराते, बॉलीबाल, वेटलिफ्टिंग, फुटबॉल, जूडो, बॉक्सिंग, कुश्ती सहित पैरेंट्स फन गेम्स हुए। इन आयोजनों में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मंत्री श्री सारंग ने 6 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए हॉकी फीडर सेंटर शुरू करने की घोषणा की। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि इस फीडर सेंटर में कम उम्र से ही बच्चों की खेल प्रतिभा को उचित प्रशिक्षण एवं मंच देकर उनका समुचित विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा। स्पोर्ट्स साइंस सेमिनार में शामिल होकर मंत्री श्री सारंग ने कहा कि स्क्रीन टाइम घटाएं और एक घंटा खेल मैदान में बिताएं, जिससे युवाओं को शारीरिक, मानसिक सहित समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। सेमिनार में पोषण, इंजरी सहित अन्य विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में पहला मैत्री हॉकी मुकाबला एमपी अकादमी और भोपाल वांडर्स के बीच खेला गया। इसमें एमपी अकादमी ने 3-0 से मैच जीता। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मैदान पर शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों में उत्साह पैदा किया। मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों ने तेज आक्रमण, मजबूत डिफेंस और बेहतर तालमेल का प्रदर्शन किया। वहीं महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से महिला वर्ग में रायसेन क्वीन और भोपाल टाइग्रेस के बीच मैत्री हॉकी मैच हुआ। जिसमें भोपाल टाइग्रेस ने शूट आउट में 3-2 से मैच जीती।मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश में वर्तमान में 11 खेल अकादमियों का संचालन किया जा रहा है।

# बेलाताल टापू मंदिर में अखंड हरिनाम संकीर्तन का समापन




दमोह (स्वतंत्र मत)।

बेलाताल टापू मंदिर के संस्थापक गोलोकवासी बिहारी लाल गौतम द्वारा प्रारंभ की गई अखंड हरिनाम संकीर्तन की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए संपूर्ण श्रावण मास में आयोजित अखंड हरिनाम संकीर्तन का शनिवार 29 अगस्त को विधिवत समापन हुआ। समापन अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने भगवान श्री सीताराम के भजन-कीर्तन एवं हरिनाम संकीर्तन में सहभागिता की। धार्मिक वातावरण भक्तिमय बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन के पश्चात दोपहर 12 बजे से नगर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आलोक गोस्वामी ने बताया कि पंडित बिहारी लाल गौतम द्वारा प्रारंभ की गई यह धार्मिक परंपरा श्रद्धा और भक्ति के साथ निरंतर आगे बढ़ाई जा रही है। अंत में सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया।

भंडारे में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने भी दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की। मंदिर समिति अध्यक्ष डॉ. आलोक गोस्वामी, कपिल दुबे, कथावाचक कमलेश्वरानंद महाराज, योगेश गौतम, गिरीश मिश्रा, डब्बू ताम्रकार, राहुल ताम्रकार, राकेश अग्रवाल, ओम तिवारी, ज्ञानचंद यादव, अमित राय, भूपेंद्र शर्मा, वीरेंद्र पाटकर, भोले चौरसिया, भोली वर्मा, मनीष आहूजा, विक्की चावला, अजय रैकवार, प्रकाश विश्वकर्मा सहित श्रद्धालुओं की सहभागिता निभाई।

# सेल्समैन चपरासी की भर्ती में मनमानी

मण्डला/मवई (स्वतंत्रमत)। बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी-पैक्स लैम्प्स ग्राम मेढा विकासखंड मवई में सेल्समैन एवं चपरासी की भर्ती को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर आरोप लगाया जा रहा है कि समिति द्वारा बिना किसी सार्वजनिक वैकेंसी अथवा भर्ती विज्ञापन के ही पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। बताया जा रहा है कि सेल्समैन पद पर मनोज सोनवानी एवं महेश सोनवानी की नियुक्ति की गई है। हालांकि इन नियुक्तियों की वास्तविक प्रक्रिया और वैधता की पुष्टि संबंधित दस्तावेजों एवं विभागीय जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बिना निर्धारित भर्ती प्रक्रिया एवं सार्वजनिक वैकेंसी के नियुक्तियां की गई हैं तो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। भर्ती से संबंधित विज्ञापन आवेदन प्राप्ति चयन प्रक्रिया चयन समिति की कार्यवाही एवं नियुक्ति आदेश सार्वजनिक किए जाने की मांग की जा रही है।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में वाल्मीकि धाम आश्रम में किया छड़ी-पूजन

### सभी को दी भुजरिया पर्व की शुभकामनाएं

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार सुबह उज्जैन स्थित श्री वाल्मीकि धाम सिद्धपीठ (आश्रम) पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्रम में अनंत श्री विभूषित 1008 स्वामी सोहनदास जी की समाधि और प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ दर्शन-पूजन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वाल्मीकि धाम आए श्री जाहरवीर गोगादेव के निशान ध्वज का भी विधि-विधान से छड़ी-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्यसभा सदस्य एवं बालयोगी संत श्री उमेशनाथ जी महाराज से भेंट कर उनका शुभाशीष भी प्राप्त किया। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, संजय अग्रवाल, उज्जैन विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्री मुकेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री वाल्मीकि धाम सिद्धपीठ आश्रम में दर्शन-पूजन के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। वर्तमान समय में यह जरूरी है कि हम साधु-संतों के आशीर्वाद से अपने अतीत के गौरव को पुनः स्थापित करें। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सदस्य महंत श्री उमेश नाथ जी महाराज ने अनेक वर्षों से उज्जैन के वाल्मीकि धाम आश्रम को चैतन्य बनाया है। वाल्मीकि जी के आदर्श और कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बाबा जाहरवीर गोगा महाराज ने अपना सर्वस्व नौछावर कर दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह हम सबके लिए सौभाग्य का विषय है कि बाबा महाकाल की नगरी में बाबा गोगा महाराज के ध्वज चिह्न निकलेंगे। इससे सामाजिक समरसता और एकात्मता का अद्भुत संदेश देशभर में पहुंचेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी प्रदेशवासियों को भुजरिया पर्व, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और गोगा नवमी की भी शुभकामनाएं दीं।

# बांदकपुर की पावन बावड़ी में वैदिक परंपरा के साथ श्रावणी उपाकर्म संपन्न

दमोह (स्वतंत्र मत)।

श्रीदेव जागेश्वरनाथ जी मंदिर बांदकपुर के पवित्र एवं ऐतिहासिक परिसर में स्थित पावन बावड़ी में श्रावणी उपाकर्म का वैदिक एवं धार्मिक आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सनातन वैदिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर जिले भर से पहुंचे ब्राह्मणों एवं वैदिक परंपरा के अनुयायियों ने सहभागिता करते हुए विधिविधान से श्रावणी उपाकर्म संपन्न किया। संपूर्ण कार्यक्रम श्रीदेव जागेश्वरनाथ मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक आचार्य रामकृपाल पाठक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी विप्रजनों एवं श्रद्धालुओं ने वैदिक संस्कृति, संस्कारों एवं सनातन परंपराओं के



संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया। श्रावणी उपाकर्म सनातन वैदिक परंपरा का अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक संस्कार एवं पर्व है। यह पर्व विशेष रूप से वेदाध्ययन, आत्मशुद्धि, ऋषि परंपरा के स्मरण तथा नवीन संकल्प के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है श्रावणी उपाकर्म के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन में ज्ञान, संयम, सदाचार और धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लेता है यह पर्व हमें हमारे महान ऋषियों, मुनियों एवं वैदिक आचार्यों द्वारा स्थापित उस महान ज्ञान परंपरा का स्मरण कराता है जिसने भारतीय संस्कृति को युगों-युगों तक दिशा प्रदान की है। श्रावणी उपाकर्म के अवसर पर वैदिक मंत्रों के माध्यम से आत्मशुद्धि एवं धार्मिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जाता है। कार्यक्रम में संस्कृत विद्यालय के प्रधानाचार्य पंडित कुंजीलाल डिम्हा द्वारा वैदिक मंत्रों का सस्वर एवं शुद्ध उच्चारण करते हुए संपूर्ण धार्मिक कर्म संपन्न कराया गया। मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक आचार्य पंडित रामकृपाल पाठक शास्त्री महाराज के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सनातन धर्म की प्राचीन वैदिक परंपराओं का विधिवत निर्वहन किया गया।

# बालक-बालिका खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

दमोह (स्वतंत्र मत)।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग ग्रामीण युवा केंद्र पथरिया के तत्वाधान में शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर खेल मैदान पर मेजर ध्यानचंद जयंती पर बालक-बालिका खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन एवं वरिष्ठ खिलाड़ी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य बाबूलाल सेन, दिलीप चौधरी खेल शिक्षक कपिल पटेल, प्रीति खटीक, बंदना दुबे, रजनी विश्वकर्मा, धर्मेंद्र साहू, दयाराम पटेल, नितिन मिश्रा, नर्मदा पटेल ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।



उन्होंने बताया कि किस प्रकार हमारे छोटे खिलाड़ी वरिष्ठ खिलाड़ियों का मार्गदर्शन लेकर खेलों को किस प्रकार निखार सकते हैं। अतिथि द्वारा बताया गया कि मेजर ध्यानचंद जो कि हॉकी के जादूगर थे हमारे लिए एक प्रेरणा स्रोत रहे। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में खिलाड़ियों को अतिथि द्वारा खिलाडि़यों को पुरस्कार देकर प्रस्तुत किया गया। संचालन एवं आभार युवा समन्वयक श्रीमती संतोषी पटेल द्वारा किया गया।

# हत्या के प्रयास का आरोपी गब्बर सिंह लोधी गिरफ्तार

**हटा (स्वतंत्र मत)।** थाना हटा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे आरोपी गब्बर सिंह लोधी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को 28 अगस्त को गिरफ्तार करने के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस के अनुसारए 12 जुलाई 2026 को हटा अस्पताल से सूचना प्राप्त हुई थी कि कुआखेड़ा मेहदेला निवासी हनुमत सिंह पिता रतन सिंह लोधी के साथ मारपीट हुई है और उसके शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल दमोह रेफर किया गया। जिला अस्पताल से घायल को जबलपुर रेफर किए जाने की जानकारी मिलने पर पुलिस अधिकारी को तत्काल जबलपुर भेजा गया। जबलपुर में घायल के पुत्र गिरधारी पिता हनुमत सिंह लोधी की रिपोर्ट पर थाना हटा में आरोपी गब्बर सिंह लोधी एवं विक्रम सिंह लोधी, दोनों निवासी कुआखेड़ा मेहदेला के विरुद्ध अपराध क्रमांक 333/2026 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी गब्बर सिंह पिता महाराज सिंह लोधी, उम्र 45 वर्ष निवासी कुआखेड़ा मेहदेला की तलाश की।

# पांच छुटपुट सटोरियों पर कार्रवाई बड़े नाम अब भी बेखौफ

### छोटे खिलाड़ियों पर शिकंजा कसकर अभियान की इतिश्री

**हटा (स्वतंत्र मत)।** नगर में कथित रूप से चल रहे सट्टे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा शुरू किए गए अभियान पर अब सवाल उठने लगे हैं। अभियान के शुरुआती चरण में पुलिस ने पांच छोटे सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुछ सौ रुपये की रकम जब्त की। कार्रवाई के बाद पुलिस की सक्रियता का संदेश जरूर गया लेकिन इसके बावजूद नगर में कथित रूप से सट्टे का कारोबार पूरी तरह थमता नजर नहीं आ रहा है। चार दिन पूर्व जिन सटोरियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए थे, उनके मोबाइल फोन और संपर्कों की जांच किए जाने की चर्चा है। यदि पुलिस इन मोबाइल संपर्कों और लेनदेन से जुड़े पहलुओं की गंभीरता से पड़ताल करती है, तो छोटे सटोरियों के पीछे सक्रिय बड़े नामों और कथित संचालकों तक पहुंचने में मदद मिल सकती है।हालांकि शुरुआती कार्रवाई के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या पुलिस की कार्रवाई केवल छोटे सटोरियों तक सीमित रहेगी या सट्टे के कथित बड़े नेटवर्क तक भी पहुंचेगी। एसडीओपी केपी सिंह पटेल और थाना प्रभारी सुधीर बेंगी द्वारा सट्टे के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने की मंशा जाहिर की जा चुकी है। ऐसे में आगामी कार्रवाई पर नगरवासियों की नजर बनी हुई है। पुलिस कार्रवाई के बाद सट्टा कारोबारियों में पैदा हुआ भय भी फिलहाल स्थायी होता नजर नहीं आ रहा है। नगर में चर्चा है कि छोटे स्तर पर कार्रवाई के बजाय यदि मोबाइल संपर्कोंए पैसों के लेनदेन और सट्टे के नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ा जाए तो कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। सट्टे के अवैध कारोबार से युवाओं के आर्थिक नुकसान और सामाजिक प्रभाव को लेकर भी चिंता बनी हुई है।

# कजलियां पर्व पर बदली आस्था की राह

### गंदगी के कारण चंडी जी तालाब से मुंह मोड़ रहे श्रद्धालु

### जहां कभी लगता था मेला आज गंदगी-बदबू और अतिक्रमण का साया

हटा (स्वतंत्र मत)।

बुंदेलखंड की काशी हटा में रक्षाबंधन के दूसरे दिन मनाया जाने वाला कजलियां पर्व इस बार भी आस्था, परंपरा और भाईचारे के रंग में नजर आया, लेकिन इसी पर्व ने नगर के एक महत्वपूर्ण जलस्रोत की बदहाली की तस्वीर भी सामने ला दी। कभी चंडी जी मंदिर के बाजू में बने तालाब पर कजलियां खोंटने के लिए उमड़ने वाली भीड़ अब धीरे-धीरे नदी के घाटों की ओर खिसक रही है। वजह है। तालाब में पसरी गंदगी, बदबू और अतिक्रमण। कजलियां बुंदेलखंड की समृद्ध लोक परंपरा का हिस्सा हैं। महिलाएं अपने घरों



में तैयार की गई कजलियों को टोकनी में सजाकर तालाब या नदी के घाट पर ले जाती हैं। यहां कजलियां खोंटने की परंपरा निभाई जाती है। इसके बाद लोग एक-दूसरे को कजलियां देकर पिछले दिनों में हुई भूल-चूक के लिए माफी मांगते हैं और आपसी प्रेम, भाईचारे व सद्भाव का संदेश देते हैं।


### तालाब की गंदगी ने बदल दिया वर्षों पुराना रिवाज

पूर्व में चंडी जी मंदिर परिसर के समीप बने तालाब पर कजलियां खोंटने के लिए महिलाओं और पुरुषों की बड़ी भीड़ जुटती थी। कजलियां माता को अर्पित करने के बाद लोग एक-दूसरे को कजलियां देते थे लेकिन समय के साथ तालाब की साफ सफाई की व्यवस्था बिगड़ती गई। गंदगी और अतिक्रमण बढ़ने के कारण अब श्रद्धालुओं का यहां पहुंचना कम होता जा रहा है। इस बार भी कुछ श्रद्धालु परंपरा निभाने तालाब तक पहुंचे लेकिन गंदगी और बदबू देखकर उन्होंने दूसरे जलस्रोतों का रुख कर लिया। बड़ी संख्या में महिलाएं और परिवार नदी के घाटों पर कजलियां खोंटने पहुंचे।

तालाब पर मौजूद बुजुर्ग रमेश तंतवाय ने बताया कि वे कई वर्षों से इसी तालाब पर कजलियां खोंटने आते हैं। उनका कहना है कि तालाब में गंदगी और बदबू से परेशानी होती है लेकिन मान्यता और परंपरा के चलते वे यहां आते हैं। वहीं राजा बाल्मीकि ने बताया कि तालाब की स्थिति ठीक नहीं होने के कारण लोग अब कजलियां लेकर दूसरी जगह जाने लगे हैं। स्थानीय निवासी रोशन पटेल बताते हैं कि करीब दस वर्ष पहले तक रक्षाबंधन के दूसरे दिन चंडी जी मंदिर परिसर में कजलियां पर्व पर बड़ा मेला लगता था। आसपास के गांवों और क्षेत्रों से लोग पहुंचते थे। मंदिर परिसर में दिनभर चहल-पहल रहती थी।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **KALLU GHOSI** I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **KALLU GHOSHI** S/O BABU GHOSI RESIDENT OF -H NO. 1172, MOD-IBADA, A P N SCHOOL KE PICHHE, SADAR, CANTT, JABALPUR (M. P.) 482001.



▶▶ शहपुरा थाने का मामला, जांच शुरू

## पिस्टल और कारतूस के साथ पकड़ा गया बदमाश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहपुरा थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम नटवारा में एक युवक अवैध हथियार बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश देते हुए युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर अपना नाम प्रशांत झारिया उम्र 19 वर्ष निवासी गाम नटवारा बताया। तलाशी लेने पर कमर में एक देशी पिस्टल खोंसे तथा पहने हुआ और जींस पेंट के छोटे जेब में 1 कारतूस रखे मिला। आरोपी के कब्जे देशी पिस्टल व कारतूस जब्त करते हुये आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है।

▶▶ पाटन थाना क्षेत्र का मामला, आरोपी की तलाश

## पहले भुट्टा लेने की बात पर किया हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पाटन थाने में सुरेश चाड़ार उम्र 59 वर्ष निवासी ग्राम रोझा पाटन ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह मेन रोड किनारे विशाल बर्मन की दुकान मक्का भुट्टा लेने मेन रोड़ पर गया था। विशाल बर्मन उसके 2 भुट्टे आग में सेंक रहा था तभी गांव का अरूण सेन आकर विशाल से भुट्टा मांगने लगा तो विशाल ने कहा कि 2 भुट्टे सुरेश चड़ार के सेंक रहा है। इसी बात पर अरूण सेन बोला कि पहले मैं भुट्टा लूंगा तथा जातिगत रूप से अपमानित करने लगा। उसने गालियां देने से मना किया तो हाथ मुक्कों से मारपीट करते हुये वायें कान में दांत से काटकर चोट पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।





# पात्र अभ्यर्थियों को 3 महीने के अंदर दी जाए नौकरी : मप्र हाईकोर्ट

### रादुविवि की 3 और 4 श्रेणी कर्मचारी भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने के फैसले को ठहराया अवैध

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र हाईकोर्ट ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) द्वारा वर्ष 2014 में आयोजित 3 और 4 श्रेणी कर्मचारी भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने के फैसले को अवैध ठहराया है। न्यायमूर्ति दीपक खोत की एकल पीठ ने याचिकाकर्ताओं शैलेंद्र कुमार मिश्रा आनंद परोची राजकुमार शर्मा मयूर परोहा और चंद्रशेखर रैदास के पक्ष में फैसला सुनाते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को 3 महीने के भीतर मेरिट सूची के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी करने का आदेश दिया है। इस मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता शशांक शेखर आदि ने पैरवी की। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि बिना किसी ठोस कारण के पूरी चयन प्रक्रिया को निरस्त करना अनुचित है।



#### रद्द किया विश्वविद्यालय का पुराना आदेश

दरअसल रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने 27 जून और 18 सितंबर 2014 को कर्मचारियों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसके बाद लिखित परीक्षा हुई और परिणाम घोषित होने पर कई योग्य अभ्यर्थी चयनित हो गए। सब कुछ सही चलने के बावजूद 24 अगस्त 2016 को विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद ने अचानक पूरी चयन प्रक्रिया ही रद्द कर दी। प्रशासन ने तर्क दिया था कि भर्ती में गड़बड़ी और पक्षपात की शिकायतें ईओडब्ल्यू और लोकायुक्त को प्राप्त हुई थीं। इसलिए पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया। इसके खिलाफ पीड़ित अभ्यर्थियों ने मप्र हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और डब्ल्यूपी 15786/2016 दायर कर न्याय की गुहार लगाई थी। यह मामला कई वर्षों से न्यायालय में विचाराधीन था।

#### नहीं प्रस्तुत किए कोई पुख्ता सबूत

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पाया कि केवल शिकायतों के आधार पर या ईओडब्ल्यू से जानकारी मांगने मात्र से यह साबित नहीं होता कि पूरी चयन प्रक्रिया दूषित थी। विश्वविद्यालय के रिकॉर्ड में ऐसा कोई प्रामाणिक सबूत या पुख्ता कारण हाईकोर्ट के सामने पेश नहीं किया जा सका जिससे सामूहिक रूप से भर्ती रद्द करने का फैसला सही साबित हो सके। सुप्रीम कोर्ट की नजीरों का हवाला देते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि चयन सूची में नाम आने से किसी को नियुक्ति का अंतिम अधिकार नहीं मिल जाता। इसके बावजूद सरकार या यूनिवर्सिटी बिना स्पष्ट कारण के मनमाने ढंग से पूरी प्रक्रिया निरस्त नहीं कर सकती। यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है।

#### युवाओं को मिली बड़ी राहत

मप्र हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद द्वारा 2016 में पारित विवादित प्रस्ताव को अमान्य कर दिया है। इसके साथ ही पूर्व में तैयार चयन सूची पर कानून के अनुसार पुनर्विचार करने को कहा है। आदेश के अनुसार यदि कोई नई विधिक अड़चन न हो तो पात्र अभ्यर्थियों को 3 महीने के भीतर नौकरी दी जाए। यदि किसी चयनित उम्मीदवार को नियुक्ति देने में कानूनी बाधा आती है तो सक्षम प्राधिकारी को आदेश की सर्टिफाइड कॉपी मिलने के 3 महीने के भीतर कारण बताते हुए स्पीकिंग ऑर्डर पारित करना होगा। इस फैसले से लंबी कानूनी लड़ाई लड़ रहे युवाओं को बहुत बड़ी राहत मिली है।

# सतना-मानिकपुर के बीच ट्रैक पर भरा पानी, कई ट्रेनें हुई प्रभावित

### जबलपुर रेल मंडल हुआ अलर्ट

### लगातार रखी जा रही निगरानी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

लगातार हो रही तेज बारिश के चलते जनजीवन के साथ अब रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है। जबलपुर रेल मंडल के सतना-मानिकपुर रेलखंड में भारी बारिश के चलते चितहरा रेलवे स्टेशन के पास रेल ट्रैक पर कई फीट पानी भर गया। पानी कई किलोमीटर तक ट्रैक पर जमा होने से दोनों दिशाओं में रेल यातायात प्रभावित हुआ। बारिश की स्थिति को देखते हुए रेलवे ने कुछ समय के लिए अप-डाउन दोनों दिशाओं में ट्रेनों का संचालन रोक दिया। स्थिति में सुधार के बाद पानी भरे ट्रैक पर आगे-आगे रेल कर्मचारी चलते रहे और उनकी निगरानी में ट्रेनों को धीमी गति से निकाला गया।



**दर्जनों ट्रेने हुई प्रभावित** - बताया जा रहा है कि भारी बारिश के कारण सतना-मानिकपुर के बीच 24 यात्री ट्रेन और 20 मालगाड़ियां प्रभावित हुईं। कुछ समय के लिए रेल यातायात बाधित रहा। बाद में रेलवे ने यातायात बहाल कर दिया, हालांकि ट्रेनों को कॉशन के साथ चलाया गया। रेलवे ट्रैक पर पानी भरने का वीडियो भी सामने आया है। इसमें रेल कर्मचारी पानी में उतरकर ट्रैक का निरीक्षण करते नजर आ रहे हैं। प्वाइंटमैन और अन्य कर्मचारी मौके पर तैनात रहे और रेल संचालन को सुरक्षित रखने के प्रयास करते रहे। रेलवे के इंजीनियरिंग और सिग्नल विभाग का स्टाफ मौके पर मौजूद है। भारी बारिश से ट्रैक को हुए संभावित नुकसान का आकलन भी किया जा रहा है। रेलवे अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि भारी बारिश के कारण चितहरा रेलवे स्टेशन पर ट्रैक पर पानी भर गया था। इससे कई यात्री और मालगाड़ियां प्रभावित हुईं। रेल यातायात कुछ समय प्रभावित रहा, जिसे बाद में बहाल कर दिया गया।

# जीसीएफ कर्मचारियों को रक्षाबंधन पर मिली मिठाई में निकले कीड़े और कॉकरोच

### कर्मचारियों में जमकर आक्रोश

### यूनियन में छिड़ा घमासान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

गन कैरिज फैक्ट्री (जीसीएफ) में हर साल रक्षाबंधन के मौके पर दी जाने वाली मिठाई में इस बार कीड़े-कॉकरोच दिखने से श्रमिक संघ व कर्मियों में खासा आक्रोश देखने को मिला । बताय जा रहा है कि कैंटीन स्टाफ यह मिठाई बटांता है और मामूली राशि कर्मचारियों से ली जाती है। यह कैंटीन फिलहाल आउटसोर्स कर्मी चला रहे हैं और इसकी निगरानी फैक्ट्री के सभी यूनियन करती है। इस बार भी कैंटीन स्टाफ ने मिठाई के रूप में गुलाब जामुन बांटा गया है। इस बार मिठाई में कीड़े-काकरोच मिलने का आरोप श्रमिक संघ मिले हाथ ने लगाया है। सत्तारूढ कार्यसमिति में प्रमुख मजदूर संघ हथौड़ा ने इसे निराधार बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने



कहा कि जब कोई शिकायत ही नहीं आई तो कुछ कहना ठीक नहीं होगा। मजदूर संघ हथौड़ा ने इस मामले को झूठा आरोप बताते हुए कहा कि यह कार्यसमिति को बदनाम करने की संबंधित यूनियन की चाल हो सकती है। इस मामले में फैक्ट्री में न कोई चर्चा है और न ही कोई ऐसा मामला प्रकाश में आया है।

#### कैंटीन की व्यवस्था पर सवाल

इधर कर्मचारियों का कहना है कि इंडस्ट्रियल कैंटीन में भोजन की गुणवत्ता एवं अन्य अनियमित्ताओं को लेकर लगातार शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन अब स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि त्योहार पर वितरित मिठाई भी सवालों के घेरे में आ गई है। इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि कर्मचारियों के स्वास्थ्य और भोजन से जुड़े इस गंभीर मामले पर कार्यसमिति की ओर से अब तक कोई स्पष्ट जवाब या ठोस कार्यवाही सामने नहीं आई है।

**- मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच कराई जाए।**

# सड़क पर अनियंत्रित होकर पलटा सेब की पेटियों से भरा ट्रक

### पाटन क्षेत्र का मामला, चालक को बचाने की जगह लूटने की मची होड़

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

दमोह से जबलपुर की तरफ आ रहा एक सेब से भरा ट्रक पाटन के आगे शनि मंदिर के पास अचानक सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद ट्रक में लदे सेब के पेटियां सड़क पर बिखर गईं। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। मौके पर जुटे लोगों ने ट्रक में फंसे



चालक की मदद करने के बजाय सड़क पर बिखरे सेब उठाना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक किसी व्यापारी की सेब की पेटियां लेकर जबलपुर आ रहा था। पाटन के पास पहुंचते ही ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। चालक ट्रक में फंस गया और मदद के लिए आवाज लगाता रहा। काफी मशक्कत के बाद वह खुद बाहर निकलने में सफल हुआ और पाटन थाना पुलिस को सूचना दी। चालक के मुताबिक, तेज बारिश के कारण सड़क पर फिसलन थी, जिसके चलते ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। हालांकि, ट्रक पलटने के बाद सड़क पर बिखरे सेब देखकर आसपास के लोग बड़ी संख्या में जुट गए और उन्हें उठाकर ले जाने लगे। लोगों में सेब ले जाने की होड़ मच गई और जिसने जितने सेब हाथ लगे, लेकर वहां से निकल गया।

इधर सूचना मिलने पर पाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सेब उठाकर ले जा रहे लोगों को वहां से हटाया। इसके बाद दूसरे ट्रक की मदद से सड़क पर बिखरी सेब की पेटियों को लादकर जबलपुर के व्यापारी के यहां भेजा गया। हादसे के कारण कुछ देर तक यातायात भी प्रभावित रहा।

# युवा कांग्रेस में राहुल बघेल बने अहमदाबाद प्रभारी



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा प्री-राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अंतर्गत संचालित बेहतर शहर कैम्पेनिंग के तहत राहुल बघेल को अहमदाबाद शहर/क्षेत्र का प्रभारी (पीएनओबी) नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब एवं राष्ट्रीय महासचिव एवं बेहतर शहरी अभियान की प्रभारी खुशबू शर्मा द्वारा दी गई है। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार राहुल बघेल को अहमदाबाद में वार्ड स्तर पर जनसंवाद, शहरी एवं श्रमिक समुदायों से संपर्क, स्थानीय नागरिक समस्याओं की पहचान, सोशल ऑडिट तथा संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। राहुल बघेल की इस नियुक्ति पर युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बधाइयां प्रेषित की है।

# बंद हुए बरगी बांध के सभी गेट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध में पानी की आवक कम होने के चलते शनिवार की शाम 4.30 बजे इसके सभी गेट बंद कर दिए गए हैं। जानकारी के मुताबिबक बरगी बांध का जलस्तर शनिवार की शाम 4 बजे 421.15 मीटर दर्ज किया गया था।

उस समय बांध में 582 क्यूमेक वर्षा जल प्रवेश कर रहा था। बरगी बांध का पूर्ण जल भराव स्तर 422.76 मीटर है। बांध के ऑपरेशनल मेंन्युल के मुताबिक 31अगस्त तक इसका जल स्तर



422.50 मीटर तक रखा जा सकता है। इधर बरगी बांध के जलद्वारों से पानी की निकासी घटने के साथ नर्मदा का जलस्तर भी तेजी से नीचे उतरने लगा है। बांध के सभी गेट बंद कर दिए गए हैं। जलस्तर घटने का असर गौरीघाट में साफ दिखाई दे रहा है।

मंदिर और घाट का बड़ा हिस्सा नजर आने लगा पानी कम होने से नर्मदा मंदिर और घाट का बड़ा हिस्सा फिर नजर आने लगा है। हालांकि जलस्तर घटने के साथ घाटों पर जमा कीचड़ और गंदगी ने श्रद्धालुओं की परेशानी बढ़ा दी है। नगर निगम की ओर से घाटों की सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# पेट्रोल पंप पहुंचकर कलेक्टर ने जांची गुणवत्ता, संजीवनी क्लीनिक पहुंचने पर मिली कई खामियां

### मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर, निगमायुक्त की ताबड़तोड़ दबिश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शनिवार को कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार एवं एएसपी अधीक्षक डॉ. आयुष जाखड़ के साथ केंट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रांझी क्षेत्र में विभिन्न शासकीय संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन, तहसील कार्यालय रांझी, पनेहरा पेट्रोल पंप, विद्युत सेवा केंद्र एवं संजीवनी क्लीनिक का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने रांझी स्थित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन के निरीक्षण के दौरान यहां रोजाना आने वाले कचरे की जानकारी लेते हुए गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग रखने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने तहसील कार्यालय रांझी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, नक्शा बटांकन, खसरा सुधार और शासकीय भूमि से



जुड़े अतिक्रमण के प्रकरणों पर प्रमुखता से चर्चा की।

#### जांची शुद्धता, तीन नोजल किए सील

रांझी के पनेहरा स्थित पेट्रोल पंप का निरीक्षण भी किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने पेट्रोल डीजल की डिस्पेंसिंग मशीनों की जांच की। उन्होंने मशीनों के कट.ऑफ सिस्टमए शून्य रीसेट प्रक्रिया और डिलीवरी दर का मौके पर ही सत्यापन कराया। उन्होंने अपने सामने 5 लीटर के मानक मापक जार में ईंधन भरवाकर मशीन की रीडिंग और



डिलीवर हुई मात्रा की नाप तौल भी कराई। साथ ही पेट्रोल डीजल की शुद्धता की जांच भी कराई। इस दौरान इस पेट्रोल पंप के तीन नोजलों से पेट्रोल प्रदाय की मात्रा कम पाये जाने पर तीनों को तत्काल सील करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिये।

#### डॉमिनोज फूड सेंटर को नोटिस जारी करने के निर्देश

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने पनेहरा पेट्रोल पम्पे के निरीक्षण के दौरान यहां खुले डॉमिनोज फूड सेंटर की भी जांच की तथा मौके पर एफएसएसआई का लायसेंस एवं अन्यप अनुमति संबंधी दस्तादवेज प्रस्तुात नहीं किये जाने पर खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने और संस्थाुन के संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश मौजूद अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह ने मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के विद्युत सेवा केंद्र रांझी का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने उपभोक्ताओं को मिलने वाली बिजली संबंधी सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बिजली आपूर्ति की समस्या से संबंधित आने वाली शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

#### संजीवनी क्लीनिक के रजिस्टरों में मिली गड़बड़ी

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार एवं एएसपी डॉ आयुष जाखड़ के साथ गणेशगंज रांझी स्थित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। श्री सिंह ने क्लीनिक के दैनिक कामकाज और मरीजों के रिकॉर्ड से संबंधित रजिस्टरों की जांच की। उन्होंने एएनसी पंजीयन की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक में कई अनियमितताएं सामने आईं। कलेक्टर श्री सिंह ने पाया कि रजिस्टर में बीच का रिकॉर्ड गायब था। इसके अलावा प्रविष्टियों के क्रमांक में भी गड़बड़ी मिली। कलेक्टर ने रजिस्टर में दर्ज मरीजों के नाम, नंबर एवं दी गई दवाइयों की भी जानकारी ली। साथ ही मरीजों के नंबर पर फोन लगवाकर उन्हें मिले स्वास्थ्य लाभ की भी जानकारी ली। कई मरीजों ने संजीवनी क्लीनिक में सही इलाज नहीं मिलने की जानकारी दी।

## जमीनी विवाद पर पत्नी से मारपीट, दबाया गला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बरेला थाने में मोनिका धनगर उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम बिलहरी ने रिपोर्ट दर्ज कर बताय कि उसकी शादी ग्राम पौडा जिला दमोह निवासी सरमन धनगर के साथ रीति रिवाज से हुयी थी। उसकी मॉ यशोदा बाई के नाम से ग्राम बिलहरी में मकान है। जिसे चारों बहने बेचने के लिये 19 लाख रूपये में बरेला के आदमी के साथ एग्रीमेंट किये थे। उसका पति सरमन समझा कि ग्राम पौड़ा की ससुर की जमीन बेच रहे हैं। इसी बात को लेकर एक माह पूर्व से पति सरमन धनगर उसके मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। विगत दिवस वह सो रही थी तभी पति उठा और बोला कि तुम मेरी जमीन बेच रही हो। उसने कहा कि तुम्हारी जमीन नहीं बेच रही है । इसी बात को लेकर पति उसका गला दबाया। उसने चिल्लायी तो उसका बच्चा उठ गया एवं रोने लगा, पति सरमन धनगर उसके स्त्रीधन (जेवर) सोने की झुमकी, मंगलसूत्र, पेंडल, चांदी की पायल चला गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**